प्रयागराज, सोमवार, 5 दिसम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, शुक्ल पक्ष 12, वर्ष 11, अंक 226, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर- उत्तर हो या दक्षिण, हम सब हैं एक समान- निर्मला सीतारमण



अंदर- कुलदीप एकदिवसीय पदार्पण करने वाले 250वें भारतीय खिलाड़ी बने

# उप्र विस का शीतकालीन सत्र आज से

## शीतकालीन सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने की सर्वदलीय बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा जिसमें राज्य सरकार 2022-23 का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। यह वर्ष का तीसरा सत्र है और इसमें तीन बैठकें होने की संभावना है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की उपस्थिति में सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए समाजवादी पार्टी के विधायक मनोज पांडेय ने बताया कि तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने की उनकी पार्टी की मांग को स्वीकार कर लिया गया है।

पांडेय ने कहा कि सदन की शुरूआत के पहले दिन सोमवार को प्रश्नकाल नहीं होगा और यादव के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाएगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने गत दिनों सभी विधानसभा सदस्यों को भेजे गये पत्र में अधिसूचित किया था कि उप्र विधानसभा का सत्र पांच दिसंबर से सात दिसंबर तक के लिए प्रस्तावित है और राज्य सरकार ने शीतकालीन सत्र में 2022-2023 के लिए अपना पहला पूरक बजट पेश करने का प्रस्ताव रखा है। राज्य सरकार कुछ विधायी कार्य कर सकती है और राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र के बाद प्रख्यापित अध्यादेशों को भी पेश कर सकती है।

**विधान मंडल सत्र**

**नेता सदन व नेता प्रतिपक्ष दोनों रहे अनुपस्थित**

**सदन के पहले दिन सोमवार को प्रश्नकाल नहीं होगा**



उधर, उत्तर प्रदेश विधानसभा में 5 दिसंबर से शुरू होने जा रही शीतकालीन सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को सर्वदलीय बैठक की। जिसमें यूपी के सभी प्रमुख दलों के नेता उपस्थित रहे। जहां सभी ने विधानसभा अध्यक्ष से अपनी अपनी मांगों को रखा। विधानसभा अध्यक्ष की बैठक में नेता सदन व नेता प्रतिपक्ष दोनों गैर मौजूद रहें। उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 दिसंबर से शुरू होने जा रहे है। विधानसभा सत्र के दौरान यूपी की योगी सरकार अनुपूरक बजट पेश करेगी। सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है। जिसमें वह सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक कर उनसे विचार विमर्श करते है। विधानसभा अध्यक्ष के बैठक में सरकार के तरफ से संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना प्रमुख विपक्षी दल सपा की तरफ से मनोज पांडे, बहुजन समाज पार्टी से उमाशंकर सिंह, कांग्रेस से आराधना मिश्रा मोना, जनसत्ता दल से रघुराज प्रताप सिंह, सुभासपा से ओमप्रकाश राजभर, निषाद पार्टी से विधायक अनिल त्रिपाठी बैठक में मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा बुलाई गई बैठक में सीएम योगी गोरखपुर दौरे पर होने के कारण नहीं पहुच पाए तो वहीं मैनपुरी में 5 दिसंबर को होने वाले उपचुनाव में व्यस्त होने के कारण नहीं पहुंच पाए। नेता सदन के प्रतिनिधी के तौर पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना तो नेता प्रतिपक्ष के प्रतिनिधी के रुप में सपा सचेतक दल के नेता मनोज पांडे मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा आहुत सर्वदलीय बैठक में सपा दल के मुख्य सचेतक डॉ मनोज पांडे ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से अपनी मांग रखते हुए कहा कि देश के बड़े समाजवादी नेता व उत्तर प्रदेश का पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते मुलायम सिंह यादव को सत्र के पहले दिन श्रद्धांजलि देने के बाद विधानसभा में कोई कार्य ना हो। विधानसभा को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया जाए।

## मुस्लिम महिलाओं को टिकट देना इस्लाम से बगावत

**अहमदाबाद।** जामा मस्जिद के शाही इमाम ने उन सियासी दलों पर हमला बोला है जो मुस्लिम महिलाओं को चुनाव में टिकट देते हैं। उनका कहना है कि क्या हमारे मजहब में पुरुषों की कमी हो गई है। शाही इमाम शब्बीर अहमद सिद्दीकी गुजरात के अहमदाबाद में मीडिया से रूबरू थे। गुजरात में इन दिनों सियासी सरगर्मियां बढ़ी हुई हैं। कल यानी पांच दिसंबर को राज्य में दूसरे चरण का मतदान होगा। दूसरे चरण में 14 जिलों की 93 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। वहीं, मतदान से पहले अहमदाबाद में जामा मस्जिद के शाही इमाम शब्बीर अहमद सिद्दीकी ने अपने बयान से विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों द्वारा मुस्लिम महिलाओं को टिकट देने को इस्लाम के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि इससे उनका धर्म कमजोर हो रहा है।


गुजरात विधानसभा चुनावों के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, अहमदाबाद में स्थित जामा मस्जिद के शाही इमाम ने मुस्लिम महिलाओं की राजनीति में सहभागिता को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को चुनावी टिकट देने वाले इस्लाम के खिलाफ हैं। इससे वे धर्म को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।



**बिगड़े बोल**

**जामा मस्जिद के शाही इमाम का विवादित बयान**



उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत-नेपाल सीमा पर हुई पत्थरबाजी

# भारत-नेपाल बॉर्डर पर तनाव

## भारतीय मजदूरों पर नेपाल की तरफ से की गई पत्थरबाजी

**देहरादून।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत-नेपाल सीमा पर रविवार (4 दिसंबर) को तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। रविवार की शाम नेपाल की तरफ से भारतीय कामगारों पर पत्थर फेंके गए. इससे निर्माण कर्मियों में अफरातफरी मच गई। पत्थरबाजी की यह घटना धारचूला इलाके में हुई है। यहां काली नदी पर तटबंध का निर्माण चल रहा है। कुछ नेपाली नागरिक इस निर्माण का विरोध कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान नेपाली सुरक्षाकर्मी मूक दर्शक बने रहे।

तटबंध निर्माण के दौरान नेपाल की ओर से अब तक कई बार पत्थरबाजी की जा चुकी है। दरअसल, धारचूला नेपाल और चीन के बीच का सीमावर्ती इलाका है। नेपाल की सीमा धारचूला से शुरू होती है। धारचूला में काली नदी के एक किनारे पर भारत है और नेपाल दूसरी तरफ है। काली नदी के आसपास सैकड़ों गांव हैं। इन गांवों में यातायात के लिए कई सस्पेंशन ब्रिज बनाए गए हैं। एसएसबी को भारत-नेपाल सीमा पर तैनात किया गया है।

**अफरातफरी**

**तटबंध का कर रहे विरोध पहले भी हुआ था विवाद**

भारत अपने एरिया में तटबंध का निर्माण कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद नेपाल की ओर से लगातार विरोध जताते हुए कुछ असामाजिक तत्व पथराव कर रहे हैं। इसको लेकर भारत के क्षेत्र में भी नाराजगी है। नेपाल के लोगों का कहना है कि भारत की ओर तटबंध बनने से उनकी ओर काली नदी से कटाव हो जाएगा। रविवार को जब मजदूर निर्माण के कार्य में लगे थे तो नेपाल की ओर से पथराव हुआ। भारत और नेपाल के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों में 2020 में उस वक्त खटास आ गई थी जब नेपाल ने एक नया नक्शा जारी किया था। इस नक्शे पर नेपाल ने अपने क्षेत्र में कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख के इलाकों को दिखाया। जिसे भारत उत्तराखंड राज्य का हिस्सा मानता है। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 मई 2020 को एक विशेष कार्यक्रम में उत्तराखंड के धारचूला से चीन सीमा पर लिपुलेख तक सड़क संपर्क का उद्घाटन किया था। इसका विरोध करते हुए नेपाल ने एक बार फिर लिपुलेख पर अपना दावा ठोक दिया था। दोनों देशों के बीच कई दिनों तक तनाव रहा था।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड के सभी आरोपियों का होगा नार्को टेस्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के चर्चित अंकिता भंडारी मर्डर केस में पीड़ित परिवार ने कुछ दिनों पहले आरोपियों के नार्को टेस्ट की मांग की थी। कोर्ट में इस मांग को लेकर आवेदन दिया गया है। मंजूरी मिलते ही टेस्ट कराया जाएगा। नार्को टेस्ट किए जाने के बाद हत्याकांड की चार्ज शीट कोर्ट में पेश की जाएगी। सबूतों को पुख्ता करने और दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए नार्को टेस्ट कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। अंकिता भंडारी के पिता वीरेंद्र भंडारी का कहना था कि बेटी की हत्याकांड की सीबीआई जांच होनी चाहिए और तीनों आरोपियों का नार्को टेस्ट किया जाना चाहिए। वीरेंद्र भंडारी ने धरना देते हुए यह मांग की थी। साथ ही वीरेंद्र भंडारी ने कहा था, "मुख्यमंत्री जिस दिन मुझे मिले, मैंने उनसे कहा था कि जो अपराधी हैं, उनको फांसी की सजा दी जाए, लेकिन मुझे ऐसा कुछ नहीं लग रहा है।

## पूर्व विधायक विजय मिश्र की बहू का लखनऊ में 11 करोड़ का फ्लैट कुर्क

**लखनऊ।** सपा व निषाद पार्टी के पूर्व विधायक विजय मिश्र व उनकी करीबियों पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। रविवार को जिले की पुलिस ने लखनऊ कमिश्नरेट और जिला प्रशासन के सहयोग से पूर्व विधायक की बहू रूपा मिश्रा के नाम से खरीदे गए 11.55 करोड़ के फ्लैट को कुर्क कर दी। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में स्थित फ्लैट को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बीते एक दिसंबर को कुर्क करने का आदेश दिया था। आरोप है कि पूर्व विधायक ने यह फ्लैट आपराधिक कृत्य से अर्जित धन से रजिस्ट्री कराई थी।

केन्द्रीय कारागार आगरा के जेल में बंद पूर्व विधायक पर जिला प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। रविवार को पुलिस ने लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी के विला नंबर 39 में स्थित फ्लैट को कुर्क कर दिया। यह फ्लैट पूर्व विधायक ने अपने बेटे विष्णु मिश्रा की पत्नी रूपा मिश्रा के नाम से रजिस्ट्री कराई थी। बीते एक दिसंबर को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने धारा-14(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम के तहत इस फ्लैट को कुर्क करने का आदेश दिया था। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में रविवार को जनपद की पुलिस ने लखनऊ जिला प्रशासन व कमिश्नरेट के सहयोग से कुर्क कर दिया गया है। फ्लैट की अनुमानित कीमत 11.55 करोड़ है।

# गोदाम से 5 हजार बोरी डीएपी गायब



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में सरकारी गोदाम से पांच हजार बोरी डीएपी खाद गायब हो जाने का मामला सामने में आया है। इस मामले में सहायक भंडार नायक सहित दो अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएफ) के जिला प्रबंधक मानिक सिंह ने रविवार को बताया कि कुछ शिकायतें मिलने के बाद गोदाम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गोदाम में सामान्य डीएपी खाद की 2624 बोरी, सिंगल सुपर फास्फेट की 400 बोरी, प्री पोजिशनिंग उर्वरक की 1638 बोरी और प्री पोजिशनिंग खाद की 353 बोरी समेत कुल 5015 बोरी खाद गायब मिली। इस उर्वरक की कुल मूल कीमत करीब 61 लाख रुपये है।

उन्होंने बताया कि उर्वरकों की इस हेराफेरी की जानकारी जिलाधिकारी सहित विभाग के उच्चाधिकारियों को दी गई। इस मामले में कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा सहायक भंडार नायक वीरेंद्र प्रसाद कठेरिया और सहायक गोदाम प्रभारी मनोज कुमार वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इन पर सरकारी धन का के गबन और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद दोनों आरोपी लापता हो गए हैं और उनकी तलाश की जा रही है।

**भला ये कैसे**

**यूपीपीसीएफ जिला प्रबंधन ने दी जानकारी, शिकायत पर हुई जांच**

**सहायक भंडार नायक सहित दो अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज**

## मां हीराबेन से मिलने पहुंचे पीएम मोदी



**अहमदाबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी अपनी मां हीराबेन मोदी से मिलने गांधीनगर में उनके आवास पहुंचे। प्रधानमंत्री कल यानी पांच दिसंबर को गुजरात चुनाव के दूसरे चरण में वोट भी डालेंगे। प्रधानमंत्री अहमदाबाद के साबरमती विधानसभा क्षेत्र के वोटर हैं। इससे पहले पीएम मोदी इसी साल 27 अगस्त को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर अचानक मां हीराबेन से मिलने पहुंचे थे। साबरमती नदी पर अटल पुल के उद्घाटन और खादी उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पीएम मोदी गांधीनगर के रायसन इलाके में स्थित अपनी मां के आवास पर पहुंचे थे।

# मैनपुरी-रामपुर व खतौली में वोटिंग आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी लोकसभा सीट, रामपुर व खतौली विधानसभा सीट 5 दिसंबर को यानी कि कल सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। 8 दिसंबर को चुनाव परिणाम आएंगे। तीनों सीटों पर पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्रों के लिए रवाना कर दी गई हैं। मैनपुरी और रामपुर में भाजपा और सपा के बीच सीधी टक्कर है। खतौली में भाजपा की लड़ाई सपा की सहयोगी पार्टी रलोद से है।

मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं सांसद मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हो रहा है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा और भाजपा की टक्कर है। इस सीट पर मुलायम सिंह यादव की बहू डिंपल यादव और भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य के बीच मुकाबला होगा। वहीं रामपुर में विधानसभा का उपचुनाव हो रहा है। यह सीट आजम खान को भड़काऊ भाषण मामले में सजा के बाद खाली हुई है। वहीं मुजफ्फरनगर दंगों से जुड़े एक मामले में सजा मिलने से खतौली से बीजेपी विधायक विक्रम सिंह की सदस्यता खत्म हुई है। तीनों ही सीटों पर वोटों की गिनती 8 दिसंबर को की जाएगी।

रामपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान 5 दिसंबर को होगा। इसके लिए पोलिंग पार्टी रवाना कर दी गई हैं। रविवार सुबह मंडी समिति में मतदान कर्मियों को बुलाया गया था। इसके बाद यहां से 454 पोलिंग पार्टी रवाना कर दी गईं। विधानसभा क्षेत्र में 18 मतदान केंद्र अति संवेदनशील हैं। इन पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा छह जोनल मजिस्ट्रेट और 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं, जो मतदान के दौरान अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। खतौली विधानसभा उपचुनाव में भाजपा और सपा-रालोद गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर है। मुजफ्फरनगर दंगे से जुड़े केस में सजा होने के बाद विक्रम सैनी की सदस्यता रद्द हो गई थी। जिसके बाद खतौली सीट पर उपचुनाव हो रहे हैं। बीजेपी ने विक्रम सिंह सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी को मैदान में उतारा है।

**उपचुनाव**

**रामपुर में आजम खां की प्रतिष्ठा दांव पर, खतौली में भाजपा और सपा-रालोद गठबंधन में टक्कर**



# सक्रिय रहें या नए लोगों के लिए जगह छोड़ें : खड़गे

**नई दिल्ली।** गुजरात और हिमाचल विधानसभा चुनाव के बाद अब राजनीतिक दलों ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के तहत कांग्रेस की संचालन समिति की बैठक रविवार को दिल्ली में बुलाई गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। खड़गे ने इस मौके पर कहा कि पार्टी में जहां अपने कर्तव्य को निभाने वाले जिम्मेदार लोग हैं वहीं कुछ साथियों ने यह मान लिया है कि जिम्मेदारी निभाने में कमी को नजरंदाज कर दिया जाएगा।

खड़गे ने कहा कि यह न तो ठीक है और न मंजूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो लोग जिम्मेदारी निभाने में अक्षम हैं उन्हें नए साथियों को मौका देना पड़ेगा। बैठक मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा सोनिया गांधी अशोक गहलोत भूपेश बघेल समेत पार्टी के तमाम बड़े नेता शामिल हुए। इसमें पार्टी के अधिवेशन सत्र की तारीख और जगह तय करने के साथ ही संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। पिछले महीने पार्टी अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी की सबसे बड़ी संस्था कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की जगह पर इस संचालन समिति का गठन किया था।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महासचिवों व प्रभारियों से पूछा आपके प्रदेश में जिसके आप प्रभारी हैं अगले 30 दिन से 90 दिन के बीच में संगठन व जनहित के मुद्दों पर आंदोलन के लिए क्या रूपरेखा तैयार की गई है? जिन प्रांतों में आज से साल 2024 के बीच विधानसभा चुनाव होने हैं वहां चुनाव तक क्या प्लानिंग व एक्टिविटी शेड्यूल है? उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि आप सब संगठन व आंदोलन का एक खाका तैयार कर अगले 15 से 30 दिनों में इस पर मिल-बैठकर मुझसे चर्चा करेंगे। कांग्रेस संचालन समिति के सदस्यों व पार्टी के अन्य नेताओं को भी जरूरत के अनुसार आप इस कार्यक्रम में शामिल करेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक में कहा कि अगर कांग्रेस संगठन मजबूत होगा जवाबदेह होगा लोगों की उम्मीद पर खरा उतरेगा तो ही हम चुनावी जीत हासिल कर देश के लोगों की सेवा कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के महासचिवों व प्रभारियों से चाहूंगा कि वे सबसे पहले खुद की जिम्मेदारी तथा संगठन की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। चिंतन करें कि क्या महासचिव गण व प्रांतों के प्रभारी पदाधिकारी अपने जिम्मेदारी वाले प्रांतों में महीने में कम से कम 10 दिन दौरा करते हैं? क्या आपने हर जिला इकाई पर जाकर पार्टी के नेताओं से चर्चा की है क्या स्थानीय समस्याएं जानी हैं?

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा देश में एक नया इतिहास लिखने वाली राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा आज 88 दिन पूरे कर रात के समय राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी। भारत जोड़ो यात्रा अब एक राष्ट्र आंदोलन का रूप ले चुकी है।

**बैठक में चेताया**

**कांग्रेस अध्यक्ष ने शुरू की 2024 आम चुनाव की तैयारी बैठक में नेताओं से मांगा 15 से 30 दिन में संगठन और आंदोलन का खाका**



### 26 जनवरी से कांग्रेस शुरू करेगी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस संचालन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कांग्रेस का तीन दिवसीय अधिवेशन अगले साल फरवरी महीने में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा। संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया की अधिवेशन फरवरी के दूसरे पखवाड़े में होगा। इस अधिवेशन में कांग्रेस पार्टी विभिन्न मुद्दों को लेकर मंथन करेगी। कांग्रेस के संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा के समापन के बाद की योजना को लेकर चर्चा के बाद यह फैसला लिया है कि 26 जनवरी को देशभर में पार्टी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू करेगी। कांग्रेस सचिव ने बताया कि 2 महीने तक चलने वाले इस अभियान में राहुल गांधी के सन्देश वाला पत्र भी लोगो को सौंपा जाएगा। देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। यह फैसला संचालन कमेटी के मंथन के बाद लिया गया है।

## हवाई यात्रा सुरक्षा के लिहाज से बेहतर हुई भारत की रैंकिंग

**नई दिल्ली।** हवाई यात्रा सुरक्षा के मामले में देश की रैंकिंग बेहतर हुई है। इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन (आईसीएओ) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत टॉप 50 देशों में 48वें स्थान पर है। भारत चार साल पहले 102वीं रैंकिंग पर हुआ करता था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। डीजीसीए अधिकारी ने कहा कि रैंकिंग में सिंगापुर शीर्ष पर है उसके बाद यूएई और दक्षिण कोरिया का स्थान है। इस सूची में चीन 49वें स्थान पर है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) प्रमुख अरुण कुमार ने शनिवार को बताया कि नियामक ने भारत की सुरक्षा रैंकिंग को बेहतर बनाने के लिए अथक परिश्रम किया है और इसके परिणाम सामने हैं। गौरतलब है कि इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन ने पिछले महीने भारतीय विमानन क्षेत्र का सुरक्षा निरीक्षण ऑडिट पूरा कर लिया था।

# गुजरात में दूसरे चरण की वोटिंग आज

**अहमदाबाद।** गुजरात में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम को थम गया। दूसरे चरण के मतदान में राज्य की 93 सीटों पर सोमवार को मतदान किया जाएगा और नतीजे आठ दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। गुजरात में इस बार भाजपा और कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी ही सामने दिख रही है। इसके अलावा असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम की एंट्री से कई मुस्लिम बहुल सीटों पर सस्पेंस बढ़ गया है।

अहमदाबाद सिटी की जमालपुर खड़िया सीट भी ऐसी ही है। यहां ओवैसी की एंट्री से मुख्य रूप से कांग्रेस की मुश्किल बढ़ती नजर आ रही है। यहां से एआईएमआईएम ने कांग्रेस के पूर्व विधायक को उतारा है। उन्होंने 2012 में निर्दलीय चुनाव लड़ा था जिसकी वजह से भाजपा की जीत हुई थी। 5 दिसंबर को दूसरे चरण में इस सीट पर मतदान होना है। सन 2012 के चुनाव में पूर्व विधायक साबिर काबलीवाला ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था और इस वजह से कांग्रेस के समीर खान सिपाई की हार हो गई थी। उन्होंने मुस्लिम वोटों में सेंध लगा दी थी। इसी वजह से भाजपा प्रत्याशी भूषण भट की जीत हुई थी। इके बाद 2017 में कांग्रेस के इमरान खेडावाला ने जीत हासिल की। इस बार काबलीवाला चुनाव ही नहीं लड़े। इस बार काबलीवाला एआईएमआईएम के उम्मीदवार हैं।

**विस चुनाव**

**'आप' के बाद ओवैसी की पार्टी बनी कांग्रेस की मुसीबत**

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



हादसे के बाद मृत पड़ा युवक व जुटी भीड़

**मेजा।** चौकी क्षेत्र कोहड़ार के बैरहना के सामने ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर हो गई जिससे एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया । मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी अखिलेश सिंह ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा भेजवाया और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

गौरतलब हो कि बाइक सवार लाला पुत्र शौहर उम्र (22) निवासी हनुमना,रींवा मध्यप्रदेश अपने साथी संतोष पुत्र छविराम निवासी गड़बड़ा धाम थाना हलिया मिजार्पुर के साथ प्रयागराज आया था वहीं से रविवार को लौटते समय ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर लग गई जिससे लाला की मौके पर ही मौत हो गई साथी संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**माण्डा।** चौकी क्षेत्र दिघीया के बभनी गाँव के सामने प्रयागराज मिजार्पुर रोड पर रविवार को लगभग 6बजे शांम को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। गौरतलब हो कि सूरज माली पुत्र बाल कुमार माली निवासी गंगावत थाना देहात कोतवाली रमई पट्टी जनपद मिजार्पुर उम्र करीब 30 वर्ष और का जीजा व जुगराज माली पुत्र नत्थू लाल माली निवासी लोहगरा थाना बारा जनपद प्रयागराज उम्र 30 वर्ष मिजार्पुर की ओर बाइक से जा रहे थे। दिघीया के बभनी गाँव के सामने मिजार्पुर की ओर से आ रहे ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें सूरज माली की मौके पर ही मौत हो गई और जुगराज माली गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल व्यक्ति को पुलिस ने इलाज हेतु नजदीकी हॉस्पिटल भेजा और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गुंडई से जबरियन खेत पर कब्जा, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** गुंडई के बल पर जबरियन खेत पर कब्जा कर के बुआई कर दी गई।विरोध पर जान से मारने की धमकी देकर उल्टा एस सी एसटी में फंसाने की धमकी दी गयी। चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह निवासी नसीम उद्दीन पुत्र अमरुल्ला का आरोप है कि उसकी भूमिधरी जमीन जिसपर उसका हमेशा से कब्जा दखल चला आ रहा है। गांव के कतिपय गुंडा प्रवृत्ति के माफिया लोग खेत पर जबरियन कब्जा करके बुआई कर दिए। विरोध पर जान से मारने की धमकी देते हुए। उल्टा एस सी एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी गई। नसीम उद्दीन ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अजय कुमार भारतीय, छोटेलाल भारतीय, बाबूराम, विजय कुमार भारतीय के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# माचिस न देने पर दुकानदार समेत उसके बहन और बीबी को बरातियों ने पीटा

**पिटाई**

**बरात का एक युवक दुकानदार से दुकान खोलकर माचिस देने को कहा तो दुकानदार रात ज्यादा होने की बात बोलकर माचिस देने से मना कर दिया**

**बहरिया।** दुकानदार के माचिस न देने नाराज बरातियों ने दुकानदर को पीटने लगे , बचाने उसकी बीबी और बहन दौड़ी तो उसे भी मारकर जख्मी कर दिया । शोर सुनकर एकत्र हुए ग्रामीणों ने बरातियों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पुलिस पहुँची उत्पात कर रहे बरातियों को थाना उठा लायी।

बहरिया थाना के रज्जूपुर गाँव मे बाबूगंज सिकंदरा से शुक्रवार को बारात गयी थी। बराती रात 10 बजे रज्जूपुर चौराहे पर संतोष यादव के दुकान के सामने खड़े हुए । बरात का एक युवक संतोष यादव दुकानदार से दुकान खोलकर माचिस देने को कहा तो दुकानदार रात ज्यादा होने की बात बोलकर माचिस देने से मना कर दिया । बराती नाराज होकर दुकानदार को गाली देने लगे । दुकानदार के विरोध करने पर बराती उसे पीटने लगे । दुकानदार संतोष को पिटता देख उसकी बीबी और बहन बचाने दौड़ी तो उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया । जाते समय बरातियों ने दुकान और मोटरसाइकिल को भी तोड़ दिया । शोर सुनकर एकत्र हुए ग्रामीणों ने बरातियों को धर दबोचा । सूचना पर बहरिया पुलिस मौके पर पहुँची । चार पहिया समेत उत्पात कर रहे बरातियों को थाना उठा लायी । दूसरे दिन शनिवार को थाना पर दोनों पक्ष के लोग एकत्र हुए पंचायत कर घायल दुकानदार को दवा के लिए पैसा देकर समझौता कर लिया । बहरिया थानेदर रमेश कुमार सिंह ने बताया कुछ बराती शराब के नशे में दुकानदार को मार दिया था । घायल की ओर से कोई तहरीर नही मिला कितुं आपस में दोनों पक्ष के लोग समझौता कर लिया ।

## निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर 7 को

**करछना।** हरिओम हॉस्पिटल करछना के भरहा में निः शुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन 7 दिसंबर दिन बुधवार को किया जायेगा, जिसमें खून, पेशाब, बीपी, सुगर ई.सी.जी. आदि की निः शुल्क जांच के बाद दवाएं दी जाएगी, उक्त आशय की जानकारी देते हुए अस्पताल के निदेशक डॉ. नंद कुमार गुप्ता ने मरीजों को समय से कैम्प में उपस्थित होकर निः शुल्क स्वास्थ्य लाभ उठाएं जाने की अपील की है उन्होंने बताया कि कैम्प में मरीजों की देखभाल के लिए कुशल चिकित्सको के द्वारा जांच की जायेगी तथा जांच के बाद मरीजों को निः शुल्क दवाएं दी जाएगी कैम्प के दिन किसी भी आपरेशन एवं रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को विशेष छूट दी गई है, उक्त आशय की जानकारी हरिओम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ नंद कुमार गुप्ता ने बताया कि निः शुल्क कैम्प में मरीजों को जांच में बाल रोग विशेषज्ञ एवं फीजिशियन डॉ राघवेंद्र शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पल्लवी सिंह, डॉ, आंकाक्षा राय, डॉ आर के शुक्ला, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ सुनील विश्वकर्मा, डॉ मृत्युंजय सिंह यादव, डॉ आर के शुक्ला, आदि कुशल चिकित्सकों की उपस्थिति में होगा।

## संक्षेप

### दो पक्षों में मार पीट, छेडखानी , लूटपाट डेढ़ दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में मार पीट लूटपाट और छेडखानी का आरोप एक दूसरे पर लगाया है। पुलिस ने दोनों ओर से डेढ दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के ग्राम तेजपुर निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसके विरोधी एक राय होकर घर में घुस कर मारे पीटे तीस हजार नगदी और मंगलसूत्र ,सोने की चैन तथा बाइक को लूट लिए। आरोप है कि घर की महिलाओं से छेड़खानी किए। महिला ने मऊआइमा थाने में राज कुमार ,विवेक ,विकास ,रस्मी ,कमलेश कुमारी ,मुरली , कुमार और कुमार की दो बहनें ,चन्दन अजय ,मुकेश ,मनोज ,किशन ,रंजीत ,चन्द्र भान ,संदीप, कुलदीप तथ दस अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर दूसरे पक्ष की महिला का आरोप है कि उसके घर में घुस कर 15 हजार रुपए नगदी ,सोने की चैन ,बक्सा आदि उठा ले गए।एंव छेडखानी भी किए । पुलिस तहरीर के आधार पर सुन्दरी देवी ,रीना ,काजोल ,राज कुमार ,तीन अज्ञातों के खिलाफ संगीन धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### समाज सेवा से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं : बंदना सिंह



**सहसों।** जरूरतमंदों की मदद हर सक्षम व्यक्ति को करनी चाहिए। इससे समाज मजबूत होता है। पहल संस्था हमेशा से ही जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए समर्पित रही है।जनसेवा ईश्वर की सेवा के समान है।इससे न केवल सही लोगों तक मदद पहुंच रही है बल्कि लोगों का किसी भी सामाजिक संस्था पर विश्वास और भरोसा भी मजबूत होता है। समाज सेवा से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं। समाज सेवा अगर निःस्वार्थ भाव से की जाए तो मानवता का कर्तव्य सही मायनों में निभाया जा सकता है। उपरोक्त बातें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ने पहल जन कल्याण समिति एवं सेवा संस्थान प्रयागराज द्वारा भारद्वाज गुरुकुलम विद्यालय रुदापुर में आयोजित कंबल वितरण समारोह में कही। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए संस्था की अध्यक्ष वंदना सिंह की भूरी भूरी प्रशंसा किया।चिरौड़ी,चिरौड़ा, रूदापुर, देवनहरी और रामनाथ पट्टी ग्राम सभा के जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल का वितरण किया गया। भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण अभियान के सह संयोजक डॉ शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि संस्था पिछले पांच वर्षों से समाज के जरूरतमंद तबके के लिए हर तरह से सेवा कार्य कर रही है। हर वर्ष विभिन्न जगहों पर आवश्यकतानुसार हजारों कंबल वितरित किए जाते हैं। संस्था यह कार्य आपसी सहयोग से प्रतिवर्ष निरंतर करती आ रही है। संस्था की अध्यक्ष वंदना सिंह ने बताया कि समाज के जरूरतमंदों की मदद करके जो आत्म संतोष प्राप्त होता है वह कहीं और नहीं मिल सकता है। संस्था इस तरह का अपना अभियान हमेशा जारी रखेगी।उन्होंने आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद भी दिया।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि टी एन सिंह, विपिन उपाध्याय,राजन कुमार,विनय उपाध्याय,सुभाष विश्वकर्मा,मनोज उपाध्याय,संजय शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के भारतेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

### जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज आगामी माघमेला में बैठक सम्पन्न



**प्रयागराज।** जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज का माघ मेला 2023 को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में बैठक संपन्न हुई । बैठक में माघमेला 2023 से संबंधित कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में ड्रेस कोड आई कार्ड एवं अनुशासन से संबंधित विचार विमर्श हुआ। मेला फॉर्म जमा कराए गए। बैठक में जनपद प्रयागराज के नगर क्षेत्र गंगापार क्षेत्र यमुनापार क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपना विचार व्यक्त किया। बैठक संस्थान के जिला पर्यवेक्षक अमर वैश्य मुन्ना भईया एवं स्टाप ऑफिसर श्री दीपक तिवारी का मनोनयन किया गया, मनोनयन पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने तालियों से स्वागत किए। बैठक में सचिव श्री संतोष श्रीवास्तव कुलदीप धर प्रशांत सिंह लक्ष्मीकांत मिश्रा सतीश चंद्र मिश्रा दीपक तिवारी रामबाबू सिंह राकेश शर्मा संदीप सोनी शनि प्रियंका पराशा प्रिया मिश्रा सपना गिहार प्रवीन श्रीवास्तव अजीत सिन्हा श्री शिवकुमार भावना त्रिपाठी आयुष जायसवाल डॉ प्रमोद कुमार प्रेम चंद्र स्वर्णकार यासीन अहमद के सी ओझा आरसी भद्रा समते इत्यादि मौजूद रहे। आज के बैठक के विशेष व्यवस्था अंगद सिंह, राम कुमार एवं पंकज शुक्ला ने किया। उक्त जानकारी प्रभारी मीडिया सेल विपिन कुमार कुशवाहा ने दिया।

# लेखपाल की कार पोल से टकराई बिजली आपूर्ति ठप



विद्युत पोल से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त कार

**मऊआइमा।** निमंत्रण से घर जा रहे लेखपाल की कार अनियंत्रित होकर पोल में टकरा गई। जिससे पोल टूट गया और लेखपाल की गाडी क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमर बहादुर 30 वर्ष कहीं लेखपाल हैं। वह रानीगंज के दम दम गांव से निमंत्रण करके कार से घर जा रहे थे जैसे वह शनिवार को देर रात में मऊआइमा के ग्राम मोहन का पूरा में लगे विद्युत पोल में अनियंत्रित कार टकरा गई। जिससे पोल टूट गया और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई तथा लेखपाल अमर बहादुर की कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रहा कि लेखपाल सहित अन्य लोग बाल बाल बच गए।

# करछना क्षेत्र की सूखी पड़ी नहरों में तत्काल पानी छोड़े जाने की किसानों की अपील

**करछना।** टोंस नहर प्रखंड योजना के तहत सिंचाई विभाग की ओर से संचालित भुंडा रजबहा में सिंचाई विभाग की ओर से पानी न छोड़े जाने से किसानों का कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है । जिससे किसानों में चिंता व मायूसी व्याप्त है । वही विभाग के जिम्मेदार उच्चाधिकारियों के प्रति लोगों में आक्रोश भी व्याप्त है। तकरीबन माह भर से सूखी पड़ी भुंडा नहर से संबंधित रमगढ़वा बरांव कोकसण्ड नेवादा केंचुहा सुलमई निरिया व इसौटा माइनरे पानी के अभाव में सूखी पड़ी हुई है। रजबहा व विभिन्न माइनरो से जुड़े माही गढ़वा कलां पडोखरा मछहर उर्फ पुरवा डाडो. ककरम सुलमई डाभी हनुमानपुर भद्रताली पथरहिया निरिया भुवालपुर भडेवरा भुंडा आदि गांवो के किसानों ने बताया कि पानी के अभाव में रबी की मुख्य फसल गेहूं की फसलों का पलेवा कार्य भी बाधित पड़ा हुआ है । जिससे गेहूं की पिछड़ रही बुवाई से इसका सीधा पैदावार पर प्रतिकूल असर भी पड़ेगा। किसान लोग निजी नलकूपों से सिंचाई का सहारा ले रहे हैं। जिन्हें उन्हें आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। इस बाबत सिंचाई विभाग के जिलेदार तेज नारायण मिश्र ने बताया कि करछना क्षेत्र में संचालित करछना समेत अकोढा जोगनी भुंडा नहरों समेत संबंधित रजबहा से जुड़ी माइनरों का सफाई कार्य चल रहा है। जिससे सभी नहरों के पंप बंद कर दिए गए हैं। पूछे जाने पर बताया कि नहरों में जलापूर्ति की आपूर्ति 15 दिसंबर के बाद ही संभव हो पाएगी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित की गई संगोष्ठी

**बहरिया।** ब्लाक बहरिया के ग्राम सभा हुसेनपुर जगदीशपुर उर्फ. जलालपुर मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मंडल शाखा ने संघ के 97 वर्ष पूर्ण होने पर 4 दिसंबर दिन रविवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया ।जिसमें संघ पालक अधिकारी राकेश पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं संघ शाखा के माध्यम से हिंदू समाज को संगठित करके एक ऐसी शक्ति को खड़ा किया जा रहा है । जिसके माध्यम से भारत पुरे विश्व गुरु के स्थान पर पहुंच सके। इस संगोष्ठी में संघ से जुड़े हुए स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता कमलेश पाल ने हिंदू समाज से अपील की हम सब मिलकर अपने धर्म को आगे बढ़ाने का कार्य करें। किसी अन्य धर्म के अनुयायी बनने से कोई लाभ नहीं है। क्योंकि हिंदू धर्म ही सनातन धर्म है। इस मौके पर उपस्थित गिरजा दत्त तिवारी ग्रामसभा संघ प्रमुख, नरेंद्र दुबे, अभय प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह पुष्पराज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# पानी टंकी से गंदा जल भराव शुरू पानी निकासी के लिए नाली नही

**समस्या**

**कुआं के पास लगी पानी टँकी, जहाँ जरूरत वहां स्वक्ष जल के लिए तरस रहे लोग**

**लालापुर।** सरकार ने हर घर जल नल योजना के तहत जहां पर पीने के पानी की दिक्कत हो वहाँ पर पैनल व छोटी टँकी लगाकर पानी की व्यवस्था कराई जाय। सरकार की मन्सा हर घर जल सभी को मिले,ताकि कोई भी ब्यक्ति पीने के पानी के लिए परेशान न हो, सरकार की मन्सा एकदम साफ है। ब्लाक जसरा अंतर्गत ग्राम सभा गोबरा तरहार गांव सोनौरी में सोलर पैनल सहित 1000 लीटर की प्लास्टिक पानी की टँकी लगाई गई है। जिसकी लागत 3,80 लाख है। जहाँ पर टँकी लगाई गई है उसी के पास बगल कुँवा मौजूद है।उसी कुँवा के पानी से दर्जनों घर की प्यास बुझती थी।जहाँ एक तरफ टँकी इस जगह लग जाने से गन्दा जल भराव हो गया तो वही दूसरी तरफ कुँवा से पानी न निकलने से उसका अस्तित्व खतरे में जरूर पड़ गया।

सम्बंधित अधिकारी आंख मूदकर लगाए सर्वे रिपोर्ट जहाँ पर पानी की भरपूर थी ब्यवस्था वही लगवाया टँकी।उसी बस्ती में दर्जनों घर दूर दराज से आज भी लाते है पीने का पानी तब उनकी बुझती है प्यास। सरकारी योजना आती जरूर है, लेकिन जिम्मेवार अपने चहेते तक सिमट कर रख दिये है। इसी तरह सम्बंधित अधिकारी आँख मूद कर अपनी सर्वे रिपोट लगा देते है। अगर सही ढंग से सर्वे किया होता तो सायद अन्य जगह टँकी लगती जिससे गरीब बस्ती के लोग पानी के लिए परेशान न होते। वही महीनों से टँकी बनकर पानी सप्लाई हो रखा है जहाँ पर पानी गिर रहा वहा पर न तो बेस बनाया गया न ही जल निकासी की नाली बनाई गई।जिससे बगल बसे घर के लोगों का गन्दे जल भराव से जीना दुश्वार है।



नाली न होने से पानी टंकी का भरा पानी

### व्यक्त की गई शोक संवेदना

**सहसों।** नवयुवक ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कार्यालय पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें गारापुर के पूर्व प्रधान राम शंकर शुक्ला की साठ वर्षीय चाची राधिका शुक्ला के निधन पर उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर विजय तिवारी, पूर्व प्रधान विनोद कुमार, चिंतामणि शुक्ल, विवेक शुक्ला, किशन शुक्ला, देवराज उपाध्याय, डॉक्टर एस के पांडे,अनिल मिश्र, कमला शंकर कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

### घर से बच्चे को लेकर दवा लेने गयी महिला रहस्यमय ढंग से गायब गुमशुदगी दर्ज

**मऊआइमा।** घर से अपने मासूम बच्चे को लेकर दवा लेने गयी महिला रहस्यमय ढंग से गायब हो गई।पति ने किन्ही अनहोनी को देखते हुए गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह निवासी संदीप कुमार का कहना है कि उसकी 25 वर्षीय पत्नी अनुपम लता अपने पांच वर्ष के बच्चे आदर्श को लेकर शांतिपुरम दवा लेने गयी थी। परन्तु कई दिन गुजर जाने के बाद कुछ पता नहीं चल रहा है।किन्हीं अनहोनी के भय से पति ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# श्रीमद् भागवत कथा में बच्चों ने निकाली मनमोहक झांकी



झांकी का आनंद लेते लोग

**करछना।** क्षेत्र के मधू का पूरा गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के सातवें व अंतिम दिन रविवार को कथा व्यास पं. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने भागवत माहात्म की महिमा का वर्णन करते हुए श्री कृष्ण व सुदामा के मित्रता की आकर्षक झांकी प्रस्तुत करते हुए कथा कही। उन्होंने श्रीकृष्ण व सुदामा की सच्ची व पक्की मित्रता का गुणगान किया। और बताया कि जिसका दामन साफ हो वही सुदामा है। पत्नी सुशीला के विषय में बताया कि जो बहुत सज्जन हो वही सुशीला है ।उन्होंने एकादशी माहात्म की महिमा का गुणगान भी किया। कलाकारों की ओर से श्रीकृष्ण व सुदामा की मनमोहक झांकी भी निकाली गई ।जो लोगों को मंत्रमुग्ध किए रही। कथा के मुख्य श्रोता यजमान त्रिविक्रम त्रिपाठी ने कथा व्यास सहित सभी आचार्य जनों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कथा के आयोजक राजशेखर त्रिपाठी व संयोजक विधुशेखर त्रिपाठी तथा व्यवस्थापक हरिकेश त्रिपाठी ने सभी भक्तजनों का आभार जताया। और बताया कि सोमवार को हवनोपश्चात कथा की पुणार्हुति होगी। और बृहद भंडारा भी आयोजित किया गया है। वही सायंकालीन में सामूहिक रूप से आरती की गई । और महिलाओं की ओर से सुमांगलिक गीत भी गाए गए। वही कलाकारों की ओर से भजन संध्या की प्रस्तुतियां भी हुई। इस मौके पर भारी तादाद में भक्त श्रद्धालु जन सहित काफी महिलाएं भी मौजूद रही।

उत्तर मध्य रेलवे
पत्रांक टी/गुइत्त/अना.अनु./सी-4/2021 दिनांक: 01.12.2022
गैर हाजिरी सूचना
नाम : श्री सूरज कुमार चौधरी, पुत्र स्व. श्री हरि लाल,
निवासी : आवास सं. 14-A, अहमदगंज, नुरुल्ला रोड, प्रयागराज (उ0प्र0),
पिन : 211003
श्री सूरज कुमार चौधरी, पुत्र स्व. श्री हरि लाल, प्वाइंट्समैन/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज छिवकी, निवासी-आवास सं. 14-A, अहमदगंज, नुरुल्ला रोड, प्रयागराज (उ0प्र0), पिन-211003 को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 31.07.2021 से 28.12.2021 तक लगातार अपनी ड्यूटी से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे, जिस संबंध में आपके विरुद्ध अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 25.10.2021 को समसंख्यक मानक पत्र-5 जारी किया गया था। मानक पत्र-5 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही के उपरांत दिनांक 29.07.2022 को रूल-10 नोटिस जारी किया गया, जिसे आपके द्वारा दिनांक 07.09.2022 को पावती की गयी। जिसका कोई प्रतिउत्तर मंडल कार्यालय/प्रयागराज को प्रेषित नहीं किया गया।
स्टेशन अधीक्षक/प्रयागराज छिवकी द्वारा पत्र के माध्यम से क्रमशः दिनांक 19.10.2022 एवं 17.11.2022 को सूचित किया गया है कि आप दिनांक 20.09.2022 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं।
आप इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से दस (10) दिनों के अन्दर मंडल परिचालन प्रबन्धक/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, नवाब यूसुफ रोड, प्रयागराज के कार्यालय में अवश्य उपस्थित हों अन्यथा यह माना जायेगा कि आप आगे रेल सेवा के इच्छुक नहीं हैं, जिसके कारण रेल प्रशासन को एकपक्षीय निर्णय लेने हेतु बाध्य होना पड़ेगा एवं आपके विरुद्ध बर्खास्तगी/निष्कासन/अनिवार्य सेवानिवृत्ति का दण्ड पारित किया जा सकता है।
मण्डल परिचालन प्रबन्धक
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज
1623/22(K)
www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
निविदा सूचना सं. [illegible] दिनांक : 01.12.2022
ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना
[illegible] 26.12.2022 को 12:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-


| निविदा नं. | कार्यों का विवरण | अनुमानित मूल्य (रू.) | बयाने की रकम (रू.) | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 281 | [illegible] | 12,20,124.98 | 24,402/- | 24 माह |

निविदा खुलने की तिथि : 26.12.2022
सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार : NIL
नोट : 1- [illegible] 2- [illegible] www.gem.gov.in [illegible]
1627/22(AR)
www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



निगम कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करतीं महापौर

# प्रयागराज



## मौसम

अधिकतम : 29.00
न्यूनतम : 15.00
सूर्योदय : 06.19
सूर्यास्त : 05.15

### भाजपा को वोट कर प्रदेश व देश को समृद्धिशाली बनाएं : सरदार पतविंदर सिंह

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ प्रयागराज के मुख्य केंद्र सिविल लाइन चौराहे पर जन जागरूकता करते हुए कहां कि देश के विभिन्न प्रदेशों में नगर निगम, विधानसभा, एवं यूपी में उपचुनाव में मतदाता, मतदान कर प्रदेश व देश को समृद्धिशाली बनाएं।

## छः शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त में

### अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा : संतोष कुमार मीणा

**प्रयागराज।** थाना धूमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा विहार कॉलोनी में रहने वाले रिटायर्ड सूबेदार के घर में विगत दिनों चोरी हो गई थी इस मामले में पुलिस अधीक्षक नगर संतोष कुमार मीना ने घटना का खुलासा करते हुए पत्रकारों से बताया कि वारदात को अंजाम देने वाले कुल नौ लोग थे जिसमे से छः अभियुक्तों को हमारी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। बाकि 3 तीन अभियुक्त अभी फरार चल रहे हैं जल्द ही तीनो पुलिस के गिरफ्त में होंगे । चोरो ने 26 नवम्बर धूमनगंज क्षेत्र में चोरी की थी घटना को अंजाम देने के बाद चोरों ने फिर उसी घर में 27 नवंबर को बचा हुआ सामान भी चोर उड़ा ले गए थे आपको बता दें कि पीड़ित चंद्रभूषण गंगा विहार कॉलोनी का रहने वाला रिटायर्ड फौजी है उनका भाई शशिभूषण सेना बलिया के पिसौरा सुहवल निवासी पंजाब में सेना के सूबेदार पर पर तैनात हैं। उन्होंने ही



पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी

थाने में तहरीर दी थी इसके बाद पुलिस ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए अपराधियों के विरूद्ध धरपकड़ जारी की मुखबिर की सूचना पर चोरों का पता चला धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्या के नेतृत्व में मय टीम के साथ मौके पर अभियुक्तों अनिल कुमार पुत्र किशन लाल नि0 भागलपुरवा बेगम सरांय गयासुद्दीनपुर उपरहार थाना धूमनगंज प्रयागराज उम्र करीब 38 वर्ष रंजीत कुमार उर्फ लोकमान्य पुत्र ओम प्रकाश आनन्द नि0 338 / 1 ए मुण्डेरा मण्डी थाना धूमनगंज प्रयागराज उम्र 25 वर्ष राजन उर्फ राजेन्द्र पासवान पुत्र रामसूरत नि0 भागलपुरवा पंचम लाल स्कूल गंगा बिहार स्कूल थाना धूमनगंज प्रयागराज उम्र 30 वर्ष राजेन्द्र पासी उर्फ बाके पुत्र गुलाब पासी नि० भागलपुरवा थाना धूमनगंज प्रयागराज उम्र 20 वर्ष नीरज पासी उर्फ कातिया पुत्र बहादुर लाल नि0 पीपल गांव थाना धूमनगंज प्रयागराज उम्र 20.सुशील कुमार वर्मा पुत्र द्वारिका नाथ वर्मा नि0 148 जान्सनगंज घंटाघर थाना कोतवाली प्रयागराज उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के पास से 01 अदद डीबीबीएल लाइसेन्सी बंदूक 12 बोर 03 अदद कारतूश 12 बोर एक अदद सोने का सिक्का 03 अदद सोने की अंगूठी 03 अदद पायल सफेद धातु 01 चैन सफेद धातु 03 जोड़ी बाली सफेद धातु 03 अंगूठी सफेद धातु 01 मंगलसूत्र 02 कील पीली धातु व 39800 रू० बरामद हुआ। हालांकि सभी अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## स्कालरशिप के लिए 1339 संदेहास्पद डेटा, जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराई गई सूची

**प्रयागराज ।** पूर्वदशम (कक्षा नौ और 10) अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग छात्रवृत्ति योजना के तहत 1339 छात्रों का डेटा संदेहास्पद मिला है। इसकी रिपोर्ट पिछले दिनों निदेशालय, लखनऊ से प्रयागराज भेजी गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत कुमार सिंह ने यह सूची जिला विद्यालय निरीक्षक को भेज दी है। उन्होंने जनपद के सभी विद्यालयों को अवगत कराया है कि अपने विद्यालय से संबंधित छात्र-छात्राओं का संदेहास्पद डेटा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर लें और शीघ्र ही सूची जमा कर दें। पांच दिसंबर को हर हाल में डेटा निरस्त करते हुए पूरी सूची निदेशालय को भेजी जानी है। समाज कल्याण अधिकारी ने सभी विद्यालयों को अवगत कराया है कि छात्रवृत्ति योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में यदि कोई पात्र छात्र छात्रवृत्ति प्राप्त करने से वंचित रह जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित शिक्षण संस्था व छात्र की होगी।

### 10 दिसंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

शैक्षिक सत्र 2022-23 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति (समूह 1, 2, 3 एवं 4 से संबंधित पाठ्यक्रम एवं कक्षा 11 व 12) योजनान्तर्गत छात्रों हेतु आनलाइन आवेदन एवं अन्य कार्यों के लिए संशोधित समय-सारिणी निर्गत की गयी है। जिसमें छात्र व छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन करने के लिए एक दिसंबर 10 दिसंबर 2022 तक तिथि बढ़ा दी गयी है। आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी छात्र व छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में 2 दिसंबर से 14 दिसंबर जमा करना होगा। छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की त्रुटियों को ठीक करके हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में दिनांक 16 जनवरी तक तक जमा करना अनिवार्य होगा। 07 जनवरी से 19 जनवरी तक त्रुटियों को शिक्षण संस्थाओं द्वारा ठीक करके जिला कल्याण अधिकारियों को उपलब्ध कराना होगा।

## संक्षेप

### भारत विकास परिषद कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**प्रयागराज।** रविवार को सर्वोदय नगर, अल्लापुर में भारत विकास परिषद मंगलम के कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें परिषद द्वारा समाज को दी गई सेवाओं, मेडिकल कैंप तथा उनके गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सामाजिक दायित्व के तहत अति बुजुर्ग लोगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेंद्र सिंह ने की। मुख्य रूप से सम्मानित होने वाले में विनोद पांडे की माता प्रियंवदा पांडे जिनकी उम्र 97 जो एक शासकीय अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। तथा समाज सेवा से जुड़ी रही। इसके साथ साथ उनके द्वारा लिखित एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। भारत विकास परिषद मंगलम के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बुजुर्गों के सम्मान को एक आदर्श संस्कार के रूप में अपनाने पर बल दिया। मुख्य रूप से उपस्थित संरक्षक शिवनंदन गुप्ता, अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, सचिव अमित श्याम, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, निखिलेश, महासचिव सुनील धवन, आशुतोष जायसवाल, वी पी गुप्ता, डा0 उमेश भट्ट, दीपा जोशी, जया मिश्रा, डॉ. अंजू पांडे, धर्मेद् कुशवाहा, पंकज पांडे, प्रांशु मिश्रा एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

### सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही भाजपा : नरेंद्र सिंह



**प्रयागराज।** मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में प्रचार प्रसार के पश्चात शनिवार की देर रात प्रयागराज पहुंचे सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व महासचिव नरेंद्र सिंह भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है । इटावा और मैनपुरी के कुछ पुलिसकर्मी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को धमकाकर भाजपा के प्रत्याशी को वोट करने के लिए सपा कार्यकताओं को लाल कार्ड जारी करने का कार्य कर रहे हैं। कई कार्यकताओं को उठाकर थाने बैठा रहें हैं। प्रशासन का यह विद्वेषपूर्ण कार्य असंवैधानिक तथा अति निन्दनीय है। उन्होंने चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग किया और कहा कि आयोग निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। क्योंकि भाजपा नाजायज परम्परा डाल रही है जो लोकतंत्र के लिए नुकसानदायक है।

### 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में प्रयागराज दूसरा सबसे साफ शहर

**प्रयागराज।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार एवं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2022 सम्मान समारोह में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा मिलियन प्लस शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ गुणवत्ता युक्त वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज को राष्ट्रीय शुद्ध वायु शहरों की श्रेणी में दूसरास्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया।

## धर्म न्याय और न्याय धर्म का पालन करके ही सनातन धर्म की रक्षा हो सकती है : जगद्गुरु शंकराचार्य

**प्रयागराज।** आराधना महोत्सव के अवसर पर रविवार को श्री मज्ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने आशीर्वाद में कहा कि आज सनातन धर्म को धर्म, जाति एवं क्षेत्र के आधार पर बांटकर सनातन धर्म को कमजोर करने की प्रयास किया जा रहा है जिसके विरूद्ध गम्भीर प्रयास करना होगा। पूज्य स्वामी जी ने कहा कि धर्मशास्त्र में परिभाषित न्याय और न्यायालय के संविधान सम्मत न्याय का पालन करना चाहिए। सनातन धर्म का यही मूल आधार है।

श्रीब्रह्मनिवास अलोपीबाग स्थित भगवान शंकराचार्य मंदिर में पूज्य पीठोद्धारक श्रीज्योतिष्पीठ शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मलीन ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज की 150वीं एवं श्रीमज्ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी शान्तानंद सरस्वती जी महाराज 100वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित दिव्य एवं भव्य आराधना महोत्सव में पूज्य श्रीमज्ज्योतिष्पीठा धीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज नेआज श्रीमज्ज्योतिष्पीठा धीश्वर शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी विष्णुदेवानंद जयन्ती के अवसर पर कहा कि किसी भी धार्मिक विचारधारा का संचालन उस धर्म के संस्थापक आचार्य द्वारा स्थापित प्रचारित विधि-विचार व परम्परा के अनुसार ही चलती है। इसी विधान से ही भगवान आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित श्रीमज्ज्योतिष्पीठ का 165 वर्षों की बाधा के बाद पीठोद्धारक स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज ने पुनः वैदिक सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार किया उनकी वसीयत में नामित होने के आधार पर पीठासीन श्रीमज्ज्योतिष्पीठाधीवर जगद्गुरू शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी जी की जयंती गुरू परम्परा की कड़ी में बहुत महत्वपूर्ण है।

## अवैध प्लाटिंगो के खिलाफ पीडीए की कार्यवाही जारी

**प्रयागराज।** अवैध प्लाटिंगो के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण की कार्यवाही जारी है। उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण के निर्देश पर रविवार को बी०पी० सिंह, जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन संख्या 04 (नैनी) क्षेत्र के अन्तर्गत अवैध मौजा ददरी, तालुका नौगांवा, तहसील करछना, प्रयागराज पर लगभग 125 बीघा भूमि की आराजी संख्या-223क, 223ख, 223छ. मि0 में अवैध प्लाटिंग के साथ ही चारागाह, तालाब

एवं स्टेडियम की अतिक्रमित भूमि पर भी अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराया गया अम्बिका तिवारी पुत्र स्व0 महेश प्रसाद तिवारी पार्ट आफ आ०सं० 18, मौजा धनुहा, परगना अरैल, तहसील करछना, द्वारा सड़क को अतिक्रमण कर बनायी गयी बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त कराकर सड़क की भूमि को अवमुक्त कराया गया।

उपर्युक्त कार्यवाही में जोनल



अवैध प्लाटिंगो पर कार्रवाई करते हुए

अधिकारी के अतिरिक्त श्रीरंग दुबे क्षेत्रीय अवर अभियन्ता, कुवर आनन्द सिंह, भवन निरीक्षक एवं क्षेत्रीय सुपरवाइजर, थाना नैनी / घूरपुर / औद्योगिक क्षेत्र के पुलिस बल की टीम उपस्थित रहे।

## एयरफोर्स के जवानों की साइकिल यात्रा

**साइकिल यात्रा**

**मध्य वायु कमान के डायमंड जुबली महोत्सव के उपलक्ष्य में 450 किमी तक चलाएंगे साइकिल**

**प्रयागराज।** हवा में उड़ने वाले एयरफोर्स के जवान साइकिल यात्रा निकाल रहे हैं। दरअसल, मध्य वायु कमान, प्रयागराज अपना डायमंड जुबली महोत्सव मना रहा है। इस महोत्सव के उपलक्ष्य में कमान के मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। रविवार को एयरफोर्स के 20 जवान और अधिकारी साइकिल यात्रा पर निकल गए हैं। यह 450 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय करेंगे। मुख्यालय पर एयर मार्शल एपी सिंह एवीएसएम, वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य वायु कमान ने 20 जवानों को हरी झंडी दिखाई। यह जवान साइकिल चलाते हुए प्रयागराज से लखनऊ तक जाएंगे और



लौटकर फिर प्रयागराज आएंगे। यह यात्रा चार दिन की होगी। महोत्सव का समापन 22 दिसंबर को होगा।

एयर मार्शल एपी सिंह ने कहा, यह अभियान सभी को एक समान रूप से प्रेरित करेगा और उनमें साहसिक कार्य करने की भावना को बढ़ावा देने में मदद करेगा। यह अभियान सभी कार्मिकों में शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के अतिरिक्त एक खेल के रूप में साइकिलिंग के प्रति जागरुकता विकसित करने में सहायक होगा। प्रारंभ में मुख्यालय मध्य वायु कमान की स्थापना मार्च 1962 में रानी कुटीर, कोलकाता में इंडो-नेपाल एवं इंडो तिब्बतन बॉर्डर की निगरानी के लिए चलाए जा रहे वायु अभियानों पर नियंत्रण रखने के लिए की गई थी। कालांतर में मुख्यालय मध्य वायु कमान को फरवरी 1966 में प्रयागराज में पुनः स्थापित किया गया और इसकी उपलब्धियों का एक समृद्धशाली इतिहास रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इसने राष्ट्र-गगनकी सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है।

### वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी भी लेंगे हिस्सा

डायमंड जुबली महोत्सव के अंतर्गत जिन कार्यक्रमों का आयोजन होगा उसमें मुख्यालय मध्य वायु कमान के कार्मिकों एवं उनके परिजनों द्वारा आयोजित होगा। हवाई प्रदर्शनों के अंतर्गत विविध लड़ाकू क्षमताओं का प्रदर्शन करने वाले फ्लाई पास्ट एवं लो-लेवल एक्रोबेटिक्स का भी आयोजन किया जा रहा है। 16 दिसंबर को एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी पीवीएसएम एवीएसएम वीएम एडीसी वायु सेना प्रमुख व नीता चौधरी अध्यक्ष (वायु सेना परिवार कल्याण संघ) भी इसमें हिस्सा लेने पहुंचेंगे।

## हर माह की 15 तारीख को प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर निक्षय दिवस

**प्रयागराज।** देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नित नए कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अब निर्णय लिया गया है कि टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण इलाज और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर माह की 15 तारीख को प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा। किसी भी महीने में 15 तारीख को अवकाश की स्थिति में निक्षय दिवस अगले कार्य दिवस पर मनाया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने इस बारे में प्रदेश के सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी किया है।

भारत विश्व के 20 फीसद रोगियों के साथ सबसे अधिक टीबी ग्रसित व्यक्तियों का देश है। प्रदेश में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 5.5 लाख अधिसूचना का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा तय किया गया है । इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर सामूहिक प्रयास की जरूरत है। सेंट्रल टीबी डिविजन के निदेर्शों के अनुक्रम में क्षय रोगियों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रदेश के समस्त जनपदों में हर माह की 15 तारीख को सभी जनपद एवं ब्लाक स्तरीय पीएचसी और आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा।

निक्षय दिवस से पहले आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण कर टीबी के बारे में और दिवस के आयोजन के बारे में समुदाय को जागरूक करेंगी। स्वास्थ्य इकाइयों पर एलईडी के जरिये टीबी के बारे में जागरूकता संबंधी फिल्म भी प्रसारित की जाएगी।

## महापौर ने निगम कर्मचारियों को किया सम्मानित

**प्रयागराज।** शासनादेश सं0-पी0एम0यू0/ 6867/441 (1)/2021 दिनांक 25.11.2022 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के आजादी/75 अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्रतिबद्ध 75 जनपद, 75 घण्टे, 750 निकायह्व अभियान चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है इसी क्रम में नगर निगम प्रयागराज में स्वच्छ भारत मिशन के आजादी /75 अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्रतिबद्ध 75 घण्टे अभियान के समस्त चिन्हित 21 गार्बेज वर्नेबल प्वाइंट को समाप्त किये जाने की कार्यवाही की गयी। 75 घण्टे में अभियान के समापन के उपरान्त माननीय महापौर महोदया द्वारा निगम कर्मचारियों को अथक प्रयास एवं उत्कृष्ठ कार्यो के दृष्टिगत सम्मानित किया गया। साथ ही नगर निगम प्रयागराज के पिछले पॉच वर्षों में कराये गये कार्यो एवं उपलब्धियों की पुस्तक का विमोचन भी मा0महापौर महोदया द्वारा किया गया। इस दौरान नगर निगम



सम्मानित निगम कर्मियों के साथ महापौर

प्रयागराज के अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एवंज न सम्पर्क अधिकारी पी0के0 द्विवेदी, मुख्य वित एवं लेखाधिकारी आर0के0शर्मा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी संजय ममगई, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार वर्मा, अधिशषी अभियन्ता ए0के0सिंह, लेखापरीक्षक बालेन्दू सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्रीमती अनूपमा श्रीवास्तव एवं मा0 पार्षदगणों के अतिरिक्त अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झारखण्ड का छऊ लोकनृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र में रविवार को लोक नृत्य कलाकारों ने अपना जलवा बिखेरा वहीं दूसरी तरफ कविता की पंक्तियों से सभी का मन मोह लिया। ऐ, मन कुन्तो मौला, अली मौला, छाप तिलक सब छीन ली रे मोसे नैना मिला के, सानू एक पल चैन न आवै..... एवं कबीर की रचना मन लागो यार फकीरी में ख्वाजा मेरे ख्वाजा... जैसे गीतों ने राष्ट्रीय शिल्प मेले की चौथी सांस्कृतिक संध्या को खास बनाया। रामपुर घराने से ताल्लुक रखने वाले कव्वाल गजल गायक शाहिद नियाजी की कव्वालियों पर लोग खूब थिरके। एनसीजेडसीसी के शिल्प हाट में चल रहे राष्ट्रीय शिल्प मेले में प्रतिदिन एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं, जिससे लोग खरीददारी के साथ ही साथ मनोरंजन का भी आनंद उठा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत सिक्किम के कलावती सुब्बा एवं दल घाण्टू लोकनृत्य की



लोकनृत्य प्रस्तुत करते कलाकार

शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद छत्तीसगढ़ का पंथी नृत्य जो सनातनी समुदाय का प्रमुख नृत्य माना जाता है इसे लोकनृत्य के माध्यम से आधात्मिक संदेश के साथ मानव जीवन की महत्ता को बताया गया है। महाराष्ट का लावणी एवं झारखण्ड के छऊ लोकनृत्य ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। ठसाठस भरे दर्शकों के बीच जब मंच पर शहिद नियाजी का आगमन होता है तो दर्शक जोरदार तालियों से उनका स्वागत करते है, उन्होंने अपनी पहली प्रस्तुति ऐ, मन कुन्तो मौला, अली मौला से की जिस पर दर्शका दीर्घा में बैठे लोगों का भरपूर प्यार मिला। इसके बाद दर्शकों के मांग पर एक से बढ़कर सूफी गीत प्रस्तुत कर तालियों की गड़गड़ाहट से खूग वाहवाही लूटी।

मैदानी कलाकार हैं लोगों के आकर्षण का केंद्र- मेले में लोग बढ़-चढ़ कर खरीददारी कर रहे हैं। किसी को राजस्थानी जूतियां लभा रही हैं तो किसी को कश्मीर से आए शिल्पकारों के उत्पाद। वही मैदानी कलाकार अपनी कला का प्रर्दशन कर मेले में आए लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। शिल्प हाट में कला और संस्कृति का समागम देखा जा सकता है। हर कोई इस मेले का साक्षी बनने का आतुर दिखाई दे रहा है। वही मुक्ताकाशी मंच पर 12 दिसंबर को पद्म श्री पण्डित राम दयाल शर्मा के निर्देशन में सुल्ताना डाकू नौटंकी का भी आयोजन किया जा रहा हैं।

## संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में युवती जख्मी

**कौशाम्बी।** भदोही जिले के भिखारी रामपुर निवासी शैलेंद्र कुमार शनिवार को भतीजी को साथ लेकर रिश्तेदारी गया था। शाम को वह बाइक से घर लौट रहा था। ओसा के समीप पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से लगने बाइक में बैठी युवती गिरकर जख्मी हो गई। दुर्घटना देख आस.पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। घायल युवती को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्जकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### सीएचसी चायल में नेत्र षिविर का आयोजन कल

**कौशाम्बी।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 6 दिसंबर को निःशुल्क आंखों के परीक्षण का कैंप लगाया जाएगा। कैंप में मरीजों की आंखों का परीक्षण कर उनको निशुल्क दवाइयां और चश्मों का वितरण किया जाएगा। साथ ही मोतियाबिंद के आपरेशन योग्य आंखों को चिन्हित कर उनका 7 दिसबंर को प्रयागराज के मनोहरदास नेत्र चिकित्सालय में ऑपरेशन किया जाएगा। सीएचसी के नेत्र चिकित्सक डा. विवेक कुमार ने यह जानकारी दी है।

# आमने-सामने से भिड़ी बाइक दो की मौत, एक गंभीर

**हादसा**

**सरायअकिल के बिरनेर मोड़ के समीप हुआ हादसा**




**कनैली, कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली अंतर्गत बिरनेर मोड़ के समीप शनिवार रात आमने सामने से भिड़ी बाइक में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिय है। घटना के बाद से मृतकों के परिवार में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।

घटना का जिक्र करें तो दरहा गांव निवासी विकास कुमार पुत्र सत्यप्रकाश (17) अपने साथी अहेम पुत्र आनंद कुमार के साथ शनिवार शाम बाइक से पड़ोस की शादी में शामिल होने के लिए फकीराबाद गेस्टहाउस गया था। रात करीब 12 बजे विकास अपने साथी अहेम को लेकर दूसरी शादी में शामिल होने के लिए धारूपुर गांव स्थित गेस्टहाउस के लिए फकीराबाद से निकला। जैसे ही वह बिरनेर मोड़ के समीप पहुंचा, इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार पठन का पूरा निवासी अभिषेकपाल पुत्र महेशपाल (18) से भिड़ंत हो गई। हादसे में अभिषेकपाल के सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि विकास समेत पीछे बैठा अहेम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भेज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर अस्पताल में इलाज के दौरान विकास की भी मौत हो गई। जबकि अहेम की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद से मृतकों के परिजनों में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।

# कैंसर पीड़ितों को सिराथू विधायिका ने दिलाई आर्थिक मदद

**कौशाम्बी।** सिराथू विधायिका पल्लवी पटेल अपने विधान सिराथू क्षेत्र के नौ कैंसर रोगियों को इलाज के लिए आर्थिक मदद दिलाई है। उनके इस कार्य की सराहना लोगों की जुबां पर होती दिखी। जिक्र करें तो सिराथू विधान सभा क्षेत्र के फतेहपुर बेला निवासी वीरेंद्र कुमार कैंसर पीड़ित हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनके इलाज में कठिनाइयां आ रहीं थी। ऐसे में उनके परिवार के लोगों ने विधायक सिराथू पल्लवी पटेल से आर्थिक मदद की गुहार लगाई, जिस पर उन्होंने 80000 की धनराशि मदद के रूप में दिलाई है। वही केतकी देवी पति भैयालाल पहाड़ी का पुरवा की रहने वाली इनको ढाई लाख की धनराशि दिलाई है। साथ ही रंजना त्रिपाठी संतोष कुमार त्रिपाठी सिंधिया भरवारी सहित तकरीबन नो कैंसर पीड़ितों को आर्थिक मदद दिलाई है।

# शक्तिपीठ कड़ा धाम में धूमधाम से हुआ विवाह



एक दूसरे पर वरमाला डालते वर-वधु

**विवाह**

**समाजसेवी की पुत्री का मंदिर परिसर में हाथ हुए पीले**

**कौशाम्बी।** शक्तिपीठ कडाधाम में समाज सेवी स्व0 रामसिंह पंडा की पुत्री नेहा का गोलू पंडा पुत्र बर्फी पंडा, निवासी महेडी फतेहपुर की कडाधाम मन्दिर में धूमधाम से शादी सम्पन्न कराई गई। शादी को सम्पन्न कराने के लिए पंडा समाज के पूर्व अध्यक्ष जनार्दन पंडा व अश्विन पंडा की अगुवाई में इस विवाह की कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान जिलाप्रशासन, समाजसेवीयो, पत्रकार बंधुओं व पंडा समाज के लोगों से भी सहयोग लिया गया। रविवार को मन्दिर प्रांगण को सुंदर तरीके से सजवाया गया और इस विवाह को विधि विधान से सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर कडाधाम थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी, पंडा समाज अध्यक्ष उदय पंडा, वारिष्ठ भाजपा नेता अरुण केशरवानी, वारिष्ठ पत्रकार राकेश सोनकर, शिवशंकर मोदनवाल, मनोज सहगल, रविपंडा, बब्लू केशरवानी, समाजसेवी अतहर अब्बास,धनंजय पुजारी सहित भारी संख्या में पंडा समाज के लोग मौजूद रहे।

# बैंक कर्मचारियों की दबंगई से भड़के व्यापारी

**धरना प्रदर्शन**

**बगैर सुविधा शुल्क के काम न करने का लगाया आरोप**



प्रदर्शन करते व्यापारीगण

**दारानगर, कौशाम्बी।** अजुहा नगर के कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित भारतीय स्टेट बैंक में व्यापार मंडल अजुहा अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रहरि के नेतृत्व मे व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए बैंक कर्मचारियों के ऊपर दबंगई व काम मे ढीला खोरी का आरोप लगाया।

मंडी मे इस समय धान का सीजन चल रहा है जिसमे किसान अपना धान मंडी में व्यापारियों को बेचते है। व्यापारी किसान को चेक देते है। व्यापारी का आरोप है कि बैंक के कर्मचारी बिना वजह चेक को क्लियर करने मे ढीला खोरी करते है जिससे व्यापार प्रभावित होता है। किसान सुभाष यादव के अनुसार बैंक मे चेक लगाया तो उनसे केवाईसी जमा करने को कहा उसके बाद भी चार पांच दिन उनका काम नहीं हुआ तो उन्होंने शाखा प्रबंधक से शिकायत किया तो बैंक के कर्मचारी उनसे हाथापाई पर उतर आये। व्यापारी अभिषेक केसरवानी के अनुसार सुविधा शुल्क दे देते है उनका काम हो जाता है और जो नहीं देते उनका काम लटका दिया जाता है। व्यापारी अमन केसरवानी ने कहा कि उनके चेक के खाता नंबर में 0 की जगह 9 लिखकर चेक पेंडिग मे डाल दिया गया। व्यापारी श्रवन कुमार के अनुसार किसान के भुगतान को बैंक गया तो मुझे पैसा देने से साफ साफ मना कर दिया। वहीं शाखा प्रबंधक क्षितिज रस्तोगी का कहना है की व्यापारियों की समस्या आयी थी बैंक मे कर्मचारी कम होने के कारण समस्याए आ रही है जल्द हीं समस्या का निस्तारण हो जायेगा। अजुहा चौकी प्रभारी गौरव त्रिवेदी ने व्यापारियों को आश्वासन देकर शांत कराया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रहरि, महामंत्री राकेश कुमार केसरवानी, शिव कोटी लाल, शिव बाबू केसरवानी, द्वारिका प्रसाद साहू राकेश अग्रहरि आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### गोशाला के निर्माण की मांग

**कौशाम्बी।** आवारा मवेशियों ने किसानों की रातों की नींद हराम कर दी है। सिराथू ब्लॉक में सैकड़ों आवारा पशु घूम रहे हैं। इलाके के बबलू, प्रमोद, दिलीप कुमार, सुखलाल, ज्ञानेंद्र कुमार, मंगला प्रसाद आदि किसानों का कहना है कि शिकायत के बाद भी आवारा पशुओं से छुटकारा के लिए कोई इंतजाम नहीं किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि अस्थायी गोशाला का निर्माण कराकर छुट्टा मवेशियों को उसमें बंद कर दिया जाए तो किसान की फसल बच सकती है। किसानों ने गोशाला के निर्माण की गुहार लगाई है।

# घर में घुसकर कुनबे को पीटा

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के कोड़र गांव में दबंगों ने घर में घुसकर आरोपितों ने कुनबे को पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोड़र निवासी कल्लू ने बताया कि पड़ोसी से उसके परिवार का पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दो दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी हो गई। तीखी झड़प के बाद शनिवार की शाम पड़ोसी साथियों के साथ घर पर आ गया। आरोपित घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने राम सुमेर के साथ उसकी पत्नी आदि को पीट दिया। ग्रामीणों को देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित सात लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कई सालों तक बनाया सम्बंध अब शादी से किया इनकार

**दारानगर, कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक युवती को जाफरपुर गांव का एक व्यक्ति प्रेम जाल में फंसा लिया। एक ही बिरादरी के होने के नाते उक्त युवक ने युवती को शादी का झांसा दिया। शादी का झांसा देकर कई सालों तक युवक सम्बंध बनाता रहा। युवती का कहना है कि युवक ने मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में किराए का कमरा लेकर रह रहा है। कई बार वह वहां भी ले जाकर सम्बंध बनाया। युवती ने युवक पर जब शादी करने का दबाव बनाया तो युवक शादी करने से मुकर गया। युवक के शादी मुकर जाने से युवती ने आपबीती अपने परिजनों से बतायी। परिजनों ने इसकी शिकायत युवक के परिजनों से की तो युवक और उसके परिजन मारपीट में आमदा हो गए। पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव से किया। एसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने धर्मेंद्र सोनकर सहित छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। एसपी समर बहादुर ने बताया कि थाना सैनी क्षेत्र में एक प्रेम प्रसंग के मामले में एक मुकदमा पंजीकृत किया गया है इसमें पीड़ित का आरोप है कि उसके एक रिश्तेदार ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में शादी से मुकर गया। इस प्रकरण में मुकदमा पंजीकृत किया गया है जो जांच में सच्चाई आएगी उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# घर पर अकेली महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार शाम गौशाले से लकड़ी निकालने गई महिला के साथ गांव के ही युवक ने जबरन रेप का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर उसकी जमकर पिटाई कर दी। शोर सुनकर लोगों को आता देख युवक किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। बरियावां चौकी इलाके के एक गांव निवासी पूना में रहकर मजदूरी करता हे। घर पर उसकी पत्नी छोटे बच्चों के साथ रहती है। शनिवार शाम वह घर के समीप ही बने गौशाले से लकड़ी निकालने के लिए गई थी। इसी दौरान गांव का ही एक युवक महिला को गौशाले में अकेला देख पहुंच गया। महिला के अनुसार युवक ने उसे जबरन पकड़कर जमीन पर पटक दिया और उसके साथ रेप का प्रयास करने लगा। महिला के विरोध करने पर युवक ने उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर लोगों को आता देख युवक किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मेला देखने गए युवक को साथियों ने पीटा

**कौशाम्बी।** कोतवाली के कोड़र गांव का सुचित कुमार दो दिन पहले पड़ोसी युवकों के साथ मेला देखने गया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान रास्ते में साथियों से रंजिशन कहासुनी हो गई। तीखी झड़प के बाद साथियों ने युवक को पीट दिया। घर लौटकर युवक ने परिजनों को जानकारी दी तो परिवार के लोग आरोपितों के घर उलाहना दिया। इस पर उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित राजू समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# छह माह बाद दर्ज हुई दुराचार की एफआईआर

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ छह महीने पहले पड़ोसी युवक ने दुराचार किया था।अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरायअकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी पांच सितंबर की दोपहर घर में अकेली थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान किशोरी को घर में अकेली देख पड़ोसी युवक बहाने से घर के भीतर पहुंचा और किशोरी से दुराचार किया। दूसरे दिन पीड़िता की मां शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची लेकिन पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। पीड़िता अदालत पहुंची। अदालत के आदेश पर शनिवार को पुलिस ने पीड़िता के मां की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ दुराचार का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपित युवक घर छोड़कर फरार हो गया है।

# एक हजार एक सौ ग्यारह कन्याओं को भोजन कराकर बांटे गरीबों को कम्बल

**नेक कार्य**

**एसडीएम सिराथू ने कम्बल वितरित कर कार्यक्रम की करी शुरुआत**



गरीबों में कंबल का वितरण करते एसडीएम सिराथू

**कौशाम्बी।** सनातन संस्कृति में अन्नदान, वस्त्रदान, विद्यादान, अभयदान और धनदान प्रमुख बताए गए हैं। अन्न दान व वस्त्र दान के इसी क्रम में सिराथू तहसील के सौरई बुजुर्ग निवासी समाजसेवी अजय कुमार साहू व उनकी धर्मपत्नी राठौर शशि देवी ने अपनी माता स्व.जानकी देवी की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर एक हजार एक सौ ग्यारह कन्याओं का भोजन के साथ गरीबों को एक सौ एक कम्बल वितरित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत सिराथू एसडीएम राहुल देवभट्ट ने करते हुए बताया कि गरीबों व असहायों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। एक इंसान तभी अच्छा हो सकता है जब वह समाज की सेवा करे और लोगों के लिये भलाई का कार्य करे। अन्नदान एवं वस्त्रदान सबसे बड़ा दान है। शिक्षक अजय कुमार ने बताया कि हमारा परिवार हमेशा से मिल.जुलकर समाज की जो सेवा कर रहा हैए यह प्रेरणा हमारे बाबू गौरी शंकर साहू से मिली है। इस दौरान अनिल कुमार साहू, रेनू साहू, सत्यवती, अशर्फी लाल सहित हजारों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहें।

# भगवा ध्वज के तले संगठित होकर देश के विरुद्ध षडयंत्रों को रोके सनातनी : शशि भाल त्रिपाठी



समरसता भोज में मौजूद लोग

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में स्वयंसेवक संगम एवं समरसता भोज का आयोजन मंझनपुर नगर में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत घुमंतू कार्य प्रमुख शशि भाल त्रिपाठी ने कहा कि हिंदू समाज को स्वयं के विरुद्ध होने वाले षड़यंत्रों को रोकने के लिए संगठित होकर कार्य करना होगा। समाज के सभी वर्गों को एक दूसरे के साथ बेहतर सामंजस्य एवं समरसता का भाव उत्पन्न करना होगा जो कि सिर्फ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही कर सकता है कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक प्रमोद कुमार तथा आशीष कुमार केसरवानी बच्चा चूना वाले कि सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सहभोज कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी वर्गो के सैकड़ों लोगो ने साथ बैठकर भोज ग्रहण किया

समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में, केसरवानी राजेंद्र अग्रहरि,लल्ला अग्रहरि, सुरेंद्र मिश्रा, वेद प्रकाश पांडे, आजाद सरोज, शारदा प्रसाद सरोज, पप्पू सरोज, सुनील साहू, राजेंद्र कुमार, राजू विश्वकर्मा, माधव प्रसाद चौरसिया, उपेंद्र शर्मा, बच्चा लाल चौधरी, सुशील श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र साहू संजय, सत्यम आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# घर के बाहर बंधी भैंस खोल ले गए चोर

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली अंतर्गत बरलहा गांव में शनिवार की रात घर के बाहर बंधी भैंस चोर खोल ले गए। सुबह पशुपालक को जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। गांव व आस पास के इलाके में खोजबीन की गई। बावजूद इसके भैंस का कोई सुराग नही लगा। पशुपालक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करारी के बरलहा गांव का पलटू सरोज पुत्र सुख लाल करारी कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में मजदूरी करता है। शनिवार की सुबह वह भैंस को चारा पानी देकर घर के बाहर बांध दिया। इसके बाद मजदूरी पर चला गया। दूसरे दिन सुबह जब वह घर पहुंचा तो भैंस नदारद थी। गांव व आसपास के इलाके में खोजबीन की गई। लेकिन भैंस का कोई सुराग नहीं लगा। पशुपालक का आरोप है कि विवाद के बाद मायके में रह रही उसकी पत्नी वह ससुर ने भैंस चोरी की घटना को अंजाम दिया है। शिकायत के बाद पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता, दी तहरीर

**कौशाम्बी।** सरायअकिल क्षेत्र के एक गांव कि छात्रा शनिवार को विद्यालय के लिए निकली थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तब स्वजनों ने अनहोनी की आशंका करते हुए उसकी खोज बीन शुरू किया। खोज बीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित पिता ने घटना में साथ पढ़ रहे एक युवक के खिलाफ तहरीर दी। सरायअकिल के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि सेंवथा स्थित ब्रम्हचारी इंटर मीडिएट कालेज में उनकी नाबालिक बेटी 11वीं की छात्रा है। शनिवार की सुबह वह घर से स्कूल के लिए निकली। इसी बीच वह संदिग्ध परिस्थितियों लापता हो गई। स्कूल बंद होने के काफी समय बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंची तो स्वजनों ने अनहोनी की आशंका करते हुए उसकी तलाश शुरू किया। इस बीच उन्हे जानकारी मिली की छात्रा स्कूल नहीं आई थी। साथ ही उनके कक्षा का एक युवक भी स्कूल नहीं आया । देर शाम तक खोज बीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित पिता ने अमवा गांव के युवक राज पाण्डेय के खिलाफ छात्रा को अगवा करने का आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू किया है।

### दबंगों ने पिता.पुत्री को पीटकर किया जख्मी

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के कूरामुरीदन निवासी सत्य नारायण ने बताया कि पड़ोसी पट्टीदार से उसका विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान पड़ोसी ने साथी के साथ मिल अधेड़ को पीट दिया। पिता को पिटते देख बेटी बीच.बचाव करने पहुंची तो आरोपितों ने उसकी भी पिटाई कर दी। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# आरोप : किशोरी के साथ पड़ोसी युवक ने किया रेप

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के पथरावां चौकी अंतर्गत एक गांव निवासिनी किशोरी के साथ पड़ोस का ही युवक रेप किया। पीड़ित परिवार ने इसकी लिखित तहरीर चौकी पुलिस को दिया। हालांकि आरोप है कि पुलिस ने तहरीर बदलवा दिया है। पीड़ित परिवार का यह भी आरोप था कि रेप की घटना को पचा कर कोतवाली पुलिस छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज किया है। हालांकि मामले में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद स्पष्ट होगा। लेकिन पीड़ित की मां के अनुसार उसकी पुत्री को गुटखा के बहाने युवक ने तालाब किनारे बुलाया और उसका मुंह दबाकर उसके साथ मुंहकाला किया है। बहरहाल प्रकरण की जांच पुलिस ने शुरू कर दिया था। हालांकि आरोपों पर कितना दम है यह पुलिसिया जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

## संक्षेप

### ब्लाक में पिटी ट्रेनें, एडीईएन ने पल्ला झाड़ा, परेशान हुए यात्री

**प्रतापगढ़।** अंतू रेलवे स्टेशन के निकट ट्रैक नवीनीकरण कराने के चक्कर में दिल्ली जाने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस और पदमावत एक्सप्रेस को लेट लतीफी का सामना करना पड़ा। एडीईएन ने इस पूरे मामले से ही पल्ला झाड़ लिए। जबकि इनकी कार्य प्रणाली से खिन्न एक कर्मचारी से इनकी बहस भी हुई। अंतू रेलवे स्टेशन के पास नई रेलवे लाइन बिछाने का काम होना था। सूत्रों के अनुसार इसके लिए शाम को ब्लाक लेकर काम पूरा करने का निर्देश सहायक मंडलीय अभियंता ने मातहतों को दिया था। पटरी बदलने में तय समय से अधिक समय लग गया। जिस कारण से दिल्ली जाने वाली काशी विश्वनाथ और पदमावत एक्सप्रेस का संचालन प्रभावित हुआ। यह मामला ऊपर तक पहुंचा। ऊपर से मिली फटकार से खार खाए अभियंता ने मातहतों की क्लास लेनी शुरू की। इससे कर्मचारी नाराज हुए। उनकी बहस भी हुई। लेटलतीफी की वजह सिग्नल विभाग को बताया गया है। इस बारे में सहायक मंडलीय अभियंता डोरीलाल से बात की गई तो उन्होंने अंतू में ब्लाक को ही नकारा दिया है।

# भूमाफियाओं का तांडव : रोड वाली जमीन का बैनाम कर दो वरना पूरे परिवार को जान से मार दूंगा

**दबंगई**

**रामसिंह की तहरीर पर सुरेश नारायण सिंह, अतुल सिंह, विनय सिंह सहित दर्जन भर लोगों के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज**



बाउंड्रीवाल ढहाता जेसीबी

**प्रतापगढ़।** रोड वाली जमीन का बैनाम कर दो वरना एक सप्ताह बाद पूरे परिवार को जान से मार दूंगा। नगर कोतवाली के सोनावॉ गांव निवासी राम सिंह यादव के घर पर धावा बोलकर शनिवार को दर्जनभर भूमाफियाओं ने तांडव किया। हलॉकि पुलिस ने चिलबिला कोट के अतुल सिंह, सुरेश नारायण सिंह, विनय सिंह उर्फ शुभम सिंह समेत दर्जनभर अज्ञात लोगों के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया है। सोनावां के रामसिंह ने बताया कि उनकी जमीन अयोध्या प्रयागराज हाइवे पर है। सुरेश नारायण व अतुल सिंह आदि उक्त जमीन को बैनामा करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। जब मैने मना कर दिया तो शनिवार को लग्जरी वाहनों से आये दर्जन भर लोगों ने मेरे घर पर चढ़कर तांडव किया। मेरा लड़का बलवंत ने जब विरोध किया तो अतुल सिंह ने उसके मुंह में पिस्टल घुसेड़ दिया। बचाव में दूसरा बेटा रणविजय आया तो उसे पीटने लगे। बेटी बचाव में आई तो उसे नंगा कर अश्लील हरकत करने लगे। घर के अंदर से बहू ने पुलिस को फोन किया तो दबंग गालियां देते हुए भाग निगले। जाते समय धमकी दिये कि यदि एक सप्ताह में जमीन का बैनामा नहीं किया तो पूरे परिवार को जान से मार दूँगा। रामसिंह की तहरीर पर सुरेश नारायण सिंह, अतुल सिंह, विनय सिंह सहित दर्जन भर लोगों के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित ने परिवार से जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। इसके पहले भी दबंग भूमफिया चिलबिला क्षेत्र में कई गरीबों की जमीन को जबरियॉ हथिया चुके हैं। गरीबों की जमीन औने पौने दामों में लेने के बाद प्लाटिंग करके ऊंचे दामों में बेंचकर मोटी कमाई का जरिया बना रखे हैं।



किसान सम्मेलन में उपस्थित लोग

## किसान सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा नवसृजित नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में रविवार को किसान प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा के नेतृत्व में कराये जा रहे जनपद स्तरीय सम्मेलनों में निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा के सुशासन में सबको समान अधिकार मिला हुआ है।आप लोग पूरे जोश और निष्ठा से कमल के फूल पर मतदान कर भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। बाबा अमरनाथ शर्मा ने सरकार के कल्याणकारी योजनाओं पर अपने विचार रखे। भाजपा के मंडल अध्यक्ष आलोक सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए सभी कार्यकताओं को जनसम्पर्क करने को कहा। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अभिनव शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य मो0 कासिम, डा0 अमर बहादुर सिंह, राकेश, अजय कुमार अग्रहरि, मो0 अनीश, शशि कान्त शुक्ल, निरंजन सिंह, पीयूष कुमार शुक्ल समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अतुल शुक्ल ने किया।

### प्रतापगढ़ को हराकर शमशेरगंज ने खिताब पर किया कब्जा



**प्रतापगढ़।** मान्धाता विकासखंड के विश्वनाथगंज में वरिष्ठ पत्रकार वा समाजसेवी स्व शिव शंकर सिंह की स्मृति में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जन जागरण समिति के आयोजन में विभिन्न जनपद की 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में श्मशेरगंज की टीम फाइनल में विजेता रही। विश्वनाथगंज कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अथिति विश्वनाथगंज विधायक की पत्नी विमलेश पटेल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मौजूद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कोहला ग्राम प्रधान अशोक सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। फाइनल मैच प्रतापगढ़ और शमशेरगंज के बीच खेला गया। जिसमे शमशेरगंज की टीम ने प्रतापगढ़ की टीम को शिकस्त देते हुए रोमांचक मैच में शिकस्त दी। कबड्डी प्रतियोगिता का समापन मान्धाता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद ने किया। प्रमुख प्रतिनिधि ने विजेता वा उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में संजय सिंह, त्रिलोचन सिंह, रवि सिंह, लाल मणि सिंह व स्कोरर की भूमिका सचिन सिंह व सौरभ गुप्ता ने निभाई। जन जागरण समिति के कार्यकर्ता सूर्यभान सिंह, रोहित सिंह, हरिप्रसाद मिश्र ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राम जोर मिश्र, विकास, सतीश, अजीत सिंह, दिवाकर सिंह, राकेश सिंह, दिलीप सिंह, दिनेश सिंह, बबलू राय, रिजवान, सुनील सिंह, मुन्ना , कृष्ण देव सिंह, सकूर आदि लोग मौजूद रहे।

### कार्डधारकों को पांच से चैदह दिसम्बर के बीच होगा खाद्यान्न वितरण

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी बताया है कि अक्टूबर के सापेक्ष अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 5 से 14 दिसंबर तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से कोटेदारों द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल दिया जाएगा। पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (गेहूँ 2 रुपए प्रति किग्रा0 तथा चावल 3 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से) वितरण किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 14 दिसंबर को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रोन्जेक्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन कोटेदारों को अक्टूबर के सापेक्ष एन0एफ0एस0ए0 योजना के तहत खाद्यान्न प्राप्त हो चुका है, वह कोटेदार 5 दिसंबर से वितरण प्रारम्भ करेगें। जिन कोटेदारों को खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो पाया है वह खाद्यान्न प्राप्त न होने की सूचना दुकान की नोटिस बोर्ड पर चस्पा करेगें। खाद्यान्न प्राप्त होने पर कार्डधारकों को सूचित करते हुए वितरण करेंगे।

### भक्ति के मार्ग पर चलने से जीवन को मिल सकता है किनारा : लल्लू महाराज




**पट्टी।** भक्ति के मार्ग पर चलने से जीवन को किनारा मिल सकता है। और इस कलयुग में भी भगवत भजन करने भागवत कथा श्रवण से जीवन सफल हो सकता है। ईश्वर की कृपा के बगैर मनुष्य चाह कर भी कुछ नहीं कर सकता है। धर्म के रास्ते पर चलने पर ही मानव जीवन सफल हो सकता है। उक्त बातें रानीगंज तहसील क्षेत्र के जामताली श्रीपुर गाव में राजेंद्र प्रसाद दुबे के आवास पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए कथावाचक नागेंद्र मणि त्रिपाठी, लल्लू महाराज ने कही। उन्होंने आगे कहा कि कथा सुनने से मन की व्यथा दूर हो जाती है। और इस कलयुग में भागवत कथा सुनने भगवत भजन करने से ही मानव जीवन को किनारा मिल सकता है। इस दौरान मनोहारी संगीतमयी कृष्ण जन्म,, रुकमणी, जरासंध, अजामिल, धुंधकारी सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो उठे। और भक्ति रस वर्षा में गोता लगाकर धन्य हो उठे।और जामताली क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेंद्र प्रसाद दुबे,सोन पत्ती दुबे,ऊषा दुबे, राजेश्वर प्रसाद दुबे, कमलेश दुबे, सी.ओ. दुबे, प्रमोद दुबे,रामानंद ओझा, प्रेम जी मिश्र, श्री निवास दुबे, अनंत कुमार दुबे, सुदीप रंजन मिश्र एडवोकेट, राहुल त्रिपाठी एडवोकेट, सुधांशु रंजन मिश्र, अरुण दुबे,केसरी नंदन पांडेय, राजू दुबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के असैनापुर गांव में रंजिशन मारपीट में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है। असैनापुर गांव के स्वर्गीय रामराज वर्मा की पत्नी फूलकली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 30 नवंबर को दोपहर गांव के विपक्षी माधव बर्मा के पुत्र जगदेव व भागीरथी की पत्नी गुड्डी ने रंजिसन उसकी बेटी को लाठी डंडे से मारा पीटा। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता की बेटी को गाली देते हुए जानलेवा धमकी भी दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने जगदेव समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## एक महिला मकान मालिक से लूडो में ऐसा हारी की खुद को भी लगा दिया दांव पर



**प्रतापगढ़।** शहर में किराये के मकान में रह रही एक महिला ने मकान मालिक से लूडो में ऐसा हारी की उसने खुद को ही दांव पर लगा दिया। इसकी जानकारी जब महिला के पति को हुई तो उसेने पुलिस से गुहार लगाई। महिला प्रतापगढ़ शहर के भंगवाचुंगी एलिया में किराये के कमरे में रहती है। महिला का पति राजस्थान के ईंट भट्ठे पर काम करता है। पति के मुताबिक वह पत्नी के खाते में पैसा भेजता है। एक दिन उसने फोन से घर अपने की इच्छा जताई तो महिला ने कहा कि मैं यहॉ मकान मालिक से लूडो खेलने के दौरान खुद को हार चुकी हूॅ। यहॉ आओगे तो कुल्हाड़ी से कटवाकर तुमको फेंक दिया जायेगा। यहॉ आना तो कोर्ट में लिखा पढ़ी कर देना। पति ने बताया कि उसने इस बात की शिकायत भंगवा चुंगी चैकी पुलिस से की थी। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्यवाही की बात कही, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। महिला के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। वहीं मकान मालिक के भी दो बच्चे हैं। पति का कहना है कि पत्नी को जुआ खेलने का शौक था। इस वजह से वह ताश और लूडो खेला करती है। इस मामले में सीओ सिटी सुबोध गौतम ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों ने जमकर पीटा

**पट्टी।** जमीन के विवाद को लेकर गेहूं की बुवाई कर रहे अनिल कुमार व उनके बेटे को विपक्षियों ने एक राय होकर लाठी-डंडे से जमकर पीटा पीड़ित ने थाने पर दी तहरीर। कोतवाली क्षेत्र के मरहा गांव निवासी अनिल कुमार सिंह पुत्र श्रीराम सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह रविवार के दिन अपने खेत में गेहूं की बुवाई कर रहे थे इस दौरान विपक्षी एक राय होकर आधा दर्जन के साथ खेत में पहुंचे और मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिए पिता को पिटता देख पुत्र रितिक बीच-बचाव करने के लिए मौके पर पहुंचा तो उक्त लोगों ने उसे भी जमकर पीट दिया और उसके कपड़े फाड़ दिए पीड़ित ने पक्षियों पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पट्टी कोतवाली में नामजद तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## हॉस्टल के कमरे में लटकता मिला छात्रा का शव पिता ने कहा बेटी आत्म हत्या नहीं कर सकती



मृतक छात्रा (फाइल फोटो

**प्रतापगढ़।** कुंडा के डेरवा सबलगढ़ की रहने वाली कोमल द्विवेदी का शव लखनऊ स्थित डॉ. शकुंतला देवी राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्रावास के कमरे में फंदे से लटकता पाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद से ही माता पिता स्तब्ध हैं। एलएलबी की पढ़ाई कर रही कोमल कृष्णानगर के स्नेहनगर में एक निजी छात्रावास में रहती थी। कोमल जेठवारा थाना क्षेत्र के सबलगढ़ डेरवा के रहने वाले राम कृष्ण द्विवेदी की बेटी थी। वह लखनऊ के डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्विद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई कर रही थी। रविवार की सुबह उसने दरवाजा नहीं खोला तो उसके साथ पढ़ने वाली छात्राओं ने इसकी सूचना पिता रामकृष्ण को दिया। उन्होंने भी कहा कि वो खुद कई बार फोन लगा चुके हैं, लेकिन कोमल फोन नहीं उठा रही है। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। तब मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कोमल फांसी के फंदे पर झूल रही थी। घटना की सूचना पुलिस ने कोमल के घर वालों को दी।

### पिता ने कहा बेटी नहीं कर सकती आत्महत्या

कोमल के पिता रामकृष्ण का कहना है कि कोमल का किसी सब्जेक्ट में बैक पेपर आ गया था। लेकिन इस कारण से उनकी बिटिया आत्महत्या नहीं कर सकती है। उन्होंने पूरे मामले की जांच करने की मांग की है। उन्होंने ये भी कहा कि कोमल से रोजाना उनकी बात होती थी, लेकिन कभी ऐसा नहीं लगा की वो नर्वस है। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## राजा उदय प्रताप सिंह ने धर्मान्तरण और लव जिहाद पर कठोर कानून बनाने का किया समर्थन



राजा उदय प्रताप सिंह से मुलाकात करते विश्व हिन्दू परिषद का शिष्टमंडल

**प्रतापगढ़।** डा0 शिवेशानन्द महराज के नेतृत्व में रविवार को विश्व हिन्दू परिषद का शिष्टमंडल कुण्डा पहुंचकर भदरी नरेश राजा उदय प्रताप सिंह से मुलाकात की। धर्मान्तरण और लव जिहाद पर बोलते हुए राजा भैया के पिता राजा उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हिन्दू समाज के लोगों को इसके लिए स्वयं जागरूक होना पड़ेगा। उन्हें अपने परिवार वालों को धर्मान्तरण और अपनी बच्चियों को लव जिहाद जैसे खतरनाक षड़यंत्र से बचने के लिए सचेत करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि धर्मान्तरण व लव जिहाद जैसी गम्भीर सामाजिक अपराधों को भारतवर्ष में पूरी तरह से खत्म करने के लिए वर्तमान सरकार को जल्द से जल्द कठोर कानून बनाना चाहिए। डा0 शिवेशानन्द महराज ने इस मसले पर कहा कि विश्व हिन्दू परिषद हिन्दू समाज को दिन रात जगाने का कार्य कर रहा है। लेकिन इसके लिए हिन्दू समाज के माता पिता को अपने बेटे बेटियों को भारतवर्ष के गौरवशाली सनातन संस्कृति, धर्म संस्कारों के महत्व और मूल्य की शिक्षा देनी होगी। जिससे विदेशी शक्तियों द्वारा भारत में तेजी से फैलाए जा रहे धर्मान्तरण व लव जिहाद जैसे घृणित कृत्य को जड़ से समाप्त करने में सफलता मिलनी शुरू हो जाएगी। जिला सत्संग प्रमुख श्री नारायण शुक्ल ने कहा कि धर्मान्तरण और लव जेहाद रोकने के लिए सभी सनातनधर्मी को एक होकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान डा0 अजय मिश्र, डा0 रोजश मौर्य, डा0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह, आनंद शुक्ल, सुधांशु सिंह, शिवम मिश्र व ऋषभ मिश्र आदि मौजूद रहे।

## छात्र का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के नगर पंचायत के दीवानी वार्ड निवासी दिनेश तिवारी के पुत्र शिखर तिवारी उर्फ प्रदुम का शव शनिवार की रात घर पहुंचा। पीएम के बाद जैसे ही शिखर का शव घर पहुंचा परिजनों में कोहराम मच गया। शिखर का शनिवार की सुबह महेशगंज थाना के टांडा के समीप मुरैनी मार्ग पर शव मिला था। पुलिस की सूचना पर शिखर के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो उसकी पहचान की पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए शनिवार को जिला मुख्यालय भिजवाया था। घटना को लेकर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा भी घटनास्थल पर पहुंचे और महेशगंज पुलिस को घटना के बाबत कार्यवाही के निर्देश दिए थे। शनिवार की रात मृतक के परिजन महेशगंज थाना पहुंचे और घटना को लेकर एक नामजद आरोपी समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी। मृतक के चाचा मनोज की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर रविवार की सुबह मृतक का शव परिजन अंतिम संस्कार के लिए प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर ले गए। मृतक शिखर नगर पंचायत की बाजार लालगंज स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र भी था। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर प्रयागराज गया हुआ था। मृतक शिखर के पिता पंडित दिनेश तिवारी कर्मकांडी हैं और लालगंज घुइसरनाथ रोड पर स्थित एक शिव मंदिर में पूजा पाठ किया करते हैं। शिखर की हत्या को लेकर मनीपुर के दीवानी वार्ड में लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## हया की वादियों में शर्म के आंगन में रहती हूँ। मैं उर्दू हूँ सदा तहजीब के दामन में रहती हूं



कुल हिन्द मुशायरा कार्यक्रम में शायरी पेश करते शायर

**लालगंज-प्रतापगढ़।** हजरत मौलाना अतीक की याद में शनिवार की रात कुल हिन्द मुशायरा लालगंज के खानापट्टी चैराहे पर आयोजित किया गया। मुशायरे की सदारत मौलाना रहमानी और निजामत कासिम हुनर सलोनी ने किया। मुशायरे में शकील फूलपुरी ने पढ़ा- खूबसूरत लिबास है लेकिन, जिस्म नंगा दिखाई देता है। फलक सुल्तानपुरी ने अपनी दिलकश आवाज से मुशायरे में जान फूँकी। उन्होंने पढ़ा-हया की वादियों में, शर्म के आँगन में रहती हूँ। मैं उर्दू हूँ सदा तहजीब के दामन में रहती हूँ। अदब के नामचीन शायर खुर्शीद अम्बर ने बेहतरीन शाइरी पेश की उन्होंने पढ़ा- अजान अच्छी नहीं लगती, भजन अच्छा नहीं लगता, बुरे लोगों को पाकीजा चलन अच्छा नहीं लगता। डॉ. अनुज ने पढ़ा- जहाँ में नाम हिंदुस्तान का ऊँचा रहे हरदम, बुलंदी पर हमारे मुल्क का झंडा रहे हरदम, भले हम जांनिसारों का निशाँ मिट जाए दुनिया से, वतन जिन्दा रहे, जिन्दा रहे, जिन्दा रहे हरदम। अवधी के सशक्त रचनाकार आचार्य अनीस देहाती ने अवधी का रंग जमाया। उन्होंने सुनाया, मेल मुहब्बत, दुआ बंदगी अस गायब भै पांडे, वह देखा अब्दुल्लउ चच्चा खसकेन आड़े-आड़े। कौमी यकजहती के प्रतीक फैयाज परवाना ने सुनाया- दोस्तों अपनी मैली ये गंगा न हो, गर्दिशों में हमारा ये तिरंगा न हो, तो लोगों में जमकर इस्तकबाल किया। प्रयागराज की धरती से आये आमान सैयद फाकाकश की शाइरी लोगों के जज्बात को झिंझोड़ती नजर आयी उन्होंने सुनाया- इस डर से कहीं मुझको सजा लें न ताज पर, मैं सीपियों में रह गया गौहर नहीं बना। हाजी खलील फरीदी रायबरेलवी का जादू सर चढ़कर बोलता नजर आया, उन्होंने पढ़ा- उधर तुम जलाओ इधर हम जलाएं, दिये ही दिये हर तरफ जगमगाएं, मिले छाँव अपने पराये सभी को, मोहब्बत के ऐसे शजर हम लगाएं। डॉ. आफताब जौनपुरी की गजलों ने लोगों को अपना दीवाना बना लिया, उन्होंने पढ़ा- तुम गले रस्मन मिला करते हो मुझसे आजकल, गर मुहब्बत है तो दिल से दिल मिलाना चाहिए। निजामत कर रहे कासिम हुनर ने पढ़ा- मुफ़्तखोरी का बनाओगे सभी को आदी, किसी मजदूर को तुम काम नहीं देने के। नफीस अख़्तर सलोनी ने सुनाया- मुझको छोड़ोगे तो बुझ जाओगे तुम, बल्ब जलता है कहीं एक तार से। दिलशाद राही ने सुनाया- मैं दोस्ती के ही माहौल में रहा हूँ मैं, मुझे पता ही नहीं है कि दुश्मनी क्या है। कार्यक्रम की शुरूआत में सीनियर एडवोकेट ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सभी शायरों का खैरमकदम किया और आज के टूटते बिखरते रिश्तों पर चिंता जताते हुए कौमी यकजहती पर बल दिया। चैयरमैन प्रतिनिधि ने शायरों का सम्मान किया। बी. यन. सिंह ने शायरों को अंगवस्त्र भेंट किया। मुशायरे के सरपरस्त हाजी सैयद शफीक में सभी शायरों का आभार जताया और इस मुशायरे की हर साल आयोजित करने का ऐलान किया। इस मौके पर इरशाद भाई, बेलाल रहमानी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, डॉ. बच्चाबाबू वर्मा, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, आसिफ अली, इकबाल खान, जाहिद खान, मो. खालिद, मुहम्मद अली समेत सभी लोग देर रात तक जमे रहे।

**जनसंपादकीय**

# अनुसूचित जनजातियां: आदिवासी या वनवासी

अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने एक स्थान पर आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा के लोग आपको आदिवासी नहीं कहते. वे आपको किस नाम से पुकारते हैं? वे आपको वनवासी कहते हैं. वे आपको यह नहीं बताते कि आप इस देश के पहले मालिक हो. वे कहते हैं कि आप जंगलों में रहते हो... आदिवासियों के लिए संविधान में अनुसूचित जनजाति शब्द का इस्तेमाल किया गया है.

यह दिलचस्प है कि संविधान सभा में चर्चा के दौरान आदिवासियों के प्रतिनिधि जसपाल सिंह मुंडा ने संविधान में आदिवासी शब्द के प्रयोग की मांग की थी. वे उनके लिए वनजाति (जंगल के निवासी) शब्द के प्रयोग के आलोचक थे. संघ परिवार शुरू से ही आदिवासियों को वनवासी कहता रहा है. यहां तक कि सन 1952 में उसने आदिवासियों के हिन्दूकरण के लिए वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की. सच यह है कि आदिवासी मूलतः प्रकृति पूजक हैं.

आरएसएस के राम माधव ने कहा कि अगर वनवासियों को आदिवासी कहा जाएगा तो इसका अर्थ यह होगा कि देश के अन्य निवासी बाहर से आए हैं. राम माधव और उनकी संस्था की विचारधारा के अनुसार हिन्दू इस देश के मूल निवासी हैं. इस आख्यान के गहन राजनैतिक निहितार्थ हैं.

आर्यों के बाहर से भारत में आने या भारत पर आक्रमण करने के सिद्धांत का प्रतिपादन शुरूआती दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने किया था. उन्होंने अंग्रेजी में लिखी अपनी पुस्तक आर्कटिक होम ऑफ द वेदाज में यह प्रतिपादित किया कि आर्य एक उच्च नस्ल से थे और वे मूलतः आर्कटिक (उत्तरी ध्रुव) महाद्वीप में रहते थे और वहां से भारत आए थे. गोलवलकर, तिलक की बात का खंडन भी नहीं करना चाहते थे परंतु वे यह भी कहना चाहते थे कि आर्य भारत के मूल निवासी थे. इसलिए उन्होंने तिलक के सिद्धांत में एक अत्यंत हास्यास्पद संशोधन किया. उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में आर्कटिक बिहार और उड़ीसा के बीच था और वहां से खिसकते-खिसकते अपने वर्तमान स्थान पर पहुंच गया. शायद जब जमीन खिसक रही होगी तब लोग हवा में तैर रहे होंगे और धरती के थमते ही उन्होंने उसपर उतरकर मकान आदि बना लिए होंगे. गोलवलकर का कहना था कि बिहार और उड़ीसा से आर्कटिक पहले उत्तर-पूर्व दिशा की ओर बढ़ा और फिर वहां से कभी पश्चिम और कभी उत्तर दिशा में आगे बढ़ता हुआ अपने वर्तमान स्थल पर पहुंच गया. अगर यह बात मान ली जाए तब भी एक प्रश्न अनुत्तरित रहता है कि जब आर्कटिक खिसकते-खिसकते अपनी वर्तमान स्थिति पर पहुंचा होगा उसके बाद हमने उसे छोड़कर भारत का रूख किया था या हम यहीं बने रहे और आर्कटिक हमारे पेरों तले से खिसक कर अपनी लंबी यात्रा पर चला गया.

आर्यों की उत्पत्ति भारत में हुई थी यह साबित करने के लिए संघ परिवार ने इतनी कलाबाजियां क्यों कीं? इसका कारण यह है कि संघ यह साबित करना चाहता है कि हिन्दुओं का भारत भूमि पर निर्विवाद और अबाधित कब्जा रहा है और यह कब्जा किसी विदेशी नस्ल द्वारा भारत में कदम रखने से 8 या 10 हजार साल पहले से था. और इसलिए इस भूमि का नाम हिन्दुस्तान अर्थात हिन्दुओं का स्थान पड़ा. इस सारी कवायद का उद्धेश्य यह साबित करना है कि मुसलमान और ईसाई विदेशी हैं.

भाषाई, पुरातात्विक और अनुवांशिकीय अध्ययनों से यह साफ हो गया है कि हम सब की उत्पत्ति दक्षिण अफ्रीका में हुई थी. करीब 65 हजार साल पहले प्रवास की पहली लहर में लोग भारत भूमि पर बसे. जहां तक आर्यों का प्रश्न है, वे मध्य एशिया के स्टेपीस से करीब साढ़े तीन हजार साल पहले यहां आए. यहां आने के बाद उन्होंने यहां के मूल निवासी, आदिवासियों पर अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया. प्राचीन दुनिया में मनुष्यों के प्रवास का अत्यंत उत्कृष्ट विश्लेषण टानी जोजफ की पुस्तक अर्ली इंडियन्स में किया गया है. लेखक ने स्पष्ट रूप से यह साबित किया है कि आर्यों का मूल स्थान मध्य एशिया था.


कुल मिलाकर तथ्य यह है कि आर्यों के इस भूमि पर आने के बहुत पहले से आदिवासी यहां रहते थे. परंतु संघ परिवार येनकेन प्रकारेण यह साबित करना चाहता है कि आर्य भारत भूमि के मूल निवासी हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि इससे भारत पर हिन्दुओं का अधिकार साबित होता है. संघ का मानना है कि आदिवासी दरअसल वे आर्य हैं जिन्हें विदेशी आक्रांताओं (मुसलमानों) ने जंगलों में धकेल दिया था. अब यह संघ परिवार की जिम्मेदारी है कि वह आदिवासियों को याद दिलाए कि वे मूलतः हिन्दू हैं और हिन्दू धर्म में उनकी वापिसी करवाकर उन्हें ब्राम्हणवादी बनाए.

सन 1980 के दशक के बाद से वनवासी कल्याण आश्रम आदि की गतिविधियां अत्यंत आक्रामक हो गईं. उन्होंने सोशल इंजीनियरिंग के जरिए आदिवासियों के एक तबके को अपने साथ ले लिया. आदिवासी इलाकों में ईसाई मिशनरियां लंबे समय से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहीं थीं. इन इलाकों में सक्रिय संघ और उसके अनुषांगिक संगठनों के कार्यकताओं को तीन काम सौंपे गए - पहला, आदिवासियों के वोट भाजपा की झोली में जाना सुनिश्चित करना, दूसरा, आदिवासियों का हिन्दूकरण करना और तीसरा इन इलाकों में ईसाई मिशनरियों का प्रभाव कम करना. गुजरात के डांग, मध्यप्रदेश के झाबुआ और उड़ीसा के कंधमाल जैसे आदिवासी इलाकों में संघ के प्रचारकों ने अपने बड़े-बड़े केन्द्र स्थापित किए. ईसाई मिशनरियों के खिलाफ हिंसा भी शुरू की गई जिसका एक वीभत्स उदाहरण था सन 1999 में पॉस्टर ग्राहम स्टेन्स और उनके दो मासूम पुत्रों की जिंदा जलाकर हत्या. इसके बाद सन 2008 में कंधमाल में भयावह हिंसा हुई. आदिवासी इलाकों में दिलीप सिंह जूदेव जैसे लोग भी सक्रिय हो गए. जूदेव ने घर वापिसी कार्यक्रम चलाया जिसका उद्धेश्य आदिवासों को हिन्दू बनाना था. आदिवासी इलाकों में एकल विद्यालय भी खोले गए जिनमें बच्चों को इतिहास का संघी संस्करण पढ़ाया जाता है.

इसी तरह आदिवासी क्षेत्रों में शबरी कुंभ आयोजित किए गए. भगवान हनुमान और शबरी माता को आदिवासियों के आराध्य के रूप में प्रस्तुत किया गया. कारण यह है कि ये दोनों भगवान राम के अनन्य भक्त थे. संघ परिवार की रणनीति सफल रही और आदिवासी इलाकों में भाजपा की चुनावी सफलताओं का ग्राफ तेजी से बढ़ने लगा. हमें यह भी समझना चाहिए कि आदिवासियों के बीच केवल शबरी और हनुमान का प्रचार करने का निहितार्थ यही है कि उन्हें हिन्दुओं की अंधभक्ति करनी है.

आदिवासी इलाके देश के सबसे गरीब क्षेत्रों में शामिल हैं और पिछले दो दशकों में वहां आदिवासियों के विरुद्ध हिंसा में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है. आंकड़ों से पता चलता है कि यह हिंसा बड़े पैमाने पर नहीं हो रही है परंतु यह लगातार जारी है.

आदिवासियों को शबरी और हनुमान नहीं बल्कि पानी और शिक्षा चाहिए. राहुल गांधी ने बिल्कुल ठीक कहा कि भाजपा-आरएसएस का लक्ष्य आदिवासियों को गुलाम बनाकर रखना है. आपको वन के संसाधनों पर अधिकार किसने दिया? कांग्रेस ने. वनाधिकार अधिनियम और पेसा अधिनियम किसने लागू किए? हमने. केवल कांग्रेस ही आपके अधिकारों के लिए लड़ सकती है.... भाजपा देश के मूल निवासियों को पराधीन रखना चाहती है. कांग्रेस का कहना है कि आदिवासियों का देश के संसाधनों पर पहला हक है. आदिवासियों को हम और वे किस नाम से पुकारते हैं, अंतर केवल यही नहीं है. अंतर हमारी मानसिकता का भी है. हम आदिवासियों का सशक्तिकरण करना चाहते हैं. वे आदिवासियों को यातना देना चाहते हैं. राहुल गांधी ने जो कुछ कहा वह निःसंदेह अत्यंत महत्वपूर्ण है. हमें उम्मीद है कि कांग्रेस इन कथनों को कार्यरूप में परिणित करेगी और आदिवासियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए समर्पण और निष्ठा से काम करेगी.



**राम पुनियानी**
**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

## डी एम मिश्र की गजलें

1.
गमजदा आंखों का दो बूंद नीर कैसे बचे?
ऐसे हालात में अपना जमीर कैसे बचे?
धर्म के नाम पे तालीम दोगे बच्चों को?
मुझको इस बात की चिंता कबीर कैसे बचे?
एक भी कृष्ण नहीं, अनगिनत दुःशासन हैं
आज की द्रौपदी का बोलो चीर कैसे बचे?
हर तरफ घात लगाए हैं लुटेरे बैठे
ऐसी सूरत में कोई राहगीर कैसे बचे?
इस हुकूमत में गरीबों की बात कौन सुने?
दर-दर ठोकरें खाता फकीर कैसे बचे?
सिर्फ.महलों की तरक्की पे जोर देता है
क्या कभी यह भी है सोचा कुटीर कैसे बचे?

2.
दाना डाल रहा चिड़ियों को मगर शिकारी है
आग लगाने वाला पानी का व्यापारी है
मछुआरे की नीयत खोटी तब वो समझ सकी
कँटिया में जब हाय फँसी मछली बेचारी है
लोग कबूतर बनकर खाली टुक -टुक ताक रहे
उसकी जुमलेबाजी में कितनी मक्कारी है
रंग बदलने वाली उसकी फितरत भी देखी
वो गिरगिट सा मतलब से ही रखता यारी है
यारो मरने की खातिर तो दहशत ही काफी
मान लिया कोरोना इक घातक बीमारी है
काँटे अपने आप उगे हैं होगी बात सही
फिर भी माली की भी तो कुछ जिम्मेदारी है
उसके बारे में इससे ज्यादा क्या और कहूँ
लोग यही बस देख रहे हैं सूरत प्यारी है



# शहरी स्वच्छता एक विराट चुनौती

**प्रसंगवश**



**शैलेन्द्र चौहान**

अगर हम शहरी स्वच्छता की बात करें तो इस मामले में प्रमुख चुनौती है समस्या की विराटता की अनदेखी। शहरी स्वच्छता की चुनौतियाँ कई तरह की हैं और इसकी उपेक्षा करना स्वच्छता के मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन पीछे करने जैसा होगा। सुरक्षित स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में रहने वाली बड़ी आबादी के कारण विश्व स्तर पर भारत को सबसे बड़ी स्वच्छता चुनौती के रूप में माना गया है। लेकिन आंकड़ों की बाजीगरी में भारत सरकार और मीडिया साथ-साथ चलते दिखाई देते हैं। जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। अगर शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता का कवरेज देखा जाए तो (2011 की जनगणना के अनुसार) यह कहा जाता है कि करीब 18 प्रतिशत परिवारों में स्वच्छता की पहुंच नहीं है लेकिन अगर इन आंकड़ों को गहराई से देखें तो यह पाएंगे कि मलिन बस्तियों में (अधिसूचित और गैर अधिसूचित) रहने वाले गरीबों को स्वच्छता की उपलब्धता बहुत कम है। चूंकि, शहरों में मलिन और अवैध बस्तियों की संख्या का कोई सही अनुमान नहीं है, अतः यह संख्या विवादास्पद हो सकती है लेकिन शहरी विकास मंत्रालय का अनुमान है कि गैर अधिसूचित मलिन बस्तियों में 51 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं है। अनुमान है कि भारत में खुले में शौच की दर विश्व की 60 प्रतिशत है। इस चुनौती का सामना करने के लिए सरकार द्वारा शौचालयों के निर्माण के लिए गरीबों को सब्सिडी प्रदान करने जैसे कुछ केंद्रित प्रयास किए गए हैं; हालांकि इसमें से बहुत कुछ कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ है। शहरी गरीबों खासकर छोटे शहरों में स्वच्छता पर काफी कम ध्यान दिया गया है, इसलिए यहां ग्रामीण स्वच्छता की तुलना में कम राशि आवंटित हुई। तेजी से हो रहा शहरीकरण एक वास्तविकता है और शहरी स्वच्छता की रणनीति वहां विकसित हो रही नई और अवैध बस्तियों से तालमेल रखने में सक्षम नहीं है। सच तो यह है कि शहरों में अन्य ढाँचागत निवेश की तुलना में स्वच्छता पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त बड़े शहरों में स्वच्छता पर जो भी निवेश किया जा रहा है वह ज्यादातर आबादी के बेहतर वर्गों पर केंद्रित है। अधिकांश निवेश सीवर नेटवर्क के विकास, मल-जल उपचार संयंत्र आदि पर किया जा रहा है। हालांकि इनमें से ज्यादातर कार्य शहरों के उस हिस्से में हो रहा है जहां उन्नत वर्ग रहता है। सच यह भी है कि देश की राजधानी दिल्ली के बहुतेरे मकान ऐसे हैं जिनके सेप्टिक टैंक ड्रेनेज से जुड़े हुए नहीं है। इन मकानों से निकलने वाला मानव अपशिष्ट (मल) कहाँ जाता है इसकी फिक्र किसी को नहीं है और भला हो भी क्यों। इसकी पड़ताल होनी चाहिए क्योंकि कहीं-न-कहीं यह यहाँ के लोगों को ही प्रभावित कर रहा है। बड़े शहरों की तुलना में कस्बों में समग्र निवेश भी बहुत कम होता है। छोटे शहर अल्प मानव संसाधन, कम निवेश और कमजोर शासन तंत्र से त्रस्त हैं। जहां तक स्वच्छता सेवाओं का संबंध है, कस्बों में केवल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य हो रहा है। इन शहरों में मल कीचड़ प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन खाली पड़ी खंती में होता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार भारत के 8000 कस्बों में से केवल 160 कस्बों में सीवेज सिस्टम और सीवेज उपचार संयंत्र है। इसके अतिरिक्त सीपीसीबी का अध्ययन दावा करता है कि यहां केवल 13 प्रतिशत सीवेज का उपचार किया जाता है। यह भी कहा गया है कि उपचार की सुविधा असमान रूप से 40 प्रतिशत क्षमता के साथ केवल दो बड़े शहरों में दिल्ली और मुंबई में ही उपलब्ध है। ध्यातव्य है कि भारत में हर रोज 1.2 बिलियन लोग 1.75 मिलियन टन मल त्यागते हैं। इन मलों को कमोड से नीचे करने के लिये फ्लश का इस्तेमाल किया जाता है जिससे समस्याएँ और बढ़ी हैं। पानी के इस्तेमाल के कारण मल में कई गुना बढ़ोत्तरी हो गई है और नगर निकायों को मल से पानी को अलग करने में बहुत खर्च करना होगा। घर अगर सीवेज से जुड़ा है तो सीवेज बिल्डिंग के इंटरनल वेस्टवाटर कलेक्शन सिस्टम के जरिए म्युनिसिपल सीवर सिस्टम तक पहुँचेगा। अगर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट है तो पम्पिंग स्टेशनों से गन्दा पानी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुँचता है। वैसे इस ढाँचे का निर्माण महंगा पड़ता है और हर क्षेत्र के लिये यह कारगर भी नहीं है। अतएव सेप्टिक टैंक और पिट लैट्रिन के जरिए उसी स्थान पर मल का प्रबन्धन मौजूदा वक्त की जरूरत है। जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि लगभग 45.3 प्रतिशत शहरी घर ऑन साइट सिस्टम पर निर्भर हैं। यहाँ से निकलने वाले गन्दे पानी का एक बड़ा हिस्सा खेतों में छोड़ा जाता है। यह भूमि के नीचे गहरे चला जाता होगा जिससे भूजल प्रदूषित हो सकता है। सेप्टिक टैंकों से निकाले गए मल को ट्रीटमेंट प्लांट में भेजना चाहिए और यहाँ केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानदंडों के आधार पर उनका ट्रीटमेंट होना चाहिए।

विडम्बना है कि अधिकांश मामलों में ऐसा नहीं हो रहा है। जनगणना के आँकड़ों से पता चलता है कि देश के 65 प्रतिशत शहरों में मल को संग्रह करने की कायदे की कोई व्यवस्था नहीं है, इनको ठिकाने लगाने की बात तो दूर रही। सेप्टिक टैंक से निकले मल पदार्थ के ट्रीटमेंट के लिये किसी भी शहर के पास ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है। यहाँ तक कि देवास, श्री काकुलम और सोलापुर के पास तो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक नहीं है। श्रीकाकुलम में निजी क्लीनर मल पदार्थों को शहर के बाहर डम्प कर देते हैं, सूख जाने पर इन पदार्थों का इस्तेमाल किसान खाद के रूप में करते हैं। सोलापुर म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन मल पदार्थों को शहर से 10 से 15 किलोमीटर दूर डम्प यार्ड में फेंक देता है जबकि निजी क्लीनर खुले ड्रेन में इसे फेंक देते हैं। देवास में सीवर लाइन से निकलने वाला गन्दा पानी काली सिंध और शिप्रा नदी में फेंक दिया जाता है जबकि मल पदार्थ को सतही ड्रेन या खेतों में डाला जाता है। वैसे जिन शहरों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट हैं वहाँ भी सभी मल पदार्थ प्लांट तक नहीं पहुँच पाते हैं क्योंकि कई बार यातायात में खर्च और अधिकांशतः क्लीनरों द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने में आनाकानी किया जाता है। आईजौल में क्लीनर मल पदार्थ लेकर टुइरियाल, बेथानी और मुआलपुई जाते हैं और 100 रुपए देकर निजी भूमि पर मल पदार्थ फेंक देते हैं। टुइरियाल में ऑक्सीडेशन तालाब है जहाँ मल पदार्थ कुछ हद तक परिशोधित होता है। बेथानी में फेंके गए मल पदार्थ का इस्तेमाल कृषि के लिये किया जाता है। सच बात ये है कि देश के अधिकांश सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का इस्तेमाल उसकी क्षमता के मुताबिक नहीं हो पाता है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 2015 की रिपोर्ट के अनुसार, देश के 15 राज्यों में फैले 152 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता जितनी है उसका महज 66 प्रतिशत (3,126 मिलियन लीटर प्रतिदिन) ही इस्तेमाल हो रहा है। तिरुचिरापल्ली में 58 मिलियन लीटर प्रतिदिन परिशोधित होता है जो क्षमता से कम है। इसमें सीवेज और मल पदार्थ का भी परिशोधन होता है। आगरा में कुल 9 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट हैं जिनकी क्षमता 221.25 मिलियन लीटर प्रतिदिन है लेकिन 175.75 मिलियन लीटर का ही परिशोधन होता है। आगरा में भी तिरुचिरापल्ली का मॉडल अपनाया जा सकता है। आगरा की तरह ही दिल्ली में भी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का इस्तेमाल उसकी क्षमता के अनुसार नहीं हो रहा है जबकि बिना परिशोधित व अर्द्ध परिशोधित सीवेज के लिये यमुना डम्पिंग ग्राउंड बन गया है। वहीं, मल पदार्थ निचले इलाके, खाली प्लाट, जलाशय और खेतों में फेंक दिये जाते हैं। शहरों में नगर निकायों द्वारा किए गए प्रयासों और कुछ जगहों पर पीपीपी मॉडल के माध्यम से झुग्गी बस्ती निवासियों के लिए बस्ती में ही स्वच्छता के समाधान के रूप में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। हालांकि, साझा शौचालय बेहतर विकल्प नहीं माना जाता है फिर भी ऐसी बस्तियों में जहां घरों में शौचालयों के निर्माण के लिए जगह की कमी है वहां इन्हें एक व्यवहारिक विकल्प के रूप में देखे जाने की जरूरत है। हालांकि, ये उपयोग के कुछ साल बाद ही अनुपयोगी हो जाते हैं। ऐसा होने के कई कारण हैं। अगर शौचालय का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम है (सुलभ आदि द्वारा प्रोत्साहित मॉडल की तुलना में) तो अकसर ही उपयोगकर्ता द्वारा दिए जाने वाला शुल्क सामुदायिक शौचालय के रखरखाव के लिए पर्याप्त नहीं होता है। कई मामलों में देखा गया है कि समुदाय द्वारा भवन में कोई निवेश नहीं होने पर सामुदायिक शौचालय बेकार हो जाते हैं। ऐसे मामलों में मूल निवेश के साथ शौचालयों के संचालन और रखरखाव के खर्च पर जोर देने वाली योजनाओं को विकसित करने की आवश्यकता है। शहरी गरीबों के लिए शौचालय निर्माण के लिए कोई महत्वपूर्ण सरकारी योजना (ग्रामीण क्षेत्र की एनबीए की तरह) नहीं है। ऐसी अकेली योजना है एकीकृत न्यूनतम लागत स्वच्छता योजना (आईएलसीएस); लेकिन यह गरीब लोगों के लिए शुष्क शौचालयों को फ्लश शौचालयों में परिवर्तित करने तक केंद्रित है। इस योजना में नए शौचालयों के निर्माण का भी प्रावधान है लेकिन केवल यह निर्माण कुल परिवर्तित शौचालयों की 25 प्रतिशत की सीमा तक ही हो सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि किसी कस्बे में अगर 10 शुष्क शौचालय हैं तो वहां 2.5 नए शौचालयों के निर्माण के लिए राशि प्राप्त कर सकते हैं। दुर्भाग्य से शहरी गरीबों के लिए ऐसी योजनाओं की जगह कुछ और आवश्यक है जैसे: 1. अब शुष्क शौचालयों को संख्या में बहुत कम हैं। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में केवल 2717 शुष्क शौचालय (2011 की जनगणना के अनुसार) हैं। 2. शहरी क्षेत्रों में वास्तविक गरीबों के पास किसी भी तरह का शौचालय (अकेले शुष्क शौचालयों को छोड़ दें) नहीं है। इसलिए शहरी क्षेत्रों में बहुत बड़ी संख्या में गरीब किसी भी तरह स्वच्छता सेवाओं से वंचित हैं।

शहरी गरीबों के लिए आवास उपलब्ध कराने और कस्बों को 'स्लम फ्री' बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही जेएनएनयूआरएम और रे जैसी योजनाएं अपने क्रियान्वयन में कई बाधाओं का सामना कर रही हैं। इसके अलावा, यह मौजूदा मलिन बस्तियों के लिए की गई केवल एक तदर्थ व्यवस्था होगी। आने वाले वर्षों अस्तित्व में आने वाली नई मलिन बस्तियों के लिए रणनीति इन योजनाओं में किसी में भी स्पष्ट नहीं है। एनएफएचएस 3, 2005-06 के अनुसार भारत में 17 प्रतिशत शहरी परिवारों में घर में किसी भी प्रकार का शौचालय नहीं है, 24 प्रतिशत परिवार शौचालय साझा कर रहे थे और 19 प्रतिशत घरों के शौचालय नाली से जुड़े थे। जिन घरों में शौचालय थे उनमें से 27.6 प्रतिशत में सेप्टिक टैंक और 6.1 प्रतिशत में गड्ढे का इस्तेमाल किया गया था। 5 प्रतिशत शौचालय ऐसे थे जहां फ्लश/नाला/सेप्टिक टैंक/गड्ढा नहीं था जिसका अर्थ है कि यहां से निकलने वाला मानव मल बिना उपचार के भूमि पर और जल स्त्रोतों में बहाया जा रहा था। 2011 की जनगणना भी बताती है कि केवल 32.7 प्रतिशत शहरी परिवार पाइप वाली सीवर प्रणाली से जुड़े हैं जबकि 38.2 प्रतिशत परिवार अपने मल का निपटारा सेप्टिक टैंक और 7 प्रतिशत गड्ढा शौचालयों में करते हैं। यह बताता है कि ऐसे परिवारों की संख्या बहुत ज्यादा है जो वहीं निपटारा करते हैं। यह भी पता चलता है कि लगभग 50 लाख गड्ढा शौचालय अस्वस्थ्यप्रद हैं (कोई स्लैब नहीं है या खुले गड्ढे हैं), और 13 लाख सेवा शौचालय हैं- 9 लाख शौचालय का अपशिष्ट सीधे नालियों में मिलता है, 2 लाख शौचालयों का मानव मल इंसानों द्वारा उठाया जाता है (अवैध रूप से) और 1.8 लाख पशुओं द्वारा सेवित है। शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है (2030 में लोगों के 50 प्रतिशत लोगों का शहरी केंद्रों में होना कहा जाता है।) शहरों की ओर पलायन करने वाले ज्यादातर गरीब वे लोग होते हैं जो ग्रामीण क्षेत्र में घर नहीं बना सकते और वे शहर की बस्तियों या फुटपाथ पर बस जाते हैं और इन्हें आमतौर पर कोई सुविधा या मान्यता नहीं मिलती है। अधिकांश समय तक ये मलिन बस्तियों उन खुली नालियों के समीप स्थित रहती हैं जिनमें कॉलोनियों के निवासियों द्वारा उनका जल अपशिष्ट (कुछ मामलों में सेप्टिक टैंक से भी सीवर का पानी) का निपटान किया जाता है। कई बार शौचालय भी सीधे इन खुली नालियों से जुड़े होते हैं। शहरी क्षेत्रों में बड़ा निवेश मुख्य रूप से सीवेज नेटवर्क या सीवर उपचार संयंत्रों जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण पर किया जा रहा है। हालांकि, ये संसाधन केवल अमीर और नव अमीर क्षेत्रों में होते हैं। यह समझा जाता है कि औसतन केवल 10 प्रतिशत अपशिष्ट जल (ग्रे और काला पानी) का उपचार किया जाता है। इसलिए जो भी अतिरिक्त निवेश किया जाता है वह केवल बेहतर क्षेत्रों के लिए होता है, कोई गरीब समुदाय इनमें से किसी भी नेटवर्क से नहीं जुड़ पाता है। गरीब और वंचित समुदाय मलिन बस्तियों और शहरों की बाहरी बस्तियों में बसते हैं। इन मलिन बस्तियों में से अधिकांश सरकारी जमीन या अन्य जमीन पर होती है और इन्हें 'अवैध' मान कर ह्यबाहरीह्न होने के कारण बोझ समझा जाता है जबकि वे वास्तव में किसी भी शहर की जीवन रेखाएं हैं। इन परिवारों में से अधिकांश के पास उस भूमि का कोई अधिकार नहीं होता है जिस पर उनकी बस्ती बसी है। जमीन का मालिकाना अधिकार न होने का मुद्दा इन मलिन बस्तियों के घरों के लिए सीवर नेटवर्क जैसी बुनियादी व्यवस्था उपलब्ध नहीं करवाने का कारण बन जाता है। सुविधाओं का न मिलना खुले में शौच का कारण बन जाता है। उन स्थानों पर जहां समुदाय शौचालय के महत्व को समझते हैं वे शौचालय निर्माण करने में सक्षम हैं, लेकिन इन स्थानों पर अपशिष्ट का निपटारा एक बड़ी चुनौती बन जाता है और यह अपशिष्ट खुली नालियों और अन्य जल निकायों में बहता है। यह शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता की गंभीर स्थिति बतलाता है जो हमेशा ही उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं और संसाधनों पर काफी दबाव डालता है। स्वच्छता और पर्यावरण को लेकर देश में कई कानून हैं लेकिन मल के प्रबन्धन के लिये कोई कानून नहीं है। वैसे वर्ष 2013 में शहरी विकास मंत्रालय ने मल के प्रबन्धन के लिये दिशा-निर्देश जारी किया था। इस दिशा-निर्देश में मल के प्रबन्धन के लिये मल-प्रबन्धन सब-प्लान के साथ ही नेशनल अरबन सेनिटेशन पॉलिसी के सिटी सेनिटेशन प्लान के अनुसरण की बात कही गई थी।

**(संपर्क : 34/242, सेक्टर -3, प्रताप नगर, जयपुर-302033, मो. 7838897877)**

# उत्तर बिहार के शहर बन गए हैं जहर की चिमनी

**पर्यावरण**



**शशि शेखर**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 28 नवंबर, 2022 की शाम 4 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार मोतिहारी का एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 402 था. इस एक्यूआई में पीएम 2.5 (फाइन पार्टिकुलर मैटर, जो सबसे छोटे वायु कण होते हैं और आसानी से फेफड़े में प्रवेश कर नुकसान पहुंचाते हैं) भी शामिल है, जो गंभीर रूप से खतरनाक स्तर तक जा पहुंचा है. 11 दिन पहले, यानी 17 नवंबर को एक्यूआई 410 था. हालांकि, 28 नवंबर को ही बेगूसरय और बेतिया का एक्यूआई मोतीहारी से ज्यादा था. लेकिन, पिछले एक महीने में राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में मोतीहारी अकेले जगह बनाने में कामयाब रहा है. गांधी की कर्मभूमि, सत्याग्रह की प्रयोगस्थली, निलहे अंग्रेजों के खिलाफ सत्याग्रह का पहला सफल उदाहरण, सफलता की ये कहानियां मोतीहारी (पूर्वी चंपारण, बिहार) के खाते में दर्ज हैं. लेकिन, नई सदी की नई उपलब्धि एक्यूआई हैं. वह भी एक ऐसे शहर में, जहां उद्योग के नाम पर किसी जमाने में बिरला ग्रुप के द्वारा शुरू की गयी चीनी मिल के भग्नावशेष भर ही दिखते है. तो यक्ष प्रश्न यही है कि आखिर बिहार का पूरा का पूरा उत्तरी इलाका, खास कर मोतीहारी, जब उद्योगविहीन है तब वो कौन से कारण हैं, जिसकी वजह से एयर क्वालिटी इंडेक्स इतना अधिक बढ़ जाता है.

जिला प्रशासन हो या राज्य सरकार की एजेंसीज, अभी तक ऐसा कोई साइंटिफिक या इंवायरमेंटल स्टडीज नहीं करा पाई हैं, जो मुक्कमल तौर पर यह बता सके कि आखिर इस बदहाल स्थिति की वजह क्या है? अलबत्ता, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरपर्सन कहते है कि उत्तर बिहार (गंगा से ले कर उत्तर बिहार का तराई क्षेत्र) में बढ़ते प्रदूषण का एक कारण इस क्षेत्र की भौगोलिक संरचना भी हो सकती है. हालांकि, पर्यावरण विज्ञान की कसौटी पर यह तर्क कितना खरा उतरता है, जांच का विषय है.

बेतिया की तरफ से आते हुए जैसे ही आप मोतीहारी शहर में प्रवेश करते है, आपको विकास की एक तस्वीर दिखेगी. सिंघिया गुमटी, जहां एक रेलवे ओवरब्रिज बनाया जा रहा है. इस ओवरब्रिज के 500 मीटर के दायरे में हर वक्त (काम के समय) धूल का गुब्बारा उड़ता नजर आता है. वजह, निर्माण कार्य के लिए डाली गयी मिट्टी, गाँवों से ट्रैक्टर पर लाद कर लाई जा रही मिट्टी, बालू बेतहाशा धुल उड़ाते नजर आ जाएंगे. न कोई रोकने वाला, न कोई टोकने वाला. ऊपर से, बाहर से शहर के भीतर आती-जाती हजारों की संख्या में गाड़ियां, जिसकी वजह से ये मिट्टी और धूल लगातार आसपास रहने वाले लोगों और घरों के लिए जीना मुश्किल कर देते हैं. असल में, यह ओवरब्रिज शहर के भीतर प्रवेश करने वाली गाड़ियों के लिए बायपास के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाना है. मोतीहारी के वरिष्ठ पत्रकार, चंद्रभूषण पाण्डेय कहते है कि हमलोग जब कॉलेज जाना शुरू किए, तभी से यह ओवरब्रिज बनना शुरू हुआ था और आज भी यह बन ही रहा है. 40 साल से ज्यादा हो गया है. पता नहीं यह कब पूरा होगा.ह्व जिला प्रशासन ने निर्माण कार्य में लापरवाही को जरूर वायु प्रदूषण की एक वजह मानते हुए, पानी छिड़काव का निर्णय लिया और निर्माण स्थलों पर बालू, मिट्टी को ढक कर रखने का आदेश जारी किया है. लेकिन, सिंघिया गुमटी तक पहुँचते-पहुँचते यह आदेश बेअसर हो जा रहा है.

पटना की शहरी आबादी 16.84 लाख (2011 की जनगणना के अनुसार) है और यहाँ जुलाई 2018 तक परिवहन विभाग में करीब 1437562 गाड़ियां रजिस्टर्ड थी. मुजफ्फरपुर की बात करें तो, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ही रिपोर्ट के मुताबिक, यहां की शहरी आबादी करीब 3.93 लाख है जबकि वाहनों की संख्या 7.40 लाख. जबकि मोतीहारी (पूर्वी चंपारण) बिहार में पटना के बाद, दूसरा सबसे बड़ा जिला है. इस हिसाब से देखे तो मुजफ्फरपुर और मोतीहारी की शहरी आबादी के मुकाबले गाड़ियों की संख्या भी बेतहाशा बड़ी है. गाड़ियों के उपरोक्त आकड़े साल 2018 तक की ही है. पिछले 4 साल में यह संख्या और भी बड़ी होंगी. नवंबर 2022 के पहले सप्ताह में मोतीहारी शहर भीषण ट्रैफिक जाम से जूझता दिखा.

एक्शन प्लान फॉर एयर पाल्यूशन कंट्रोल इन नन-अटैनमेंट सिटीज ऑफ बिहार (मुजफ्फरपुर) शीर्षक से प्रकाशित इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पटना व मुजफ्फरपुर में वायु प्रदूषण की मुख्य वजहें सड़क की धूल, गाड़ियों से निकलने वाला धुँआ, घर में जलाए जाने वाले चूल्हे, खुले में कचरा जलाना, निर्माण गतिविधियाँ और औद्योगिक उत्सर्जन है. जाहिर है, यही सामाजिक-भौगोलिक स्थिति मोतीहारी शहर की भी है.

2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार का मुजफ्फरपुर, भारत नहीं दुनिया के शीर्ष 20 प्रदूषित (वायु प्रदूषण) शहरों में शामिल था. अभी भी यहाँ का एक्यूआई वेरी पुअर या सीवीयर (गंभीरतम रूप से खतरनाक) स्तर का है. मोतीहारी, बेतिया, बेगूसराय, सीवान भी टॉप प्रदूषित शहरों में है और रोजाना सीपीसीबी की ओर से जारी एक्यूआई रिपोर्ट में अपना नाम दर्ज करा रहे हैं. कांटी थर्मल पावर स्टेशन मुजफ्फरपुर में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है, जो रिहायशी इलाका में बना दिया गया. बेला इंडस्ट्रियल एरिया में कई केमिकल कारखाने हैं, जो शायद ही प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पूर्णतः पालन करते हो. गौरतलब है कि मुजफ्फरपुर में सैकड़ों की संख्या में प्राइवेट नर्सिंग होम और अस्पताल हैं, जिनसे रोजाना सैकड़ों किलो बायो-मेडिकल कचरा निकलता है. इसके अलावा, मुजफ्फरपुर में एक मेडिकल कॉलेज और सदर अस्पताल भी है. मुजफ्फरपुर में गाड़ियों की संख्या शहरी आबादी की तुलना में करीब दोगुनी है और चूंकि शहर का सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर अब भी पुराना है, नतीजतन भारी जाम लगता है. इस तरह जाम में फंसी गाड़ियां बड़ी मात्रा में धुंआ का उत्सर्जन करते हैं. ठीक यही हालात मोतीहारी जैसे शहर के भी है.

बायो-मेडिकल और सॉलिड वेस्ट भी वायु प्रदूषण का एक कारण है. बायो-मेडिकल कचरा और घरों व रेस्टोरेंट से निकलने वाले कचरे को ऐसे ही सड़क किनारे डंप कर खुले में जलाया जाता है. गौरतलब है कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से एक लिस्ट जारी की गयी थी जिसमें जिलावार सैकड़ों डिफॉल्ट अस्पतालों के नाम दर्ज है, जिनके पास प्रदूषण बोर्ड का कंसेंट नहीं है. मोतीहारी और मुजफ्फरपुर जैसे शहर भी इससे अछूते नहीं है. मोतीहारी शहर में हाईवे के किनारे बड़ी मात्रा में कचरा डंप किया जा रहा है, जबकि कचरे के लिए शहरी आबादी से दूर बनाए गए डंपिंग यार्ड को बनाने के 2 साल बाद भी इस्तेमाल में नहीं लाया जा रहा है.

250 से अधिक एक्यूआई स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है. लेकिन, 400 एक्यूआई अब इस शहर के लिए न्यू नार्मल बनता जा रहा है. विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट बताती है कि पार्टिकुलर मैटेरियल (पीएम) के कारण कार्डियोवैस्कुलर, लंग्स कैंसर, रेस्पिरेटरी बीमारियाँ होती है. इसके मुताबिक, पूरी दुनिया में सालाना 3 फीसदी मौतें कार्डियोपोल्मुनरी बीमारी के कारण और 5 फीसदी मौतें लंग्स कैंसर के कारण होती है. यूरोप में पीएम 2.5 के कारण लोगों की जीवन प्रत्याशा में 8.6 महीने की कमी आई है. एनवायर्नमेंटल साइंस एंड टेक्नोलोजी लेटर्स जर्नल (अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा 2014 में स्थापित) के एक रिसर्च पेपर, ह्लएम्बिएंट पीएम 2.5 रीडूसेज ग्लोबल एंड रीजनल लाइफ एक्स्पेक्टेंसीह्व के अनुसार पीएम 2.5 के कारण एशिया और अफ्रीका के देशों के लोगों की जीवन प्रत्याशा में 1.2 से 1.9 साल की कमी आई है.

बहरहाल, जैसाकि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रन बोर्ड ने अपने एक्शन प्लान में बताया है: सूखी पत्तियां, फसल के अवशेष, लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले न जलाएं और इसके साथ ही बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपने एक्शन प्लान में नौ-सूत्रीय उपाय भी सुझाए है कि कैसे वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है. इन उपायों के क्रियान्वयन के लिए मोनिटरिंग मैकेनिज्म, जन-जागरूकता और शिकायत निवारण तंत्र बनाने, पब्लिक एडवाइजरी, ग्रेडेड रेस्पोंस एक्शन प्लान अपनाने का भी सुझाव दिया गया है. लेकिन, इन उपायों का सही क्रियान्वयन होता हुआ या इन उपायों का कोई असर होता दिख रहा हो, कहना मुश्किल है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं. संपर्क: 9818833048 )**

**व्यंग्य**



## कहां है सवालों के जवाब

**यशवन्त कोठारी**

यह देश प्रश्नों का जंगल हो गया है। प्रजातन्त्र है तो प्रश्न भी होंगे। प्रश्न होंगे तो उनके उत्तर भी ढूंढे जायेंगे। उत्तर नहीं मिलेंगे तो जिज्ञासा बनी रहेगी। जिज्ञासा की मीमांसा से आलोचना की उत्पत्ति होगी और प्रश्नों का बने रहना किसी भी सरकार के लिए घातक होता है। प्रश्नों का आधा-अधूरा ही सही उत्तर दिया जाना चाहिये। वैसे भी प्रजातन्त्र में घिसे पिटे प्रश्नों के रटे रटाये उत्तर देने की परम्परा काफी पुरानी है।

जब स्कूल में पढ़ता था तो अक्सर क्लास में प्रश्न पूछने की गुस्ताखी कर बैठता था वो जमाना मार खाने का था तो मार खाना, बेंच पर खडे. हो जाना या स्केल, पेन्सिल की मदद से शारीरिक दण्ड भुगतना पड़ता था। और ज्यादा प्रश्न पूछने पर कक्षा से बाहर निकाल दिया जाता था। घर पर हर प्रश्न का जवाब एक चांटा ही होता था अतः प्रश्न पूछने से पहले ही गाल बचाने की जुगत करनी पड़ती थी।

पिताजी प्रश्नों के उत्तर कभी कभी चुप रह कर भी दे देते थे, मगर अक्सर रिश्तेदार प्रश्नों और जिज्ञासाओं से डरते थे, वे छोटों को समझा देते थे- तुम अभी छोटे हो ये प्रश्न और उत्तर की अभी तुम्हारी उम्र नहीं है।

साक्षात्कार में, समाज में प्रश्न पूछना एक सामान्य घटना है और पूछने वाला अपना हक समझ कर जवाब मांगता हैं। टाइम क्या हुआहै ? का जवाब कौन नहीं मांगता। मगर राजनीति में टाइम क्या हुआ है ? का जवाब है अभी चुनाव दूर है। कोयला काला क्यों है ? का जवाब है मेरी खामोशी ने हजारों सवालों की आबरु रख ली।

महाभारत में यक्ष ने प्रश्न पूछे थे। भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव उत्तर नहीं दे सके, युद्धिष्ठिर ने उत्तर दिये और भाईयों को बचाया मगर आज की राजनीति में युद्धिष्ठिर मौन है। आज का यक्ष भी धर्म, नैतिकता के प्रश्न नहीं पूछता वो भी राजनीतिक प्रश्न पूछ कर सब को हैरान कर देता हैं। वैसे भी देश में समस्याए ही इतनी है कि किसी भी प्रश्न का कोई भी उत्तर दिया जा सकता है और उस जवाब से कुछ होना- जाना नहीं है। देश का विपक्ष यक्ष बनने की फिराक है और युद्धिष्ठिर को अपने भाईयों की चिन्ता है ऐसे में सही प्रश्नों के सही जवाब कहाॅं से आयेंगे। प्रजातन्त्र में शाश्वत प्रश्न है- गरीबी कब खतम होगी ? महंगाई कब कम होगी ? सबको शिक्षा, स्वास्थ्य कब मिलेगा ? लेकिन इन शाश्वत प्रश्नों के उत्तर न आज मिले न कल। मजमे मैं मदारी बन्दरिया को नचा नचा कर पूछता है तू क्यों नाच रही है और बन्दरिया पेट पर हाथ रख कर कहती है पेट के लिए। तो साहबान। कद्रदान हर प्रश्न पापी पेट के लिए है और हर उत्तर बन्दरिया के नाच की तरह हो जाता है। पब्लिक देखती है, तमाशे का मजा लेती है और पैसा फेंक कर चल देती है। कभी नचिकेता ने यम से प्रश्न पूछे थे सावित्री ने यमराज से पूछा थे। प्रश्नोपशिद जैसा ग्रन्थ भी है। विज्ञान में क्यों ?क्या ?कैसे ? की प्रश्न श्रखंला से सब चलता है मगर सत्ता और सरकार में प्रश्नों के जवाब ढूढना भूसे के ढेर में सुई ढूढना है। प्रश्नों के विराट समूह में उत्तर समाहित है।

प्रश्न छोटे हो या बड़े उनके उत्तर अस्पप्ट, गोलमाल करके दिये जा सकते है टीवी पर प्रवक्ता अपनी-अपनी ढपली और अपना अपना राग अलापते है। वे उत्तरों को इतना लम्बा कर देते है कि प्रश्न पूछने वाला घबरा कर प्रश्न और उत्तर से पिण्ड छुड़ाने की कोशिश में लग जाता है। कई बार उत्तर देने वाला भी समझदार होता है उससे खेत के सम्बन्ध में प्रश्न पूछते है तो खलिहान वाला रटा रटाया जवाब देता है । पुलिस अपराधी से जो प्रश्न पूछती है उसका जवाब अपराध की स्वीकृति से ही सभंव है। जनता के हर प्रश्न का एक ही जवाब हो सकता है-अगले चुनाव तक इन्तजार करो।कुछ प्रश्न अनाथ और अवैध होते है बेचारे। केबीसी में अमिताभ भी प्रश्न पूछते है तो विकल्प देते है और लाइफलाइन भी होती है, मगर ये सरकार से प्रश्न पूछने वाले। लेकिन-मेरी खामोशी ही हर सवाल का जवाब है शायर ने ठीक ही कहा है- न तुम्हारा जवाब है न हमारा जवाब है वल्लाह सब लाजवाब है। लेकिन इस प्रश्नोपनिपद के अन्त में कबीर को याद किया जाना जरुरी है-
कौन ठगवा नगरिया लूटल हो।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क-9414461207)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**जायजा**

**मतदाता सूची में नाम सम्मिलित न होने पर बीएलओ से करें सम्पर्क : मंडलायुक्त**

जनसंदेश न्यूज



बूथ का निरीक्षण करते आयुक्त व एडीएम।

**मीरजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में अपना नाम दर्ज कराने, मृतक, शिफ्टेड मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाये जाने एवं किसी भी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन हेतु फार्म 6 7 8 सम्मिलित किये जाने हेतु रविवार विशेष अभियान दिवस को रोल प्रेक्षक, मंडलायुक्त डा0 मुथुकुमार स्वामी बी0 द्वारा 396- मीरजापुर विधानसभा के अन्तर्गत सेन्ट मैरिज स्कूल बरौंधा कचार के बूथ संख्या 404, 405, 406, 407 एवं जी0डी0 बिनानी पी0जी0 कालेज, भरुहना के बूथ संख्या 415 416 एवं 417 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाईजर उपस्थित पाये गये। मंडलायुक्त ने जनपद के समस्त नागरिकों से विशेष रुप से अपील की गयी है कि 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं व महिला मतदाताओं जिनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है वे अपना फार्म-6 भरकर अपने सम्बन्धित बी0एल0ओ0 अथवा अपने स्कूल, कालेज में 08 दिसम्बर 2022 तक अवश्य जमा कर सकते है अथवा आन-लाईन पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से स्वयं भी आवेदन कर सकते है ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके। इसके साथ ही मंडलायुक्त द्वारा यह भी अपील की गयी कि जिन मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर मतदाता सूची से लिंक नहीं कराया गया है वे अपना आधार नम्बर अपने बी0एल0ओ0 को फार्म-6बी भरकर उपलब्ध करा दें अथवा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये अथवा आन-लाईन पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से फार्म - 6बी ( आधार नम्बर लिंक) स्वयं भी कर सकते हैं। आधार कार्ड से संबंधित समस्त जानकारियां गोपनीय रहेंगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, एसडीएम सदर सीबी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सम्मोहन कर महिला से आभूषण की ठगी

## ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

जनसंदेश न्यूज




**मीरजापुर।** अष्टभुजा चौकी अंतर्गत गेरुआ तालाब पर चाय की दुकान चलाने वाली एक महिला को सम्मोहन कर उससे आभूषण की ठगी की गई, गांववालों ने ठगी करनेवाली तीन महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड्डी पत्नी परशुराम जो गेरुआ तालाब पर चाय इत्यादि की दुकान चलती है, उसके अनुसार उसके पास तीन महिलाएं पहुँचती है। उससे दान मांगती है, जिसपर उक्त महिला दुकानदार ने उसे 10 रुपया दे दिया। फिर उक्त तीन महिलाओं ने उसके सिर पर हाथ रखकर कहा कि तुम्हारे घर में दरिद्र है जिसको दूर करने के लिए जो भी आभूषण रखी हो आटा में छिपाकर ले आओ कोई टोकने न पाए। मुझे कुछ समझ नही आया। मैं घर गयी वहाँ से चांदी की करधनी व पांच की छागल आटे में छिपाकर लायी और उन महिलाओं को दे दिया। उन्होंने कहा पीछे मुड़कर मत देखना। कुछ पल बाद मुझे होश आया तो मैंने अपने आसपास के लोगों को बताया। गांववालों ने आगे बढ़कर उन महिलाओं को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। अष्टभुजा चौकी के अनुसार उक्त तीनों महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। उनसे आभूषण बरामद कर लिए गए है। पकड़ी गई महिलाएं औराई, भदोही क्षेत्र की है।

# खसरे के टीका से वंचित बच्चों का चिह्नांकन शुरू

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

**0 से 05 वर्ष तक के बच्चों का होना है चिह्नांकन**

**मीरजापुर।** खसरे के टीके से वंचित बच्चों का चिन्हाकन करने का काम आज से 17 दिसम्बर तक किया जायेगा। इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ओझा ने दी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य व टीके को लेकर विभाग अत्यन्त गंम्भीर है, इसके लिए आज से 17 दिसम्बर तक छूटे हुए 2.74 लाख बच्चों का चिन्हांकन करना है। उसके बाद उनको टीके से लाभान्वित किया जायेगा। इसके लिए विभाग में कार्यरत 2043 आशाओं व एएनएम को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है जो अपने-अपने क्षेत्रों में डोर-डोर जाकर बच्चों का चिन्हाकन करेगी और उनकी सूची अपने क्षेत्र के सामुदायिक या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सूचित करेगी। उसके बाद वह सूची मुख्यालय को सौंपा जायेगा। फिर उस सूची के आधार पर बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा। इनकी मानटिरिंग करने के लिए अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों समेत सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों का तैनाती किया गया है। जो अपने-अपने क्षेत्रो में निगरानी करने का काम करेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि जिले के 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 326 उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में खसरे के टीके को उपलब्ध करा दिया गया है, जिससे टीकाकरण में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी।

इसके अलावा सरकारी केन्द्रों पर खसरे का टीकाकरण बिल्कुल निशुल्क उपलब्ध है। यह टीका केवल 0 से 05 वर्ष तक के ही बच्चों को लगाया जाता है। इसके लिए सभी सरकारी व गैर सरकारी चिकित्सालयों को यह निर्देशित किया गया है कि कोई भी 05 वर्ष तक के बच्चा खसरा का टीके से वंचित न रहे।

# गड़बड़ा धाम में शहरहवा मेला आज

## दूर दराज से आये यात्रियों ने पेड़ की छांव में गुजारी रात

जनसंदेश न्यूज



मां के दर्शन को उमड़े भक्त।

**हलिया।** स्थानीय क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में सोमवार को लगने वाले मुख्य शहरहवा मेला के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रविवार से जुटने लगी। देर शाम तक करीब पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला का दर्शन पूजन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी की। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु प्रशासन द्वारा एक भी अस्थाई रैन बसेरा नही बनाए जाने से मां का दर्शन पूजन के बाद स्थानीय लोगों के घरों तथा पेड़ की छांव में तंबू कनात लगाकर रात गुजारी।

रविवार को बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, तथा पड़ोसी जिले प्रयागराज, सोनभद्र, भदोही, वाराणसी आदि जिलों से दर्शनार्थियों के आने का तांता लगा रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा गड़बड़ा हनुमान मंदिर के पास तथा सेमरा रोड पर बैरियर लगाकर वाहनों को मेला क्षेत्र में जाने से रोक दिया जा रहा था। मेला क्षेत्र में माला प्रसाद, चुनरी, श्रृंगार तथा खिलौने की दुकान पर भीड़ रही। दर्शनार्थियों ने गड़बड़ा धाम मेले की प्रसिद्ध बांस की टोकरी, लकड़ी मथानी आदि की जमकर खरीदारी की। वहीं मेला क्षेत्र में साफ सफाई के लिए सफाई कर्मी लगे रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह पुलिसकर्मियों के साथ चक्रमण करते रहे। मंदिर प्रबंधक प्रकाशचंद्र शुक्ला सीसीटीवी कैमरे से मंदिर परिसर की निगरानी में लगे रहे। मंदिर पुजारी रजनेश पांडेय ने बताया कि रविवार देर शाम तक करीब पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला का दर्शन पूजन किया।

### महिला दर्शनार्थी से उचक्कों ने की मारपीट

**हलिया।** गड़बड़ा धाम मेला में रविवार को चील्ह से आई एक महिला दर्शनार्थी सावित्री देवी को उचक्कों ने मैजिक वाहन से धक्का मार दिया। महिला ने भीड़ में गाड़ी ले आने पर ऐतराज जताया तो मैजिक चालक और उसके साथियों ने महिला दर्शनार्थी के साथ धक्का मुक्की करते हुए मारपीट करने लगे। महिला के शोरगुल मचाने पर मैजिक चालक व उसके साथी भाग निकले। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची तब तक मैजिक चालक व उसके साथी मेला क्षेत्र से भाग निकले।

# नवोदय विद्यालय में धूमधाम से संपन्न हुआ छात्रों और शिक्षकों का समागम

जनसंदेश न्यूज




अतिथि को सम्मानित करते स्कूल के प्रधानाचार्य।

**मड़िहान।** क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहरा कलां में रविवार को छात्रों व शिक्षकों का समागम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर लखनऊ रीजन डॉ0 सुरेश माहेश्वरी व विशिष्ट अतिथि कमलेश माहेश्वरी द्वारा सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में अलमुनाई भवन का भूमि पूजन किया गया। तत्पश्चात सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।

कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययन करने वाले 1994 से लेकर अब तक के छात्र समागम में पहुँचे थे। समागम में शिक्षकों व पूर्व के छात्रों को सील्ड व साल देकर सम्मानित किया गया।

वहीं विद्यालय में अध्ययन करने वाले पूर्व के छात्रों ने विद्यालय में पहुँचकर शिक्षकों व छात्रों के बीच अपने बीते हुए यादों को साझा किया। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 एस पी त्रिपाठी ने कहा कि इस समागम से न सिर्फ पूर्व के छात्रों में बल्कि जो छात्र अध्यनरत हैं। उनके जीवन को भी बदलने के लिए समागम बहुत जरूरी है।

कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के 1995 बैच के छात्र दान बहादुर सिंह राष्ट्रीय कवि के द्वारा गजल व शायरी प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान विहिप के वरिष्ठ नेता विजय बहादुर पाण्डेय, विद्यालय के उप प्राचार्य मंजू सिंह, वेदप्रकाश मिश्र, अग्निवेश यादव, विपिन सिंह, कौशल कुमार, अनामिका भारती, बबिता दुबे, अनूप गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# विराट कुश्ती दंगल में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष ने किया दंगल का शुभारंभ

**खेलकूद**

**नेपाल, दिल्ली, गोरखपुर, अयोध्या बिहार, वाराणसी सहित जिले के कई पहलवानों ने कुश्ती में दिखाया दमखम**

जनसंदेश न्यूज



पहलवानों से हाथ मिलवाते नपाध्यक्ष।

**मीरजापुर।** नगर के घोड़े शहीद स्थित महावीर पार्क में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व. कोमल पहलवान के याद में अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर फिता काट कर विराट दंगल का शुभारंभ किया।

इस मौके पर नपाध्यक्ष को मोमेन्टो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। हर साल होने वाले इस दंगल में नेपाल दिल्ली, गोरखपुर, बिहार, वाराणसी सहित मीरजापुर के कई पहलवानों ने प्रतिभाग किया। नेपाल से बसंत थापा, राणा पहलवान, गोरखपुर से अशोक, वाराणसी से नेहरू वही मीरजापुर से कई पहलवानों ने भाग लेकर अपना दमखम दिखया। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने वहां उपस्थित दर्शकों और कुश्ती के पहलवानों को सम्बोधित करते हुये कहा कि कुश्ती जिले का पारंपरिक खेल है और जिले में कई स्थानों पर दंगल का आयोजन किया जाता है। इस महावीर पार्क में स्व.कोमल पहलवान की याद में यह दंगल का आयोजन किया जाता रहा है। हर साल इसी पार्क में होने वाले दंगल को देखने के लिये दूर-दराज इलाके से लोग आते है। पिछले साल पार्क के सुंदरीकरण के लिए हमने धन जारी किया था और सत्तर प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, बचे हुये कार्य को भी जल्द ही कराने का निर्देश दिया गया है। ओलंपिक एवं कॉमनवेल्थ गेमों में भी भारत के पहलवानों ने मेडल जीतकर देश का सर ऊंचा किया है और हमे पूर्ण विश्वास है कि हमारे जनपद के प्रतिभाशाली खिलाड़ी निश्चित ही जिले का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर दंगल के संयोजक लवकुश पहलवान, मनोज पहलवान, ओमप्रकाश पाण्डेय, मनोज राठौर, बच्चा सोनकर, गुलाब सोनकर, प्रकाश पहलवान आदि मौजूद रहे है।

# ठंड शुरू होते ही समाजसेवी ने गरीबों में बांटे कम्बल

**लालगंज।** क्षेत्र में इन दिनों रफ्तार पकड़ रही भीषण ठंड से लोग पूरी तरह से परेशान होने लगे है। लेकिन सबसे बुरा हाल गरीबों का है। गरीबों के सुख व दुख में साथ रहने वाले समाज सेवी पं हरिशंकर मिश्र ने हर वर्ष सर्दी के दिनों में लोगों को कंबल वितरण करते है। रविवार को हरिशंकर मिश्र के अगुवाई में लालगंज पंचायत भवन पर आस पास के गांवों से आए लोगों के बीच लगभग एक सौ से अधिक कंबल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ शिव नारायण सिंह व कोतवाल रामनरायन, के द्वारा गरीबों को कंबल बांटते हुए कहा की ठंड में गरीबों को कंबल बांटना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। गरीबों की मदद के लिए ऐसे समाजसेवी को आगे आकर गरीबों की मदद करना इससे बड़ा कोई धर्म नहीं है। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव एवं विहिप के जिलाध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल ने संयुक्त रुप से कंबल का वितरण किए। कंबल वितरण के पश्चात बीडीओ शिवनारायण सिंह, कोतवाल रामनारायन ने कहा कि संपन्न लोगों को हरिशंकर मिश्र से सीख लेनी चाहिए। सर्दी के दिनों में लोगों के सहयोग से कंबल मिलने पर गरीबों की सर्दी आसानी से कट जाती है।



गरीबों को कम्बल वितरित करते बीडीओ व अन्य।

# शेयर एंड केयर संस्था का सामूहिक विवाह संपन्न



दम्पति को आशीर्वाद देते डायरेक्टर द्वय व गेस्ट



कन्याओं के साथ फोटो सेशन में शामिल अमरदीप व अपराजिता

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों ने दिया वर-वधुओं को आशीर्वाद**

**अब तक 100 गरीबों की शादी करा चुकें हैं अमरदीप व अपराजिता**

**मीरजापुर।** नगर के लोहिया तालाब स्थित डैफोडिल्स स्कूल परिसर में शेयर एंड केयर के बैनर तले सामूहिक विवाह के मंडप में ग्यारह कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर विंध्याचल मंडल के डीआईजी आर पी सिंह समेत तमाम गणमान्य नागरिकों ने नवयुगल दंपति को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

सामूहिक कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी दम्पति अपराजिता सिंह एवं अमरदीप सिंह ने किया। समाज सेवा के तहत वर्ष 2010 से आरम्भ सामूहिक विवाह के कार्यक्रम में आज, 11 जोड़ो का विवाह होने के साथ ही अबतक 100 जोड़ी का विवाह कराने की संख्या पूरी हुई। अमरदीप सिंह ने समाज सेवा की ललक का श्रेय वाराणसी निवासी अपने मामा और मामी को दिया। कहा कि जरूरत मंद लोगों की मदद करने के बाद असीम सुख की अनुभूति होती हैं।

अपराजिता सिंह ने बताया कि वैवाहिक जोड़ो को गृहस्थी के तमाम सामान गिफ्ट किया गया। वर ने वधु के मांग में सिंदूर और गले में मंगल सूत्र पहनाया। वैवाहिक कार्यक्रम आचार्य राजन तिवारी ने संपन्न कराया। वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के साथ सितारा, कुंती, विपुल कुमारी, सरोजा, सतना, बेबी, प्रीती, गुड़िया, निशा, मनीषा और काजल सहित ग्यारह कन्याओं को समारोह में शुभ आशीष दिया गया। इस अवसर पर वर - वधू पक्ष परिजनों ने भी आशीर्वाद प्रदान किया। स्कूल की चेयर पर्सन डा० टी



विवाह के बाद दी जाने वाली सामग्री

भाटिया, श्रीमती सैनी, साहिबा सिंह, काशिका सिंह, डी० निर्मल कौर दुआ, इनरह्वील क्लब की सदस्या तथा नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। स्कूल की तरफ से सभी वर - वधुओं को उपहार स्वरूप विभिन्न वस्तुएं प्रदान किया गया। डैफोडिल्स स्कूल उत्कृष्ट शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी रहता है। अनाथ आश्रम, वृद्धाश्रम में समय समय पर सहयोग देना हो या कंबल वितरित करना हो या कोई आपदा का समय हो अमरदीप सिंह दिल खोलकर सहायता के लिए आगे खड़े रहते हैं। विंध्याचल में वाटर कूलर और ह्वील चेयर की सुविधा भी इन्होंने मुहैया कराई है।

## संक्षेप

### एक साल के अंदर गड्ढों में तब्दील हो गई सड़क



**लालगंज।** सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद भी कार्रवाई संस्था अपने कार्य में शासन की मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है जिसके वजह से कार्य अच्छे ढंग से संपादित नहीं हो रहा है। लालगंज नेशनल हाईवे पुलगुंबी ओवर ब्रिज के नीचे लगभग 3 मीटर रोड अंदर धसकर जो बड़ी दुर्घटना का दस्तक दे रहा है। इसके बावजूद क्षतिग्रस्त सड़क को बनाने के लिए संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सरकार सड़क के प्रति करोड़ों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है लेकिन एक साल के अंदर ही रोड की दुर्दशा हो जा रही है। ऐसे में सरकार सड़क बनाने वाले कंपनियों के लापरवाही के कारण सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पोल खोल रही हैं। ऐसे में राजकीय धन का दुरुपयोग होता दिख रहा है। क्षतिग्रस्त सड़क के मौके पर पूर्व छानबे विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने सड़क को देख और बताया कि डबल इंजन के सरकार में धन का दुरुपयोग हो रहा है। पूर्व विधायक द्वारा बताया गया कि जल्द से जल्द ओवर ब्रिज रोड का मरम्मत कराया जाए नहीं तो हम धरना देने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

### जमुआं पुलिस को चोरों ने दी खुली चुनौती

**कछवां।** स्थानीय थानाक्षेत्र के जमुआं बाजार पुलिस चौकी एरिया में ताबड़तोड़ चोरियों ने लोगों में दहशत पैदा कर दी है। इसके बावजूद कछवां थाना प्रभारी का फोन न उठना और जमुआं चौकी के पुलिसकर्मियों का संख्याबल कम होने का रोना चोरों का आतंक बढ़ा दिया है। दो दिन पहले ही हीरापुर गांव में चोरों ने सरकारी सोलर पैनल की बैटरी गायब की थी और अब तो सरकारी ट्यूबवेल का ताला तोड़कर मोटर और केबल काट ले गए। हालात यह है कि जमुआं पुलिस के लोग शाम को बाजार में मोटर साइकिल वालों की जांच के नाम पर दबंगई दिखाते हैं लेकिन चोरों की धर-पकड़ के लिए कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कछवां थानाक्षेत्र के जमुआं बाजार चौकी क्षेत्र में चोरों ने आतंक मचा रखा है और दो दिनों के भीतर चोरी की तीसरी घटना हुई है। शनिवार-रविवार की रात जमुआं चौकी क्षेत्र के हीरापुर गांव में सरकारी नलकूप संख्या 78 में चोरी हुई। शातिर चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए लोहे के दरवाजे को तोड़कर कीमती मोटर और केबल की चोरी की है। इसी रात नवनिर्मित सरकारी जलनिगम की टंकी से भी पैनल की चोरी की गई है। जब कछवां थाना प्रभारी से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा। वहीं जमुआं चौकी की पुलिस ने बताया कि उनके पास संख्याबल कम है जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं नहीं रूक पा रही हैं।

### दो पक्षों में हुई मारपीट में आधा दर्जन घायल

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के अनंतराम पट्टी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर रविवार की सुबह दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से 6 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विदित हो कि अनंतराम पट्टी गांव निवासी अंकित उपाध्याय उम्र 28 वर्ष का गांव के ही छटंकी मिश्रा से काफी समय से विवाद चल रहा था। जिसमें रविवार की सुबह अंकित उपाध्याय अपने दोस्त अनिल मिश्रा के साथ कहीं जा रहे थे। उसी समय दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडे से अंकित के ऊपर वार करते हुए धावा बोल दिया। घटना की सूचना पर दोनों पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए तत्पश्चात दोनों पक्ष में जमकर लाठी-डंडे चले जिसमें एक पक्ष से अंकित उपाध्याय पुत्र पट्टर उपाध्याय 28 वर्ष, अनिल मिश्रा पुत्र प्रदीप मिश्रा उम्र 32 वर्ष, प्रदीप मिश्रा पुत्र छविनाथ मिश्रा उम्र 56 वर्ष, इंदु देवी पत्नी प्रदीप मिश्रा उम्र 52 वर्ष व दूसरे पक्ष से छटंकी मिश्रा पुत्र सौखीलाल उम्र 55 वर्ष, शिवेक मिश्रा पुत्र छटंकी मिश्रा उम्र 28 साल घायल हो गए। घायलों का इलाज मंडलीय अस्पताल में चल रहा है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**लालगंज।** स्थानीय थाना निवासी एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना लालगंज पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। एसपी के निर्देश के क्रम में रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक राम नारायण मय पुलिस बल द्वारा थाना लालगंज पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी राजू पुत्र रामविलास निवासी बहुती बरसईता थाना लालगंज गिरफ्तार किया गया। थाना लालगंज पर पंजीकृत मुकदमा मे नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### बराबरी पर छूटी 51 हजार की कुश्ती प्रतियोगिता

**सीखड़।** स्व लल्लू यादव पहलवान की स्मृति में रुदौली गांव स्थित शंकर जी मंदिर के प्रांगण में विराट कुश्ती दंगल का आयोजन रविवार को किया गया। दर्जनों पहलवानों ने जोर आजमाइश किया। कुश्ती में शमशेर सिंह चकिया चंदन बलिया की कुश्ती बराबर रही। रितेश पहलवान गाजीपुर सर्वेश बलिया 51 हजार बराबर की कुश्ती भी बराबर पर रही। सुनील पहलवान जौनपुर शमशेर चंदौली में सुनील पासवान ने शमशेर को पटकनी देकर 30,000 की कुश्ती जीत लिया। निगम पान जौनपुर व राजन डीएलडब्ल्यू की 20000 की कुश्ती बराबर पर रही। अखिलेश रुदौली मोहित सिगरा बराबर, अनिल रुदौली राजन कछवा, नेहा नरोत्तमपुर प्राची सजोई, शशि सजोई मनीषा अदलपुरा, सृष्टि ककराही, सपना कछवा बराबर पर रहा। इस दौरान डा कौशिक सरक्षक पापुलर हॉस्पिटल वाराणसी, पूर्व विधान सभा प्रत्यासी डा आरएस पटेल, पारस यादव, रामचंदर यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तपेश यादव, पूर्व प्रधान अजय सोनकर, राजेश यादव खन्ना, सुनील यादव, कोच वेद प्रकाश यादव, कृपा राम यादव, सुरेश कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### मिर्गी की दवा के साथ कंबल वितरण

**सीखड़।** क्षेत्र के अदलपुरा अदलपुरा आराधी लाइन सुल्तानपुर चितेश्वरनाथ घाट स्थित परम पूज्य बाबा अवधूत राम साधन स्थल पर परम पूज्य गुरुपद संभव राम सर्वेश्वरी समूह पड़ाव वाराणसी आश्रम के प्रमुख परम पूज्य गुरुजी ने पुजा पाठ कर 500 गरीब महिला पुरुष को कंबल वितरण किया गया। वही दूर दराज से आए गरीबों को प्रसाद के रूप में घुघुरी, हलुआ, खिचड़ी आदि खिलाया गया। वैद्य रंजीत कुमार सिंह व सहयोगी धर्मेंद्र सिंह सर्वेश्वरी समूह पड़ाव वाराणसी के द्वारा 4:00 बजे भोर से सूर्योदय के पहले तक 19 मिर्गी रोगियों को दवा पान दिया गया। इस दौरान अशोक पांडेय विजई, गोपाल पांडेय,जिला पंचायत सदस्य के के सिंहउमेश सिंह, गणेश सिंह, संजय कुमार मिश्रा, विवेक कुमार मिश्रा,चौकी प्रभारी एसआई जयदीप सिंह, कांस्टेबल अशोक सिंह एवं समस्त सर्वेश्वरी समूह के लोग मौजूद रहे।

### आशा दिनकर कृत गजल संग्रह 'ख़्वाबों की ख़्वाहिश' का विमोचन

**मीरजापुर।** आशा दिनकर द्वारा लिखे गए गजल संग्रह "ख़्वाबों की ख्वाहिश" का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवस्तव ने किया। इस दौरान मिथिलेश ने कहा कि आशा दिनकर के गजल संग्रह "ख़्वाबों की ख्वाहिश" में जीवन के विविध रंग समाहित हैं। उनकी गजलों को पढ़कर लगता है कि वह एक वरिष्ठ और समृद्ध रचनाकार हैं। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि आशा दिनकर ने अपनी गजलों में गजलियत के फॉर्म को बरकरार रखते हुए बहुत सारी बातें कही हैं। उनके यहाँ प्रेम-मुहब्बत के कई रंग देखने को मिलते हैं जो पाठक को सहज ही आकर्षित करते हैं। इस मौके पर लव व कुश तिवारी, गोपाल जी राय, हेमलता तोदी, आनंद अमित आदि शामिल रहे।
ना डिग्री न डिप्लोमा इलाज का झोला छाप लेते हैं पूरा जिम्मा

### हलिया में बरसाती मेढक की तरह क्लीनिकों में खुलेआम चल रहा भ्रूण हत्या का कारोबार

**हलिया।** क्षेत्र के बाजारों सहित ग्रामीण इलाकों में बिना डिग्री डिप्लोमा के क्लीनिक खोलकर बैठे झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा मरीजों का मनमाना आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इस तरह से क्लीनिक का संचालन करने वालों लोगों के पास किसी तरह की मेडिकल डिग्री और डिप्लोमा नहीं है लेकिन इसके बावजूद भी झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा हर तरह के बीमारियों का पूरा जिम्मा लेकर इलाज किया जा रहा है जिसके चलते मरीजों का मनमाना आर्थिक शोषण किया जा रहा है। आए दिन झोलाछाप डॉक्टरों के यहां इलाज कराने वाले मरीजों की लापरवाही के चलते मौतें भी होती रहती हैं इसके बावजूद भी इस तरह के कारोबार पर अंकुश लगाने वाले जिम्मेदार अमले की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टरों से अवैध वसूली भी की जाती है। जिसके चलते उनके कारोबार को खुलेआम छूट मिली हुई है। बात करें क्षेत्र के रतेह चौराहा की तो यहां पर इस समय कई झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा बिना डिग्री डिप्लोमा के क्लीनिकों का संचालन किया जा रहा है। इस तरह के क्लीनिक में प्रसव कराने के नाम पर खुलेआम भ्रुण हत्या का कारोबार किया जा रहा है। इसी तरह गड़बड़ा धाम, ड्रमंडगंज, नैडी. कठारी, बरौंधा, पिपरा, देवरी बाजार सहित अन्य स्थानों पर भी झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा संचालित क्लीनिकों में महिला नर्सों को नियुक्ति कर भ्रूण हत्या भी की जा रही है। सरकार द्वारा भ्रुण हत्या के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं लेकिन हलिया विकास खंड में खुलेआम ऐसे कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। झोलाछापों द्वारा संचालित क्लीनिक एजेंटों के सहारे चलाई जा रही हैं जिनको मरीज लाने के नाम पर कमीशन दिया जाता है ऐसे कारोबार में आशाओं की भी भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

# स्पोर्ट्स

## आजम इस साल सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने

**रावलपिंडी।** कप्तान बाबर आजम के शानदार शतक से पाकिस्तान ने मेहमान टीम इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 411 रन बना लिए थे। इससे पहले इंग्लैंड ने पहली पारी में 657 रन बनाये थे। इस प्रकार पाक टीम अभी भी मेहमान टीम से 246 रन पीछे है। आजम ने 132 गेंद पर 106 रन बनाये। यह आजम के करियर का 8वां शतक है। इस प्रकार आजम इस साल सबसे अधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गये। आजम ने अब तक 7 शतक और 14 अर्धशतक के साथ ही 2200 के करीब रन बनाये हैं. इस मैच के तीसरे दिन आजम ने शतक लगा दिया। इसी के साथ उनके नाम एक और रिकॉर्ड हो गया। आजम का यह 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारुपों टेस्ट एकदिवसीय और टी20 में कुल मिलाकर सातवां शतक है। इस प्रकार वह इस साल सबसे अधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने है। इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो छह शतक लगाकर दूसरे नंबर पर हैं। वहीं पाक के इमाम उल हक और इंग्लैंउ के जो रूट ने 5-5 शतक लगाए हैं।




# रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से जीता बांग्लादेश, आखिरी विकेट नहीं ले सका भारत

## भारत ने जीता हुआ मैच गंवाया, बांग्लादेश ने एक विकेट से जीत हासिल की, राहुल का कैच छोड़ना पड़ा भारी




**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में भारत को एक विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 41.2 ओवर में 186 रन पर सिमट गई। केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 73 रन बनाए। जवाब में एक वक्त टीम इंडिया मजबूत स्थिति में थी। उसने 136 पर बांग्लादेश के नौ विकेट गिरा दिए थे। हालांकि, इसके बाद मैदान पर बड़ी गलतियां कर भारतीय टीम ने मैच को अपने हाथ से निकल जाने दिया। केएल राहुल ने बांग्लादेश की जीत के हीरो रहे मेहदी हसन मिराज का आसान कैच छोड़ दिया। इसका फायदा उठाकर मिराज और मुस्तफिजुर रहमान ने 10वें यानी आखिरी विकेट के लिए 51 रन की नाबाद साझेदारी कर डाली। मिराज ने एकतरफा अंदाज में अपनी टीम को जीत दिलाई। वह 39 गेंदों पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, मुस्तफिजुर नौ रन बनाकर नाबाद रहे। इस जीत के साथ बांग्लादेश ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का अगला मैच सात दिसंबर को ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेला जाएगा।

बांग्लादेश को 39वें ओवर में दो झटके लगे। मध्य प्रदेश के रीवा के तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने अंतरराष्ट्रीय करियर के डेब्यू मैच में एक ओवर में दो विकेट लिए। उन्होंने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर अफीफ हुसैन को मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। अफीफ छह रन बना सके। इसके बाद पांचवीं गेंद पर इबादत हुसैन हिट विकेट हो गए। इबादत खाता भी नहीं खोल सके। 39 ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन है। फिलहाल टीम को 66 गेंदों पर 52 रन की जरूरत है।

भारत की तरफ से केएल राहुल ने 73 रन बनाए। उनके अलावा टीम इंडिया का कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। इससे पहले भारत की तरफ से पारी की शुरूआत शिखर धवन और रोहित शर्मा ने की, लेकिन जल्द ही केवल 23 के स्कोर पर टीम को पहला झटका लगा। शिखर धवन 7 रन के निजी स्कोर पर मेहदी हसन मिराज से बोल्ड किया। दूसरे विकेट के तौर पर कोहली और रोहित ने 25 रन की साझेदार की, लेकिन पहले रोहित और फिर कोहली जल्दी ही आउट हो गए। रोहित ने 25 तो कोहली ने 9 रन बनाए। चौथे विकेट के रूप में केएल राहुल ने अय्यर के साथ मिलकर 43 रन जोड़े। अय्यर 24 रन बनाकर एबादत हुसैन की गेंद पर आउट हुए।

5वें विकेट के लिए सुंदर और राहुल ने 60 रन जोड़े, लेकिन 19 रन बनाकर सुंदर आउट हो गए। उसके बाद भारत ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

इस मैच में टीम इंडिया की बल्लेबाजी खराब रही। पूरी टीम 186 रन पर सिमट गई। केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 73 रन की पारी खेली। वहीं, रोहित शर्मा ने 27 रन बनाए। इस स्कोर के बावजूद रोहित शर्मा ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। वनडे में रोहित भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले छठे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पूर्व दिग्गज बल्लेबाज और कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ा। दो रन बनाते ही रोहित ने अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया। रोहित के नाम वनडे में फिलहाल 234 मैचों में 9403 रन है। उन्होंने 48.46 की औसत और 89.17 के स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए हैं। उनके नाम 29 शतक और 45 अर्धशतक हैं। वनडे में रोहित के नाम तीन डबल सेंचुरी भी हैं। साथ ही इस फॉर्मेट का सबसे ज्यादा रन भी उन्हीं के नाम है।

## रोहित शर्मा ने 2 अपार्टमेंट लीज पर दिए मिलेगा हर माह 2 .5 लाख किराया



**मुंबई।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मुंबई में कुल 1047 वर्ग फीट में फैले 2 अपार्टमेंट को लीज पर दिया है। इसके बदले उन्हें हर महीने करीब 2.5 लाख रुपये किराया मिलेगा। ये दोनों ही अपार्टमेंट मुंबई स्थित बांद्रा वेस्ट की एक बिल्डिंग में 14वें मंजिल पर हैं। एक अपार्टमेंट 616 वर्ग फीट व दूसरा 431 वर्ग फीट का है। इन अपार्टमेंट्स के साथ 2 कार पार्किंग स्पेस भी हैं। रेंटर ने डिपॉजिट के रूप में 10 लाख रुपये जमा कर दिए हैं। यह डील संभवतः 24 नवंबर को पूरी हुई है। बता दें कि अभी रोहित शर्मा या उनकी पीआर टीम की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। इससे पहले रोहित शर्मा ने पुणे स्थित हिल स्टेशन लोनावला में 5.25 करोड़ रुपये एक प्रॉपर्टी बेची थी। इस प्रॉपर्टी का एरिया करीब 6330 वर्ग फीट था। यानी हर वर्ग फीट की कीमत 8300 रुपये थी। हिटमैन का घर फिलहाल मुंबई में वर्ली स्थित अहुजा टावर्स के अपार्टमेंट में है। यह 29वें फ्लोर पर है इसका एरिया करीब 6000 वर्ग फीट है। जानकारी के अनुसार रोहित ने 2015 में यहां मूव-इन किया था। इस घर की कीमत करीब 30 करोड़ रुपये है। जबकि उनकी नेटवर्थ करीब 130 करोड़ रुपये है। वर्ली दक्षिण मुंबई के एक पॉश इलाका है। यहां रोहित के अलावा विराट कोहली-अनुष्का शर्मा युवराज सिंह अक्षय कुमार अभिषेक बच्चन बिजनेसमैन अजय पिरामल नारायण मूर्ति व अनिल अग्रवाल का भी रेजिडेंस है।

## ऑस्ट्रेलिया ने 164 रन से जीता पहला टेस्ट: आखिरी दिन 333 रन बना सकी वेस्टइंडीज

### लाबुशेन रहे प्लेयर ऑफ द मैच

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में 164 रन से हरा दिया। पर्थ में 499 रन के टारगेट का पीछा करते हुए विंडीज टीम पांचवें दिन 333 रन ही बना सकी। उन्होंने 3 विकेट पर 192 रन से आगे खेलना शुरू किया। लेकिन, वे चौथे दिन के स्कोर में 141 रन ही जोड़ सके और बचे हुए 7 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन ने दूसरी पारी में 6 विकेट लिए।

पहली इनिंग में 204 और दूसरी इनिंग में 104* रन की पारी खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के लाबुशेन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। 2 टेस्ट की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 1-0 से आगे हो गया। दूसरा टेस्ट 8 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। पांचवें दिन



विंडीज को 92 ओवर में 306 रन की जरूरत थी। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने 101 और काइल मेयर्स ने 0 रन से आगे खेलना शुरू किया। ब्रैथवेट 110 और मेयर्स 10 रन बनाकर आउट हो गए। दोनों को नाथन लायन ने पवेलियन भेजा। विंडीज के लिए रोस्टन चेज ने 55 और अल्जारी जोसेफ ने 43 रन बनाकर फाइट की। लेकिन, वे भी अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। टीम के बाकी बल्लेबाजों में तेगनारायण चंद्रपाल ने 45, शमार ब्रूक्स ने 11, जर्मेन ब्लैकवुड ने 24, जेसन होल्डर ने 3, जोशुआ डी सिल्वा ने 12, जेडन सील्स ने 5 और केमार रोच ने कोई रन नहीं बनाया। आखिरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन ने सबसे ज्यादा 6, ट्रेविस हेड ने 2 और मिचेल स्टार्क-पैट कमिंस ने एक-एक विकेट लिए। लायन ने पहली इनिंग में 2 विकेट लिए थे। इस तरह उन्होंने मैच में 8 विकेट पूरे किए।

फर्स्ट इनिंग्स में ऑस्ट्रेलिया के स्टार्क-कमिंस को 3-3 और हेजलवुड-ग्रीन को 1-1 विकेट मिले थे। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन ने पहली पारी में 350 बॉल पर 204 और दूसरी पारी में 110 बॉल पर 104 रन की नाबाद पारी खेली। एक टेस्ट में डबल सेंचुरी और सेंचुरी जड़ने वाले वह दुनिया के 8वें ही बल्लेबाज बने। इस लिस्ट में भारत के सुनील गावस्कर समेत कई दिग्गजों के नाम भी शामिल हैं।

## कुलदीप एकदिवसीय पदार्पण करने वाले 250वें भारतीय खिलाड़ी बने



**ढ़ाका।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय से टीम में पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज कुलदीप सेन भारतीय टीम से खेलने वाले 250वें खिलाड़ी बन गये हैं। कुलदीप को बांग्लादेश के खिलाफ यहां पहले ही एकदिवसीय में डेब्यू कैप मिली जिससे उनका टीम में जगह पाने का सपना पूरा हो गया। इससे पहले कुलदीप को ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्वकप में भी टीम में जगह मिलने की उम्मीद थी पर ऐसा नहीं होने पर वह निराश हो गये थे। इसके बाद उन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर चयनकताओं का ध्यान खींचा।

कुलदीप को जब टी20 विश्व कप में मौका नहीं मिला तो उन्होंने पूरा ध्यान टी20 मुश्ताक अली ट्रॉफी पर लगाया और यहां अच्छा प्रदर्शन करके सबको प्रभावित किया। इस तेज गेंदबाज ने अब तक 13 लिस्ट-ए मैच में 23 की औसत से 25 विकेट लिए हैं। 36 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने कहा था कि कुलदीप के बाद पास अच्छी गति है। ऐसे में वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अलग पहचान बना सकते हैं। आईपीएल 2022 की बात करें तो कुलदीप को राजस्थान रॉयल्स में 20 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था।

# चेन्नई सुपरकिंग्स ने ब्रावो को बनाया बॉलिंग कोच, धोनी की टीम ने दी बड़ी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स ने ड्वेन ब्रावो को बॉलिंग कोच बनाया है। ब्रावो से पहले लक्ष्मीपति बालाजी चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच थे।लेकिन वो निजी वजहों से एक साल के ब्रेक पर जा रहे हैं।

हालांकि वो सुपर किंग्स की एकेडमी के लिए उपलब्ध रहेंगे।ड्वेन ब्रावो ने चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से जारी बयान में कहा ह्यमैं इस नई यात्रा की प्रतीक्षा कर रहा हूं।क्योंकि यह कुछ ऐसा है जो मैं क्रिकेट करियर के खत्म होने के बाद खुद को करते देखना चाहता हूं।मुझे गेंदबाजों के साथ काम करने में मजा आता है और मैं इस भूमिका को लेकर उत्साहित हूं।खिलाड़ी से लेकर कोच तक मुझे नहीं लगता कि मुझे ज्यादा एडजस्ट करने की जरूरत है।क्योंकि जब मैं खेल रहा होता हूं तो मैं हमेशा गेंदबाजों के साथ काम करता हूं और बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहने के लिए योजनाओं पर काम करता हूं।फर्क सिर्फ इतना है कि मैं अब मिड-ऑन या मिड-ऑफ पर नहीं खड़ा रहूंगा!ह्लमैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज बनूंगा।लेकिन मैं आईपीएल इतिहास का हिस्सा बनकर खुश हूं! ब्रावो आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं जिन्होंने 161 मैच में 183 विकेट हासिल किए हैं।

इस ऑलराउंडर ने 130 की स्ट्राइक रेट से 1560 रन भी बनाए हैं और चेन्नई को चार बार आईपीएल चैंपियन बनाने में इस खिलाड़ी का अहम योगदान है।ब्रावो 2011 से चेन्नई सुपर किंग्स का अहम हिस्सा रहे हैं।वो 2011 2018 और 2021 में आईपीएल का खिताब जीतने वाली चेन्नई सुपर किंग्स टीम का हिस्सा थे।उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ 2014 में चैंपियंस लीग का खिताब भी जीता है। वो दो बार (2013 2015) में सबसे अधिक विकेट हासिल करने के लिए पर्पल कैप भी जीते थे।ब्रावो ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए कुल 144 मैच में 168 विकेट लेने के साथ 1556 रन बनाए।

मालूम हो कि सीएसके ने ब्रावो को आईपीएल 2023 से पहले होने वाले मिनी ऑक्शन से पहले रिलीज कर दिया था। इसके बाद ब्रावो ने नीलामी के लिए अपना नाम नहीं दिया था।अब उन्होंने आईपीएल से संन्यास ले लिया है और वो अगले सीजन से नए रोल में नजर आएंगे।इससे पहले कायरान पोलार्ड ने भी संन्यास ले लिया था और वो अगले सीजन में टीम के साथ बैटिंग कोच की भूमिका में नजर आएंगे।

## मैच से चंद घंटे पहले क्यों बाहर हुए पंतः 6 गेंदबाजों के लिए नहीं बन पा रही थी जगह बोर्ड ने मेडिकल कारण बताया

व्हाइट बॉल क्रिकेट में लगातार खराब बल्लेबाजी के लिए आलोचना झेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को पहले वनडे से चंद घंटे पहले सीरीज से बाहर हो गए।टॉस होने से कुछ ही मिनट पहले इउउकने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि पंत को मेडिकल टीम की सलाह पर बाहर किया गया है। पंत की जगह कोई रिप्लेसमेंट नहीं लिया गया गया है। केएल राहुल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दी गई है। इस मसले पर टीम से जुड़े सूत्रों और पंत के करीबियों से बात की तो कुछ और ही कहानी सामने आ रही है। क्या है पूरा मामला, चलिए जानते हैं। पहले पंत का वनडे करियर देख लेते हैं। टीम से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि टीम मैनेजमेंट 6 गेंदबाजों के साथ उतरना चाहता था। अगर पंत और राहुल दोनों खेलते तो यह पॉसिबल नहीं हो पा रहा था। ऐसे में भारतीय प्लेइंग-एक्स में 5 गेंदबाज ही शामिल हो पाते। पंत फिलहाल खराब फॉर्म से भी गुजर रहे हैं, इसीलिए उन्हें बाहर करने का फैसला किया गया है। टेस्ट सीरीज के लिए पंत की भारतीय टीम में वापसी हो जाएगी। श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया है। उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। पंत से ओपनिंग कराना भी संभव नहीं हुआ। शिखर धवन 2023 वर्ल्ड कप की योजना का हिस्सा हैं लिहाजा उन्हें ज्यादा से ज्यादा मौके दिए जाएंगे। केएल राहुल बाहर नहीं हो सकते थे क्योंकि वे टीम के वाइस कैप्टन हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई पुरुष हॉकी टीम ने पांचवे मैच में भारतीय टीम को हराया, 4-1 से सीरीज जीती



**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलियाई पूरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां पांचवें और अंतिम हॉकी टेस्ट में भारतीय टीम को 5-4 से हरा दिया। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेयाई टीम ने भारतीय टीम को पांच मैचों इस सीरीज को 4-1 से जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से टॉम विकहैम ने दूसरे और 17वें मिनट में गोल किये जबकि एरेन जेलवस्की ने 30वें मिनट जेकब एंडरसन ने 40वें मिनट और जेक वेटन ने 54वें मिनट में एक-एक गोल दागे। वहीं भारतीय टीम की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 24वें और 60वें मिनट में जबकि अमित रोहिदास ने 34वें मिनट और सुखजीत सिंह ने 55वें मिनट में एक-एक गोल दागा। भारतीय टीम शुरूआती दो मैच 4-5 और 4-7 से हारने के बाद तीसरा मैच 4-3 से जीती थी। वहीं चौथे मैच में मेहमान टीम को 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था।

## करियर के 1000वें मैच में मेसी का शानदार प्रदर्शन अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रेलिया को हराया



**अल रेयान।** कप्तान लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन से अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप फुटबॉल के अपने अंतिम 16 मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। इस मैच में उतरने के साथ ही मेसी ने अपने करियर का 1000 वां मैच खेला। इसमें अपने शानदार प्रदर्शन से उन्होंने सभी का ध्यान खींचा। मेसी ने इस मैच में गोल करने के साथ ही ही अपने करियर का 789वां गोल किया। मेसी के गोल से अर्जेंटीना की टीम ने मैच के 35वें मिनट में ही एक गोल की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद 57वें मिनट में जुलियन अल्वारेज ने एक गोल दागकर अपनी टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। वहीं मैच के 77वें मिनट में अर्जेंटीना को एंजो फर्नांडीज के एक आत्मघाती गोल से झटका लगा पर इसके बाद भी टीम ने 2-1 से जीत दर्ज कर ली।

मेसी का यह फीफा विश्व कप के नॉकआउट मुकाबलों में पहला गोल है। उनकी टीम 2014 में फाइनल तक पहुंची थी पर तब मेसी नॉकआउट में कोई गोल नहीं कर पाए थे। क्लब और अपने देश के लिए पिछले आठ मैचों में मेसी का यह 13वां गोल है। अपने करियर के 1000 मैच में उनके अब तक 789वां गोल हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनके 94 गोल हैं। मेसी ने 789 वें गोल के साथ ही अपने ही देश के दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना के अलावा पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को भी पीछे छोड़ दिया है। मेसी के फीफा विश्व कप में 9 गोल हो गए हैं। वह टूनामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले अर्जेंटीनी खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले 8 गोल का रिकॉर्ड माराडोना और रोनाल्डो के नाम था।

## जब मीडिया पर भड़के रमीज

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा इंग्लैंड और पाकिस्तान मैच पर बात के दौरान मीडिया पर ही भड़क गये। इस मैच में जमकर बन रहे रनों को देखते हुए पिच को लेकर उठे सवालों के दौरान रमीज को पत्रकारों की बातें अच्छी नहीं लगीं। रमीज ने रावलपिंडी पिच की आलोचना करते हुए कहा था कि वह टेस्ट पिच के बारे में समझ नहीं पा रहे हैं और इस पिच से निराश हैं। उन्होंने कहा था कि इस ट्रैक पर उछाल नहीं मिल रहा है इसलिये वह ड्रॉप-इन पर जोर दे रहे हैं। वहीं जब पत्रकार ने कप्तान बाबर आजम का बयान याद दिलाते हुए पीसीबी अध्यक्ष से पूछा कि ह्यऐसे मामलों के लिए हमारे पास किस तरह की पिचें हैं। तो बाबर ने कहा था कि इस सीरीज में हमारे पास एक एक अच्छा अवसर है। इसी को लेकर रमीज को गुस्सा आ गया। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले बाबर ने कहा था हम डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

## पेले ने प्रशंसकों को शांत और सकारात्मक बने रहने का संदेश दिया



**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने अपने प्रशंसकों को शांत और सकारात्मक बने रहने को कहा है। पेले ने यह संदेश ऐसे समय दिया है जब कहा जा रहा है कि उन्हें एंड ऑफ लाइफ सपोर्ट पर रखा जा रहा है। पेले पेट के कैंसर से पीड़ित हैं। वह अभी साओ पाउलो के अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं डॉक्टरों के अनुसार पेले इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और पिछले 24 घंटों में उनकी स्थिति और खराब नहीं हुई है। पेले को संक्रमण के इलाज के लिए एंटीबायोटिक्स दिए जा रहे हैं और साथ ही वह कैंसर के लिए कीमोथेरेपी से गुजर रहे हैं! पेले ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों को दिये संदेश में लिखा मेरे दोस्तों मैं सभी को शांत और सकारात्मक रखना चाहता हूं। मैं बहुत उम्मीद के साथ मजबूत बना हुआ हूं और उपचार करवा रहा हूं। जिस प्रकार से मेरी देखभाल हो रही है उसके लिए मैं पूरी मेडिकल और नर्सिंग टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे ईश्वर पर काफी भरोसा है और दुनिया भर में आपसे मिले प्यार का हर संदेश मुझे ऊर्जा से भरपूर रखता है। सभी चीजों के लिए धन्यवाद। इसके साथ ही उन्होंने प्रशंसकों से विश्वकप कप में टीम का हौंसला बढ़ाने की अपील की। दूसरी ओर दुनिया भर के कई दिग्गज खिलाड़ी और प्रशंसक पेले के लिए प्रार्थन कर रहे है। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाब्वे ने सोशल मीडिया पर लिखा किंग के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। वहीं स्थानीय मीडिया के अनुसार पेले के शरीर पर कीमोथेरेपी का प्रभाव नहीं हो रहा है। इसके साथ ही उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया है। उन्हें सांस संबंधी दिक्कत है और वह अभी अस्पताल में भर्ती रहेंगे। पेले की बेटी केली नैसिमेंटो ने इंस्टाग्राम पर कतर में ब्राजील के प्रशंसकों द्वारा झंडों और बैनरों के साथ अपने पिता को शुभकामनाएं देने की कई तस्वीरें पोस्ट कीं।

# गले में सब्बल घुसने से युवक की मौत के मामले में परिजनों को मिलेगा 5 लाख मुआवजा, रेल मंत्री ने की घोषणा

**रेलवे प्रशासन ने केवल 15 हजार रुपए मुआवजा देने की घोषणा की थी, जबकि हरिकेश के परिजनों ने एक करोड़ और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी बतौर मुआवजा की मांग रखी है**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के पास डावर स्टेशन पर नीलांचल एक्सप्रेस से सुल्तानपुर जा रहे युवक हरिकेश दुबे के गले में सब्बल घुसने से मौत मामले में मुआवजे को रिवाइज किया गया है। दरअसल शुक्रवार की सुबह नीलांचल एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे हरिकेश की डावर स्टेशन के पास खिड़की का कांच तोड़कर अंदर घुसे सब्बल की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस मामले में रेलवे प्रशासन ने केवल 15 हजार रुपए मुआवजा देने की घोषणा की थी। जबकि हरिकेश के परिजनों ने मांग की थी कि उन्हें एक करोड़ और परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी बतौर मुआवजा दी जाए।

रेलवे ने 15 हजार रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया। इसके बाद हरिकेश के परिजनों ने यह मुआवजा लेने से इनकार कर दिया। बाद में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सामने आए। उन्होंने कहा कि हरिकेश के परिजनों को 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। हरिकेश के परिजनों की मांग को रेल मंत्री भी पूरा करते नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि क्या हरिकेश के परिजन रेल मंत्रालय के इस मुआवजे पर मान जाएंगे?





घटना के दिन हरिकेश नीलांचल एक्सप्रेस से दिल्ली से सुल्तानपुर जा रहे थे। अलीगढ़ के पास लोहे का सरिया पटरी के किनारे से अचानक उछला खिड़की के शीशे को तोड़ता हुआ सीधे हरिकेश के गले में घुस गया। दिल्ली-हावड़ा ट्रैक पर सोमना और डावर स्टेशन के बीच यह हादसा हुआ। हरिकेश जनरल कोच में सफर कर रहे थे। जीआरपी की प्रारंभिक जांच में रेलवे की लापरवाही का मामला सामने आया है। रेलवे की लापरवाही पर हरिकेश के परिजनों ने भारी रोष व्यक्त किया है।

इसके बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरिकेश दुबे के परिजनों को 5 लाख रुपये की मुआवजा राशि दिए जाने का ऐलान किया है। हरिकेश दिल्ली में रहते थे। उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। उनके बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। हरिकेश के साथ हुए हादसे के बाद शव लेने केलिए उनके परिजन शनिवार की सुबह सुल्तानपुर से अलीगढ़ पहुंचे थे। इस दौरान रेलवे के अधिकारियों ने 15 हजार रुपए की अनुग्रह राशि परिजनों को देने की पेशकश की। इस पर हरिकेश के परिजन भड़क गए। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को भला-बुरा कहा। वे मृतक का शव लेकर वहां से चले गए। इसके बाद यह मामला तूल पकड़ गया। सोशल मीडिया पर भी रेलवे विभाग को ट्रोल किया जाने लगा। इसके बाद रेल मंत्री ने मुआवजा राशि बढ़कर पांच लाख कर दी। *एजेंसी*

## तलाक के पेपर्स पर आज साइन करेंगे अभिनेत्री चारु असोपा और राजीव सेन

**मुंबई।** अभिनेत्री चारु असोपा और राजीव सेन पिछले कुछ दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिनों दोनों ने एक दूसरे को लेकर कई तरह के आरोप लगाए थे। एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ। हाल ही में चारु ने अपने ब्लॉग के जरिए राजीव पर आरोप लगाया कि वह उनकी बेटी जियाना सेन से मिलने नहीं आते हैं।

अब राजीव ने सोशल मीडिया पर बेटी संग एक वीडियो शेयर किया है। राजीव सेन ने बेटी जियाना संग एक वीडियो शेयर किया है जिसमे जियाना पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती करती नजर आ रही हैं। वीडियो को शेयर कर राजीव ने कैप्शन में लिखा है डैडी की छोटी प्रिंसेस। बीते दिनों चारु असोपा ने अपने वीडियो में बताया था कि राजीव को जियाना से मिलने से नहीं रोका है। बल्कि वह खुद जियाना से नहीं मिलते हैं। उन्हें राजीव से अलग होकर नए घर में शिफ्ट हुए एक महीना हो गया है लेकिन वह जियाना से मिलने नहीं आए हैं।

## पाकिस्तानी लड़की के डांस को माधुरी ने किया कॉपी: यूजर बोले- आपसे ये उम्मीद नहीं थी



**मुंबई।** सोशल मीडिया पर कुछ दिनों से एक पाकिस्तानी लड़की का डांस वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। आयशा ने 'मेरा दिल ये पुकारे आजा' के रीमिक्स वर्जन पर डांस किया था, जिसका वीडियो अब हर जगह छाया हुआ है। इसी बीच धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने भी इस गाने पर डांस करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। जिसे देखने के बाद वह ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। दरअसल, इस वीडियो में माधुरी ऑफ व्हाइट कलर की खूबसूरत साड़ी में अपनी वैनिटी वैन में 'मेरा दिल ये पुकारे आजा' के रीमिक्स वर्जन पर डांस करती हुई दिखाई दीं। माधुरी बिल्कुल वहीं स्टेप्स कर रही हैं जो वायरल वीडियो में पाकिस्तानी लड़की करती दिखती है। एक तरफ कई फैंस उन्हें सपोर्ट कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ उन्हें पाकिस्तानी लड़की के डांस स्टेप्स कॉपी करने को लेकर ट्रोल किया जा रहा है। सोशल मीडिया यूजर कमेंट कर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा,'आपसे ये उम्मीद नहीं थी', तो वहीं, दूसरे ने लिखा, 'ये देखकर बहुत दुख हो रहा है माधुरी दीक्षित को ये ट्रेंड फॉलो करना पड़ रहा है।' इसी तरह के कई कमेंट सोशल मीडिया यूजर ने वीडियो पर किए हैं।

## खास खबर

### हिंदी फिल्मों के निमार्ता नितिन मनमोहन वेंटिलेटर पर


**मुंबई।** बोल राधा बोल दस और कई अन्य कई शानदार हिंदी फिल्मों के निमार्ता नितिन मनमोहन जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। खबर है कि शनिवार शाम उन्हें हार्ट अटैक के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें अभी वेंटिलेटर पर रखा गया है। सूत्रों की मानें तो नितिन मनमोहन पर इलाज का असर तो हो रहा है लेकिन वह अभी भी खतरे से बाहर नहीं हैं। फिलहाल उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। सूत्र ने आगे बताया कि डॉक्टर्स की एक टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए है। संजय दत्त के पूर्व सेक्रेटरी कलीम लगातार उनके साथ हैं। कलीम लंबे समय से नितन मनमोहन के साथ रहे हैं। आपको बता दें कि नितिन मनमोहन जाने-माने विलेन मनमोहन के बेटे हैं।

### गैंगस्टर राजू ठेहट की हत्या के सभी 5 आरोपी गिरफ्तार हथियार भी बरामद

**जयपुर।** सीकर के गैंगस्टर राजू ठेहट के हत्यारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डीजीपी उमेश मिश्रा ने बताया कि हत्या करके भागने वाले सभी पांचों आरोपियों को पीछा करके गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मनीष जाट और विक्रम गुर्जर सीकर के रहने वाले हैं जबकि सतीश कुम्हार जतिन मेघवाल और नवीन मेघवाल हरियाणा के भिवानी के रहने वाले हैं। हत्यारों का पहचान पुलिस ने कल ही कर ली थी। हत्यारों के भागने के रास्तों को चिन्हित करके हरियाणा बॉर्डर के नजदीक डाबला से इन बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस ने इन बदमाशों के कब्जे से हथियार कारतूस और क्रेटा गाड़ी जब्त की है। राजू ठेहट और ताराचंद कड़वासरा की हत्या करके भाग रहे बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा कि सीकर में हुए हत्याकांड में शामिल पांचों आरोपियों को वाहन और हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मोटर मैकेनिक ने स्विफ्ट को मॉडिफाई कर सीएम हिमंत को गिफ्ट की लेम्बोर्गिनी कार

**सीएम हिमंत सरमा ने ट्वीट कर यह जानकारी दी**



**नई दिल्ली।** असम के एक मामूली मोटर मैकेनिक ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को लग्जरी कार लेम्बोर्गिनी गिफ्ट की है। सीएम हिमंत सरमा ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। सरमा ने कहा कि रूटीन दौरे के दौरान सड़क पर इस कार को देखना काफी रोमांच कर देने वाला था। उन्होंने कार की सवारी भी की। दरअसल 31 साल के युवक ने पुरानी मारुति स्विफ्ट को मॉडिफाई करके लेम्बोर्गिनी कार की शक्ल दी है। इसमें उसने तकरीबन 10 लाख रुपए खर्च किए हैं।असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर जानकारी दी कि कि करीमगंज के रहने वाले 31 साल के युवा नुरुल हक ने कड़ी मेहनत से मारुति कार को लेम्बोर्गिनी कार की शक्ल दी है। वह इस कार को बतौर गिफ्ट पाकर बेहद खुश हैं। सरमा ने युवक के बेहतर भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

असम के करीमगंज जिले का रहने वाला नुरुल हक पेशे से मोटर मैकेनिक है। उसने एक पुरानी मारुति स्विफ्ट कार को फेमस और लग्जरी लेम्बोर्गिनी कार की शक्ल दी है। सीएम सरमा को कार गिफ्ट करने हक गुवाहाटी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री सरमा नुरुल हक से मिले और कार को देखकर हैरान हो गए। उन्होंने इस कार्य के लिए हक की सराहना भी की। हक ने बताया कि उसने अपने प्रोजेक्ट पर 10 लाख रुपये से अधिक खर्च किए क्योंकि वह हमेशा से लेम्बोर्गिनी जैसी स्पोर्ट्स कार चलाना चाहता था। उसने कहा कि अब उसका नया लक्ष्य पुरानी कार को फरारी बनाना है और वह इसके लिए कड़ी मेहनत करेगा।

## मंदिर किसी की निजी संपत्ति नहीं, यह जनता के लिए: एमके स्टालिन


**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि मंदिर जनता के लिए हैं और यह किसी की निजी संपत्ति नहीं है। यह बात उन्होंने थिरुवनमियूर के अरुलमिगु मारुनथीस्वरर मंदिर में 31 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कुछ लोग द्रमुक सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं और सभी जातियों से पुजारी नियुक्त किए जाने का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, चाहे वह राजशाही हो या लोकतंत्र, मंदिर केवल जनता के लिए हैं। चाहे किसी भी प्रकार का शासन हो। मंदिर किसी की निजी संपत्ति नहीं हैं। उन्होंने कहा, एचआर एंड सीई विभाग जस्टिस पार्टी के दौरान ही बनाया गया था। डीएमके के योगदान को याद करते हुए सीएम स्टालिन ने कहा, पूर्व सीएम एम करुणानिधि के नेतृत्व वाली सरकार में अधिक मंदिरों की प्रतिष्ठा की गई थी।

उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने 3700 करोड़ के मूल्य वाली मंदिर की जमीन से अतिक्रमण हटवाया है और एक महिला को पुजारी के रूप में नियुक्त किया है।

# दिल्ली नगर निगम चुनाव में मतदान खत्म ईवीएम में कैद हुई 1349 उम्मीदवारों की किस्मत

**सात दिसंबर को आएगा फैसला**

दिल्ली में नगर नगम की 250 सीटों के लिए शाम साढ़े पांच बजे तक मतदान हुआ। 13,638 पोलिंग स्टेशन पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 1349 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। अब उम्मीदवारों को सात दिसंबर का बेसब्री से इंतजार रहेगा, क्योंकि सात तारीख को चुनाव के नतीजे आने हैं। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी दल्लूपुरा स्थित एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए पहुंचे थे, लेकिन वोटर लिस्ट में नाम न होने से वो मतदान नहीं कर सके। वहीं उनकी पत्नी ने मतदान किया। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। वहीं राज्य चुनाव आयोग ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी को मतदाता सूची से उनका नाम हटाने के संबंध में पत्र लिखा है। दिल्ली के सभी 250 वार्डों में शाम चार बजे तक करीब 45 फीसदी मतदान हो चुका है। दोपहर की तुलना में फिलहाल पूरी दिल्ली में तेज गति से मतदान जारी है। किसी



अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। एमसीडी के वार्ड नंबर 166 (पुष्प विहार वार्ड) से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अरुण नवरिया ने भाजपा पर बुद्ध पार्क, मदनगीर में वोटरों को रुपये बांटने का आरोप लगाया है। उनका कहना है, दोपहर करीब 1:21 बजे भाजपा के कार्यकर्ता ने बुद्ध पार्क, मदनगीर में वोटरों को पैसे बांटे। मामले की सूचना मिलने पर एसएचओ अंबेडकर नगर मौके पर पहुंचे लेकिन वहां कोई बीजेपी कार्यकर्ता नहीं मिला। एक व्यक्ति प्रदीप निवासी मदनगीर (25) वहां मिला लेकिन वह किसी राजनीतिक दल का कार्यकर्ता नहीं है और गुरुग्राम में एक फर्नीचर वर्कशॉप में मजदूरी का काम करता है। पूछताछ पर बताया कि उसने किसी को पार्क में पैसे बांटते हुए नहीं देखा। दिल्ली के उत्तर पश्चिम जिले के कटेवड़ा गांव के लोगों ने एमसीडी चुनाव का बहिष्कार किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सड़क, नालियां जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण उन्होंने चुनाव का बहिष्कार किया है। जब तक अधिकारी हमारी शिकायत नहीं सुनेंगे, हम वोट नहीं देंगे। रानी खेड़ा वार्ड के नव दृष्टि आश्रम में दृष्टिहीन मतदाता ने मतदान किया। इसके अलावा, राजा गार्डन के शिवाजी एनक्लेव में मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा गया। रघुबीर नगर मतदान केंद्र पर लाइन में मतदाता अपनी बारी का इंतजार करते रहे। प्रियदर्शिनी विहार में मतदान केंद्र पर अनोखे अंदाज में मतदाताओं का स्वागत किया जा रहा है। यहां मतदाताकर्मियों ने लाल कालीन बिछाई हुई है। इतना ही नहीं गुब्बारे लगाकर सजवाट की गई। मतदानकर्मियों ने यहां आने वाले बुजुर्ग मतदाताओं को फूल देकर स्वागत किया है। इसके बाद अपने मताधिकार के उपयोग के लिए कहा। उधर, साउथ एक्सटेंशन पार्ट 2 में एसडीएमसी स्कूल में वोट डालने के बाद पुलिसकर्मियों ने गुलाब के फूल बुजुर्ग मतदाताओं को दिए। पुलिसकर्मी बुजुर्गों को व्हील चेयर पर पोलिंग बूथ तक पहुंचा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेता एवं मंत्री राजकुमार आनंद परिवार सहित पूर्वी पटेल नगर में मतदान किया। मतदान के बाद मतदान निशान दिखाया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सर्वोदय कन्या विद्यालय तुगलकाबाद के मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूर्व क्रिकेटर और बीजेपी सांसद गौतम गंभीर ओल्ड राजेंद्र नगर में पत्नी नताशा गंभीर के साथ मतदान किया। इसके बाद भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि हमारे पास टैक्स पेयर के हजारों करोड़ रुपए नहीं हैं जो हम अपनी राजनीति चमकाने के लिए लगाएं, हमारे पास सच्चाई है।

## शिवपाल के करीबी को पुलिस ने उठाया, बोले- हमारे घरों की ड्रोन तक से हो रही है निगरानी

**मैनपुरी उपचुनाव के मतदान से पहले प्रसपा अध्यक्ष का आरोप**



**इटावा।** इटावा जिले में मैनपुरी उपचुनाव के मतदान से पहले प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के करीबी और ताखा ब्लॉक प्रमुख के पति ध्रुव यादव को सुबह पुलिस ने उनके घर से हिरासत में ले लिया। गेट न खोलने पर पुलिस दरवाजे से कूदकर घर में घुसी। इससे सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे सीओ भरथना विजय सिंह थाना पुलिस के साथ के साथ भरथना के मोहल्ला बृज राज नगर में नई बस्ती में ध्रुव यादव के घर पहुंच गए। गेट खटखटाने पर न खुलने पर पुलिस दीवार कूदकर घर में प्रवेश कर गई। इसके बाद ध्रुव यादव को कोतवाली भरथना ले जाया गया। जानकारी पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में उनके समर्थक भरथना कोतवाली पहुंच गए। फोन पर प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव को सूचना दी गई। उन्होंने तत्काल डीएम और एसएसपी से बात की। इस पर अधिकारियों ने उन्हें छोड़ने के आदेश दिए। करीब 10 मिनट बाद ध्रुव यादव को छोड़ दिया गया। कुछ ही देर में ब्लॉक प्रमुख के आवास पर पहुंचे प्रसपा प्रमुख ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। सरकार के इशारे पर पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि मतदान प्रतिशत कम रहे, मतदाताओं को डराया धमकाया जा रहा है। ताखा से शिवपाल सिंह यादव के विधायक प्रतिनिधि ध्रुव यादव ने बताया कि बेवजह कार्रवाई करके दबाव बनाया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, अंकुर यादव, पूर्व चैयरमेन मनोज पोरवाल आदि कई नेता,कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

## जी-20 देशों के बीच स्थाई शांति के लिए जरूरी एकजुटता पैदा करेंगे पीएम मोदी: मैक्रों

**फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुएल मौक्रों ने भारत को अध्यक्षता मिलने पर खुशी जताई**



**नई दिल्ली।** भारत ने एक दिसंबर से जी20 की अध्यक्षता संभाल ली है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुएल मौक्रों ने भारत को अध्यक्षता मिलने पर खुशी जताई है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया है। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए मैक्रों ने कहा वह शांति और एक स्थाई दुनिया की स्थापना के लिए सभी को एकजुट करने के लिए अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करते हैं। इमैनुएल मैक्रों ने लिखा एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य। भारत ने जी20 की अध्यक्षता संभाली है। मुझे अपने मित्र नरेंद्र मोदी पर भरोसा है कि वे हमें शांति और अधिक टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए साथ लाएंगे। इससे पहले शुक्रवार 2 दिसंबर को मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी थी। इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने ट्वीट किया जी20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और भारत के लोगों को बधाई। मुझे कूटनीति और संवाद को बढ़ावा देने और आम सहमति बनाने और वैश्विक मामलों के अहम मुद्दों का स्थायी समाधान खोजने के लिए भारत के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। इससे पहले 1 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत की सफलता की कामना की थी। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भी पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दी। किशिदा ने ट्विटर पर लिखा जी20 की अध्यक्षता संभालने के लिए बधाई पीएम मोदी। आपको बता दें कि जी-20 यानी ग्रुप ऑफ ट्वेंटी दुनिया की 20 प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक मंच है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भारत के जी20 प्रेसीडेंसी का विषय वसुधैव कुटुम्बकम - एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य है। इसकी अध्यक्षता के दौरान भारत 32 विभिन्न कार्यक्षेत्रों में 50 से अधिक शहरों में 200 से अधिक बैठकों की मेजबानी करेगा।

## सीएम योगी ने गोरखपुर में सुनी फरियाद



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए। साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों के मकान बनवाए जाएं। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सीएम योगी ने यह निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए दिया। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया कि हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की फरियाद सुनी। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला को मकान उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार वाले फरियादियों को सीएम ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

# ईरान में बड़े पैमाने पर हिजाब विरोधी प्रदर्शन के बाद बैकफुट पर आई सरकार, 'नैतिकता पुलिस' को किया भंग

**हिजाब कानून पर विचार करेगी सरकार**

**तेहरान।** बीते तीन महीनों से चल रहे हिजाब विवाद में अंततः ईरान सरकार को झुकना पड़ा है। हिजाब का विरोध करने वाली ईरानी महिला महसा अमीनी की पुलिस प्रताड़ना से मौत के बाद भड़की हिंसा में अब तक 450 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। इस आंदोलन को खत्म कराने के लिए ईरान सरकार ने प्रदर्शनकारियों का दमन शुरू किया लेकिन वे विरोधी स्वरों को दबा नहीं पाए। अंततः इस मुद्दे पर समझौतावादी रुख प्रदर्शित करते हुए ईरान सरकार ने कहा है कि वह दशकों पुराने इस कानून की समीक्षा करने को तैयार है। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि ईरान की संसद और न्यायपालिका हिजाब को जरूरी बनाने वाले कानून की समीक्षा कर रही है जिसमें महिलाओं को अपना सिर ढकने की अनिवार्यता होती है। इसी कानून के विरोध में दो माह से अधिक समय तक घातक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अब इसी विरोध को बढ़ते देख सरकार



कानून में बदलाव कर सकती है। उल्लेखनीय है कि 16 सितंबर को ईरान की 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के बाद हिजाब का विरोध शुरू हुआ था। महसा अमीनी ने अपना सिर नहीं ढका था इसलिए पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। पुलिस पर आरोप है कि उसने हिरासत के दौरान अमीनी को प्रताड़ित किया था जिससे उसकी मौत हो गई। अमीनी की मौत के बाद पूरे ईरान में हिजाब के खिलाफ विरोध की आग लग गई थी। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर कार्रवाई के चलते 400 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। प्रदर्शन की शुरूआत में पुलिस को गोली तक मारने का आदेश दे दिया गया था। वहीं इसके चलते 1400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया जिनमें से कुछ पर तो मुकदमें भी दर्ज किए गए थे। महसा अमीनी की मौत के बाद कई महिला प्रदर्शनकारियों ने बाल तक कटावा दिए थे और हिजाब भी जलाए गए थे। महिलाएं पर्दे में रहने जैसे कठोर नियम का खुलकर विरोध कर रहीं है। महिलाओं ने इस तहर के विरोध की कई वीडियो भी जारी किए थे।

## ओवैसी का बोले- यकीनन हमारी जीत होगी

**नई दिल्ली।** न्यूज एजेंसी से बातचीत करते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बड़ा दावा किया है। गुजरात चुनावों को लेकर ओवैसी ने कहा कि हम तो सिर्फ 13 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें ही ज्यादा से ज्यादा सीटों को जीतने का प्रयास कर रहे हैं। हमारे लोग खूब मेहनत कर रहे हैं। जनता का हमें जैसा रिस्पॉन्स मिल रहा है तो यकीनन हमारी जीत होगी। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का बड़ा बयान सामने आया है। ओवैसी ने आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और आरजेडी पर निशाना साधा है। आरोप लगाते हुए कहा कि सभी में बेहतर हिंदू बनने के लिए होड़ लगी है और इसका फायदा बीजेपी को मिल रहा है। ओवैसी ने हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाने को लेकर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता जो पूरे भारत में पैदल फिर रहे हैं या फिर आरजेडी हो या सपा हो वह सब अंधेरे का मुकाबला अंधेरे से और नफरत का मुकाबला नफरत से करना चाहते हैं।



आम आदमी पार्टी के नेता एवं मंत्री राजकुमार आनंद परिवार सहित पूर्वी पटेल नगर में मतदान किया। मतदान के बाद मतदान निशान दिखाया।

# केमिकल भरा टैंकर बेकाबू होकर गड्ढे में पलटा, चालक की मौत

**हादसा**

### नेवढ़िया के हथेरा गांव के पास शनिवार की देर रात हुआ हादसा

### बरेली से केमिकल लेकर जा रहा था रांची

**जनसंदेश न्यूज**



खड्ड में पलटे टैंकर को देखते राहगीर



मृत चालक की फाइल फोटो

**नेवढ़िया।** क्षेत्र के हथेरा गांव के पास शनिवार की देर रात केमिकल भरा टैंकर कोहरे के चलते सड़क किनारे गहरे खड्डु में पलट गया जिसमें चालक की मौत हो गई। टैंकर पर लिखे मालिक के मोबाइल फोन नंबर पर संपर्क करने पर मृत चालक की पहचान हो सकी।

जमालापुर-बाबतपुर मार्ग पर देर रात घने कोहरे के बीच जा रहा टैंकर हथेरा गांव के पास चालक के अंदाजा न लगा पाने के कारण सड़क की पटरी से 20 फीट गहरे खड्डु में गिरकर पलट गया। गिरने से हुई आवाज सुनकर जुटे आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने बुलडोजर मंगाकर टैंकर को उठाया। उसके नीचे दबने से चालक की मौत हो चुकी थी। टैंकर की बाडी पर लिखे मोबाइल फोन नंबर पर संपर्क किया। नंबर मुंबई में रहने वाले टैंकर मालिक अशोक यादव का था।

पूछताछ में उन्होंने बताया कि मृत टैंकर चालक 42 वर्षीय प्रमोद यादव मड़ियाहूं के शिवपुर गांव का था। वह बरेली से टैंकर में केमिकल लेकर रांची (झारखंड) जा रहा था। रास्ते में मड़ियाहूं पहुंचने के बाद अपने घर शिवपुर चला गया था। रात में वहां से टैंकर लेकर रांची के लिए चलने के आधा घंटे के भीतर ही हादसा हो गया। पुलिस ने मृत चालक के स्वजन को सूचना दी और शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मुरादपुर कोटिला गांव में शनिवार की देर शाम एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाई में जुटी है।

बताते चलें कि उक्त गांव निवासी मोहम्मद आरिफ की 24 वर्षीया पत्नी तमन्ना ने सीमेंटेड टिन शेड के घर में लगी बांस की बल्ली में दुपट्टे के सहारे फांसी पर झूलकर जान दे दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया। मृतका के मामा मोहम्मद हुकुम निवासी शाहपुर थाना सिकरारा ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करते थे तथा हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया। इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा हो सकेगा। हालांकि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार युवक की मौत

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र से सटे समीपवर्ती जनपद के खैरुद्दीपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के खेमीपुर गांव निवासी 25 वर्षीय रूदल कुमार पुत्र रामकेश बिंद रविवार को घर से बाइक से शाहगंज आ रहा था। खैरुद्दीनपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उक्त घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**संक्षेप**

## ईओ ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की दिलायी शपथ, निकाली रैली



छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाते ईओ

**बदलापुर।** नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा नगर निकाय को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिये शनिवार को आदर्श मिडिल स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रीकृष्णा नगर में आजादी के अमृत महोत्सव पर 75 जिले 75 घण्टे 750 निकाय अभियान के अंतर्गत विद्यालय छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के साथ जन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया और विद्यालय के बच्चों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जागरूक कर स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। इसके बाद उक्त जूनियर हाईस्कूल से इन्दिरा चौक तक जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर डीपीएम जौनपुर स्वच्छ भारत मिशन अमित यादव, डीसी खुशबू यादव, प्रधानाध्यापक उमेश कुमार चतुर्वेदी व सुरेशचंद्र यादव, अनिल कुमार पांडेय, रीता देवी, रानी सिंह, निशा वर्मा, सरिता यादव, राजेश कन्नौजिया, नीलम द्विवेदी, वंदना यादव तथा सहयोगी मिठाई लाल मौजूद रहे।

# समितियों से खाद गायब होने से किसान परेशान

**दिक्कत**

### बाजारों से कालाबाजारी में खरीदने को मजबूर

**सरायख्वाजा।** करंजाकला और सोंधी शाहगंज के दर्जनों सहकारी समितियों से खाद बीज न आने से रबी सीजन में अन्नदाता किसान परेशान हैं। जब किसानों को खेत में पानी खाद बीज चाहिए तो सरकारी समितियों से गेहूं चना मटर के बीज एवं खाद डीएपी उर्वरक एनपीके व यूरिया उपलब्ध ही नहीं हो पाती है। खुले बाजार में दुकानों पर वहीं खाद बीज ब्लैक में उपलब्ध रहता है।

ज्ञातव्य है कि करंजाकला क्षेत्र के पतहना जंगीपुर करंजाकला शिकारपुर जासोपुर आदि समितियों पर खाद बीज गायब होने से किसान परेशान हैं उन्हें खुली मार्केट से ऊंचे-ऊंचे दामों पर खरीदने पड़ रहे हैं तथा सोंधी विकास खंड के खलीलपुर न्याय पंचायत के जपटापुर एवं मेहरावां न्याय पंचायत व कुहियां साधन सहकारी समितियों से खाद बीज गायब है। अन्नदाता किसान की बाते तो सभी करते हैं लेकिन उनके लिए समय पर कोई भी जिम्मेदार नहीं आता है।

किसानों को समय पर खाद बीज न मिलने से रबी फसलों की बुआई बाधित हो गई है। मल्हनी बाजार, कोइरीडीहा बाजार, इटौरी बाजार, सिद्दीकपुर, सरायख्वाजा, जपटापुर, शिकारपुर, जासोपुर, करंजाकला आदि बाजारों में वही खाद बीज ऊंचे-ऊंचे दामों पर खरीदने को अन्नदाता मजबूर हैं।

सहकारी समितियों पर खाद बीज गायब है लेकिन वही खाद बीज बाजारों में कहां-कहां से उपलब्ध हो जाती है इस सम्बन्ध में सहकारी समितियों के जिम्मेदार पूछने पर सरकार पर दोषारोपण करते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया करते हैं।

चुनाव में सरकार के नुमाइंदे तथा पक्ष विपक्ष के नेता घड़ियालू आंसू बहाते हैं और अन्नदाता किसान को देश की आर्थिक रीढ़ बताते नहीं थकते हैं। आज जब किसानों को समय पर खाद बीज नहीं मिल रहा है तो कोई सुनने वाला नहीं है।

# साइकिल सवार को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**गौराबादशाहपुर।** जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग पर शहर से गौराबादशाहपुर की तरफ जा रहे साइकिल सवार को बनरहिया बाग के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। घटना से साइकिल सवार घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को उठाकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजवाया। मौके से अज्ञात बाइक सवार फरार होने में सफल रहा। थाना क्षेत्र के मैरा दखान गांव निवासी सुभाष चंद्र गौड़ 50 वर्ष अपनी साइकिल से शनिवार देर शाम को जौनपुर शहर से गौराबादशाहपुर की तरफ आ रहा था। थाना क्षेत्र के बनरहिया बाग बाजार के पास शनिवार की देर शाम लगभग नौ बजे विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने सुभाष को टक्कर मारते हुए फरार हो गया। घटना से साइकिल सवार सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# 86वां कुटीर संस्थान स्थापना दिवस व श्री गीता जयंती का आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**



समारोह में अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते कालेज के प्रबन्धक

**पराऊगंज।** 86वां कुटीर संस्थान स्थापना दिवस एवं श्री गीता जयंती समारोह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित अभयजीत दुबे स्मृति सभागार में रविवार को धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व अध्यक्ष वैदिक दर्शन विभाग एवं पूर्व संकायाध्यक्ष संस्कृत विद्या व धर्मविज्ञान संकाय काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी प्रो. कृष्ण कांत शर्मा ने श्रीमद्भगवत गीता को रेखांकित करते हुए बताया कि गीता मोक्ष दायिनी उपनिषद ग्रंथ है है। अज्ञानता को दूर करती है। कोई भी कार्य व्यक्ति को कर्मठता से करना चाहिए तभी सिद्धि प्राप्त होती है। भगवान उपदेश ही नहीं देते हैं उसका पालन भी करते है।

गीता में भगवान ने अर्जुन को मोह ग्रस्त अर्जुन को कर्म करने की प्रेरणा दी श्रीमदभगवत गीता को गीता क्यों कहा जाता है इसकी उन्होंने विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा भगवत गीता का स्मरण करें तभी विकास की ओर अग्रसर होंगे। मुख्य वक्ता वेद विभाग संस्कृत विद्या एवं धर्म विज्ञान संकाय काशी हिंदू विश्व विद्यालय वाराणसी पतंजलि मिश्र ने श्रीमद भगवत गीता की व्याख्या विस्तार से करते हुए कहा कि यह मृत्यु लोक है यहां आनंद प्राप्ति की इच्छा नहीं करनी चाहिए यहां मृत्यु ही मिलती है।

गीता ज्ञान का भंडार है इसलिए इस संस्थान की स्थापना का दिन गीता जयंती के दिन को ही चुना गया है। आभार ज्ञापन व अतिथियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर कुटीर संस्थान के व्यवस्थापक प्रबंधक अजयेंद्र कुमार दुबे ने सम्मानित किया। स्वागत प्राचार्य मेजर रमेश मणि त्रिपाठी ने किया। इससे पूर्व सरस्वती वंदना व कुलगीत विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किया।

अवकाश प्राप्त कर चुके शिक्षक कर्मचारी पंडित भूषण मिश्र पूर्व डाक अधीक्षक प्रभाकर त्रिपाठी मालिक राजभर को अंगवस्त्र व गीता पुस्तक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय के उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को भी प्रशस्तिपत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय इंटर कॉलेज एवं बालिका विद्यालय की छात्र छात्राओं ने मिलकर गीता पाठ का वाचन एवं उनके द्वारा बनाई गई अल्पना आकर्षण का केंद्र रहा। उक्त अवसर पर एबीएसए अमित दुबे, डीएचओ संदीप गुप्ता, कुंवर भारत सिंह, प्रमोद मिश्र, हरीश प्रसाद शुक्ला, चंद्र देव मिश्र, शंभूनाथ मिश्र सहित क्षेत्रीय जन अभिभावक व सभी इकाइयों के शिक्षक एवं कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन छवी गुप्ता ने किया।

# भारत रक्षा दल ने 200 जरूरतमंदों में वितरण किया कंबल

**जनसंदेश न्यूज**

**शाहगंज।** भीषण ठंड को देखते हुए भारत रक्षा दल द्वारा कालीचौरा स्थित भादी तिराहे पर गरीबों, असहायों एवं जरूरतमन्दों को कम्बल वितरण किया गया। लगभग दो सौ कम्बल बांटा गया। आयोजक जीशान अहमद खान रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मायरा जीशान खान के हाथों 200 गरीबों में कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम के पूर्व समाज में अलग अलग क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा. देवी प्रसाद पुष्पजीवी, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सीएस भारती, अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. अबु फैसल, डा. आरिफ नदीम मंसूरी, पत्रकार नौशाद मंसूरी आदि को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान शोएब इदरीसी, मिन्हाज इराकी, अदनान मंसूरी, फौजांन मंसूरी, गोगा, विनायक गुप्ता, परवेज शेख, समीर, शाहनवाज अंसारी, वसीम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. आरिफ नदीम मंसूरी ने किया।

# विश्व के लोकमंगल का सर्वोत्कृष्ट ग्रंथ है श्रीमद्भगवद गीता

**बोले डॉ. रणजीत कुमार**

### ज्ञान भक्ति वैराग्य के शीर्ष मार्ग का बोध कराता है मार्गशीर्ष मास : डॉ. प्रदीप दूबे

**जनसंदेश न्यूज**



**सुइथाकला।** क्षेत्र के गांधी स्मारक पीजी कालेज में गीता जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वाक्य देवी सरस्वती एवं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं धूप-दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. रणजीत कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि मान्यता अनुसार आज से लगभग 5000 वर्ष पूर्व मोक्षदा एकादशी के दिन भारतीय संस्कृति के महानायक लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में विषादग्रस्त अर्जुन को जो कर्तव्योपदेश उपदेश दिया वह श्रीमद भगवतगीता और संक्षेप में गीता के नाम से प्रख्यात हुआ।

उन्होंने कहा कि गीता दर्शन विश्व का सर्वश्रेष्ठ दर्शन होने के साथ हीं विश्व के लोकमंगल का सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थ भी है। महोत्सव में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शिक्षक/ पत्रकार डॉ. प्रदीप कुमार दूबे ने अपने सम्बोधन में गीता के मार्गशीर्ष मास की महत्ता बताते हुये कहा कि इसी महीने में मयार्दापुरुषोत्तम श्रीराम का विवाह एवं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा मोहग्रस्त अर्जुन को गीता का उपदेश देने के कारण मार्गशीर्ष मास का विशेष महत्व है।

भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि महीनों में मार्गशीर्ष मास हूं। मार्गशीर्ष मास ज्ञान भक्ति वैराग्य के शीर्ष मार्ग का बोध कराता है। महोत्सव को सम्बोधित करते हुए डॉ. अरविन्द सिंह ने कहा कि संसार के शीर्ष चिंतकों विद्वानों और दार्शनिकों ने मुक्त कंठ से इसका गुणगान किया है यह संपूर्ण जीवन शास्त्र होने के साथ ही मानव मात्र की अमूल्य धरोहर है। इस दौरान डॉ. अविनाश वर्मा, डॉ. विष्णुकान्त त्रिपाठी, डॉ. अरूण कुमार शुक्ला, डॉ. अवधेश कुमार मिश्रा ने भी अपने विचार रखा, साथ ही महोत्सव में स्नातक/परास्नातक की छात्रा लक्ष्मी यादव, रंजना यादव, कोमल गुप्ता, शालिनी दिव्या अंजली आदि ने अपने विचार रखे। संचालन गरिमा सिंह एवं आभार डॉ. अरूण कुमार शुक्ल ने प्रकट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्र/छात्रायें मौजूद रहे।

# ससुराल आये दामाद को उचक्के ने ठगा

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित भटहर गांव में मोबाइल चार्ज करने के बहाने उचक्का मोबाइल और बाइक लेकर फरार हो गया। भुक्तभोगी ने पुलिस को सूचना दे दी है। भटहर गांव निवासी राधेश्याम सेठ का दामाद महेश माहेश्वरी गुजरात से ससुराल आया था। वह अपने ससुर की बाइक प्लेटिना लेकर शनिवार को पहलवान बीर बाबा धाम गोधना दर्शन करने गया था। एक व्यक्ति खुद को भटहर का बताते हुए उन्हें झांसे में ले लिया। प्रसाद लाकर ब्रह्म बाबा को चढ़ाने के लिए बाइक व चार्जिंग के लिए महेश की मोबाइल ले लिया। काफी देर तक जब वह वापस नहीं आया तो महेश उसे खोजने लगे। उनकी समझ में आ गया कि उसका मोबाइल व बाइक लेकर जाने वाला वापस नहीं आएगा। इसकी सूचना उसने अपने ससुर राधेश्याम सेठ को दी तो उनका साला राहुल थाने पहुंच कर पुलिस को लिखित सूचना दी। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। इस संबंध में एसओ बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# थाना बना मंडप, गवाह बनी पुलिस



**नेक कार्य**

### लड़के ने शादी से किया इंकार तो मामला पहुंचा थाने

### थानाध्यक्ष ने समझा बुझाकर कर कराई शादी

**खेतासराय।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक गांव निवासी युवती से तय थी। इस दौरान एक दूसरे से मिलते-जुलते रहे। अंत में किसी बात को लेकर युवक ने शादी से इंकार कर दिया जिससे युवती के घर वाले थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत किया। पुलिस मामले में दोनों पक्षों को समझा बुझाकर थाना परिसर में शादी करा दिया। जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र स्थित रुदौली गांव निवासी सूरज पुत्र राजाराम की शादी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित चित्रसारी गांव निवासी रूबी पुत्री दिनेश सोनकर की शादी तय थी। इस दौरान दोनों एक दूसरे से बातचीत करते रहे और बीच-बीच मिलते भी रहे।

इस दौरान युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। इंकार करने के पीछे का क्या कारण था स्पष्ट नहीं हो सका। लोगों के समझाने बुझाने के बाद भी बात नहीं बनी तो वधू पक्ष के लोग रविवार को स्थानीय थाने में मामले की शिकायत किया।

थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को समझा बुझाकर थाना परिसर में स्थित मंदिर में शादी करा दिया। वर-वधू साथ जीने मरने की कसम खाते हुए सात फेरे ले लिए इसकी गवाह पुलिस रही। इस नवदम्पति को लोगों ने आशीर्वाद दिया। आशीर्वाद देने वालों में मुख्यतः विनोद साहू, मनीष कुमार गुप्ता आदि लोग रहे।

# छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी का किया आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**नेवढ़िया।** हिमताज महाविद्यालय में रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजक चंद्रशेखर यादव थे। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर बैजनाथ तिवारी ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम को प्रारंभ किया।

विज्ञान प्रदर्शनी में पर्यावरण प्रदूषण उनसे होने वाली हानियां, अम्लीय वर्षा से बदरंग होता ताजमहल, किडनी और श्वसन तंत्र की क्रिया विधि उनसे होने वाले रोग ग्लोबल वार्मिंग, डीएनए मॉडल, सोलर सिस्टम का प्रयोग कोशिका तंत्र हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर आदि प्रोजेक्ट बनाए जिसका प्राचार्य ने बारी बारी से निरीक्षण कर सभी से प्रश्न किए और विज्ञान प्रदर्शनी में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया। जिसमें रोशनी दुबे प्रथम अंजली यादव द्वितीय और लता जायसवाल तृतीय रही। कार्यक्रम में पर्यावरण को स्वच्छ बनाने शरीर को रोगों से मुक्त करने एवं खत्म होने वाले संसाधनों का कम प्रयोग करने पर जोर दिया गया। सभी विद्यार्थियों को कालेज के प्रबंधक जगदीश पांडे ने शुभकामनाएं दिया और भविष्य में इससे भी अच्छा करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में राम जियावन, सूबेदार सिंह, सुभाष त्रिपाठी, चंद्रशेखर यादव, सचिन प्रताप, यादवेंद्र दिनेश तिवारी (प्रबंधक प्रतिनिधि) राजेश दुबे सत्यनारायण, हर्षित एवं शुभम मौर्या (सेक्टर मजिस्ट्रेट) के अलावा विद्यालय के सभी छात्र छात्रा उपस्थित रहे।



# संगत पंगत ने मनाई भारत के प्रथम राष्ट्रपति की जयंती

**जनसंदेश न्यूज**



जयंती पर प्रथम राष्ट्रपति को श्रद्धासुमन अर्पित करते संगत-पंगत के लोग

**जौनपुर।** संगत पंगत संगठन द्वारा भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने किया। संचालन महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव ने किया। सर्वप्रथम सभी लोगों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

संगत पंगत के प्रदेश सहसंयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने देश की आजादी व भारतीय राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाई व देश के प्रथम राष्ट्रपति बने। संरक्षक बजरंग प्रसाद ने कहा कि उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। कायस्थ कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक अस्थाना ने कहा कि राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 में कृषि और खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया था। कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष शिव मोहन श्रीवास्तव नबाब ने कहा कि सम्मान से उन्हें प्रायः 'राजेन्द्र बाबू' कहकर पुकारा जाता है। राजेन्द्र बाबू का जन्म 3 दिसम्बर 1884 को बिहार के तत्कालीन सारण जिले (अब सीवान) के जीरादेई नामक गाँव में हुआ था। संरक्षक राकेश श्रीवास्तव पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद के पूर्वज मूलरूप से कुआंगांव, अमोढ़ा (उत्तर प्रदेश) के निवासी थे।

यह एक कायस्थ परिवार था। दीवानी अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि पांच वर्ष की उम्र में ही राजेन्द्र बाबू ने एक मौलवी साहब से फारसी में शिक्षा शुरू किया। उसके बाद वे अपनी प्रारंभिक शिक्षा के लिए छपरा के जिला स्कूल गए। जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि राजेन्द्र बाबू का विवाह उस समय की परिपाटी के अनुसार बाल्यकाल में ही, लगभग 13 वर्ष की उम्र में राजवंशी देवी से हो गया। संगत पंगत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनका पदार्पण वकील के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत की। महिला जिलाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि राजेंद्र बाबू तो अपने पुत्र मृत्युंजय प्रसाद जो एक अत्यंत मेधावी छात्र थे, उन्हें कोलकाता विश्वविद्यालय से हटाकर बिहार विद्यापीठ में दाखिल करवाया था।

उन्होंने 'सर्चलाईट' और 'देश' जैसी पत्रिकाओं में इस विषय पर बहुत से लेख लिखे थे। संरक्षक दयाल सरन श्रीवास्तव ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त अवसर पर कर्मचारी नेता विकास भवन राजीव कुमार श्रीवास्तव रोशन, कोषाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अजय वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत पंकज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव मोदी, प्रभात कुमार, प्रदीप श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने दी इंटर लॉकिंग सड़क की सौगात



ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश्वर प्रताप सिंह बबलू का स्वागत करते लोग

**सुविधा**

**प्रमुख प्रतिनिधि ने किया लोकार्पण, कसियापुर गांव में ग्रामीणों ने किया स्वागत**

**ज्ञानपुर।** स्थानीय क्षेत्र के कसियापुर गांव में ज्ञानपुर की ब्लाक प्रमुख आरती सिंह के प्रतिनिधि अखिलेश्वर प्रताप सिंह बबलू ने दो सौ मीटर इंटर लाकिंग सड़क व सोलर वाटर पम्प का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित कर गाँव के विकास की बात कही वहीं ग्रामवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

प्रमुख प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि गांव और उनके निवासियों को हर सुविधा का लाभ मिले। क्षेत्र के विकास के लिए धन की कमी नही होने दी जायेगी। इस मौके पर जेपी मिश्रा, अभयराज सिंह, रामधनी यादव, राजेश परदेसी, अजय शुक्ला, टिंकू शुक्ला, मुन्ना खान, अमित सिंह, विपिन सिंह प्रधान, मुन्ना बिंद, सुभाष बिंद, गुलाब सिंह, तौलन सिंह, दीपू शुक्ला आदि बहुत से लोग मौजूद रहें।

## जीवन जीने की कला हैं योग : संदेश योगी

**सुरियावां।** योग संपूर्णता का नाम है, योग जीवन जीने की कला है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि मानसिक मजबूती प्रदान करता है। जीवन उन्हीं का सफल है जो शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत हैं, उक्त बातें सुरियावा नगर ऐतिहासिक जोधराज तालाब स्थित योग कक्षा में सुरियावा नगर में चल रहे सभी योग कक्षाओं के एकत्रीकरण कार्यक्रम में राज्य प्रभारी संदेश योगी ने कही। उन्होंने योग के वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। जिला प्रभारी धीरज सिंह ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में, प्रत्येक गांव में योग की कक्षा संचालित हो इससे बीमारियां घटकर आधी हो जाएंगी। यह जीरो बजट है, इस पर कोई पैसा नहीं लगता। इस अवसर पर योग कक्षा संचालकों व साधकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. एल सी यादव, विजय शंकर मौर्य, राकेश कौशल, वशिष्ठ नारायण दुबे, सुनील कुमार गौतम, रमणीक शर्मा, चंद्रशेखर मौर्य आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

## खेलने से मनुष्य का शारीरिक व मानसिक रूप से होता है विकास : आनंद श्रीवास्तव



**नियामताबाद।** खेलों इण्डिया खेलों के भावना से प्रेरित क्रीड़ा भारती (काशी क्षेत्र) के तत्वावधान में, रंजित प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित खेलों का एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन श्रीराम जानकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अलीनगर मे आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय शूटर डॉ. आनंद श्रीवास्तव ने बल्ले से गेंद को मारकर किया। अलीनगर स्थित श्रीराम जानकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे चले इस दो दिवसीय खेलकूद प्रतिस्पर्धा एवं सास्कृतिक कार्यक्रम मे विभिन्न खिलाड़ियों एवं कलाकारों ने अपने प्रतिभा का परिचय दिया। क्रीड़ा भारती (काशी प्रांत)के अध्यक्ष व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि खेल जीवन का अहम हिस्सा है वही डॉ आनंद ने कहा कि इससे मनुष्य का शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकास के साथ इन दोनों के बीच संतुलन भी स्थापित भी होता है।

कार्यक्रम में उपस्थित महिला कल्याण अधिकारी दीक्षा अग्रहरि ने दो दिवसीय चले इस कार्यक्रम के सुमंगला योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे मे बताया। योग प्रमुख (काशी प्रांत) डॉ राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने विद्यालय में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को योग के महत्व के विषय मे बताया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रबंधक जितेन्द्र प्रताप धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय संस्थापक इन्द्रजीत शर्मा ने किया।

## संक्षेप

### प्रशासन व व्यापारियों के बीच बैठक संपन्न



**गौराबादशाहपुर।** नगर पंचायत में प्रशासन द्वारा सुनिश्चित मासिक बैठक के अनुसार चौकी इंचार्ज रामजी सैनी की अध्यक्षता में व्यापारियों एवं क्षेत्र की सम्मानित जनता के बीच बैठक की गई जिसमें क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा करते हुए अपराध निरोधक कमेटी अध्यक्ष डॉ. जयसिंह राजपूत द्वारा सुझाव दिया गया कि कस्बे में ठेले वालों की एक अलग व्यवस्था होनी चाहिए जिससे जाम की समस्या समाप्त हो क्योंकि रोडवेज बसों का संचालन कस्बे से न होने का कारण बस संचालक ठेले वालों को मान रहे हैं। ऐसी स्थिति में इनकी व्यवस्था हो जाने पर समस्या का काफी निदान हो सकता है। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार सोनकर एडवोकेट, नवीन कुमार साहू, अजय कुमार, सुरेंद्र कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### घर-घर जाकर गरूड़ एप के बारे में जानकारी दें बीएलओ



**जौनपुर।** विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा टीडी इंटर एवं डिग्री कॉलेज में बनाए गए बूथ संख्या 403 से 408 तक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि घर-घर जाकर लोगों को गरुड़ एप के द्वारा आधार कार्ड को वोटर कार्ड से लिंक करने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में 18 वर्ष के मतदाता छूटने न पाए और जेंडर रेशियो बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक महिला मतदाताओं को जोड़ने का कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों से अपील की है कि स्वैच्छिक रूप से गरुड़ ऐप के माध्यम से वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार सहित बीएलओ उपस्थित रहे।

### कारखास चला रहे हैं जिले के थाने, कोतवाली व चौकी

**मीरजापुर।** कारखासों की भेंट थाने चढ़ रहे हैं। कारखास काट मलाई काट रहे हैं। जिले के कई ऐसे थाने हैं जहां पर कारखासों द्वारा थाने का संचालन किया जाता है। कारखास की बात कोतवाल भी मान लेते हैं। साहब को भी हिम्मत नहीं है कि कारखास की बात को काट सके क्योंकि उन्हीं के दम पर साहब की जेब गरम होती है। बतातें चले कि जिले के थाना कोतवाली शहर, देहात, कटरा व मंडी चौकी के कुछ ऐसे कारखास जो कई सालों से थानों में अपनी पैठ बनाये है। कई कारखासों का ऑडियो वायरल होने के बाद लाइन हाजिर हो गए। अब वे पुलिस लाइन से ही अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। कुछ कारखास ऐसे हैं जिनका आए कुछ दिन ही हुआ और क्षेत्र में आतंक मचा दिए हैं। इन थानों के कुछ जगहों पर प्रतिदिन कई लाख का जुआ, मादक पदार्थों की बिक्री, लक इंडिया जुआ, अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। एसपी के सख्त निर्देश के बाद थाना क्षेत्रों से आरोपी गिरफ्तार तो किए जाते हैं लेकिन कुछ दिनों बाद इन कारखासो के द्वारा इनके कार्यों का संचालन फिर से सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाता है। आखिर ऐसे कारखास जो कई सालों से एक ही थाने पर एक ही चौकी पर और लाइन हाजिर होने के बाद भी थाने की कमान संभाले बैठे हैं और मलाई काट रहे हैं। ऐसे कारखासों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। यह सवाल जनता दाग रही है। कटरा थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में आए दिन कई लाख का जुआ, शुक्लहा मोहल्ले में मादक पदार्थों की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। मंडी चौकी क्षेत्र के बथुआ तिराहे के पास सोनकर बस्ती, जंगीरोड जट्टी का इनारा से चंद कदम दूर, कतवारू का पूरा, बथुआ तिराहे से कारखास के माध्यम से ही रात में गौ तस्करों की गाड़ियां पास कराई जाती हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के घंटाघर, सुंदरघाट, नारघाट के पास देहात कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर, राजश्री पैलेस के पास, चन्दईपुर भुजवां की चौकी के पास, सिटी ब्लॉक के सामने, नकहरा, देहात कोतवाली के गुरूसन्डी चौकी के पास, इन थाना क्षेत्रों के कई ऐसे और भी जगह है जहां कारखासों की चांदी है। इन सभी थानों और चौकियों के अंतर्गत कहीं मादक पदार्थों की तस्करी तो कहीं अवैध शराब की तस्करी तो कहीं कई लाख का जुआ तो कहीं लक इंडिया जुआ के माध्यम से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

### खाली प्लाटों व गलियों में जलभराव

**गाजीपुर।** नगर से सटी फतेहपुर सिकंदर ग्राम पंचायत की आवासीय बस्तियों में खाली प्लाटों में भरा पानी संक्रामक रोगों को दावत दे रहा है। गलियों में भरे पानी के कारण राहगीरों का निकलना दूभर हो रहा है। महंगे सरकारी सर्किल रेट देकर प्लाट का बैनामा कराने वाले लोग यहां विकास न होने से परेशान हैं। क्षेत्रीय लोगों ने खाली प्लाटों एवं गलियों में जलभराव से निजात की मांग की है। नगर से सटी ग्राम पंचायत फतेहपुर सिकंदर में लोगों ने जल्द विकास की उम्मीद संजोकर महंगे सर्किल रेट पर प्लाट खरीदकर मकान बनवाए। लगभग दो दशकों से यहां पर आलीशान मकानों का निर्माण बदस्तूर जारी है। कई कालोनियां यहां बस भी गईं। सैकड़ों की संख्या में बने मकानों में लोग रहने भी लगे हैं, लेकिन गलियों का निर्माण सिर्फ वहीं पर हुआ, जहां रहने वालों की अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से पकड़ है। इसके अलावा अधिकतर गलियां अभी भी ऊबड़-खाबड़ हैं। अधिकतर गलियां अभी बनने की बाट जोह रहीं हैं। जलनिकासी के इंतजाम न होने के कारण गलियों और खाली प्लाटों में पानी भरा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदा पानी प्लाटों में भरा होने के कारण प्रत्येक वर्ष लोग संक्रामक रोगों से जूझते हैं।इस बार भी संक्रामक रोगों के पैर पसारने की संभावना से लोग परेशान हैं। बता दें कि जलभराव के कारण डेंगू, मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना रहती है।

### दुर्घटना का सबब बन रहे हाईवे के किनारे खड़े ट्रक

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग के किनारे कई स्थानों पर खड़े ट्रक, अवैध कट हादसों का सबब बन रहे हैं। अफसरों के कड़े दिशा निर्देश और फटकार के बाद भी एनएचएआई के अफसरों ने कार्रवाई नहीं की। शहर से निकले राष्ट्रीय राज्यमार्ग-19, 31 पर स्थित ढाबों पर ट्रकों का रेला लगा रहता है। कहीं होटलों के बाहर तो कहीं मोटर मैकेनिक की दुकानों के बाहर ट्रक खड़े रहते हैं। इसके अलावा नगर से लेकर जंगीपुर सीमा तक कई जगहों पर अवैध कट हैं, जिनकी वजह से अक्सर दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। यातायात विभाग की ओर से समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर भले ही जागरुकता अभियान चलाया जाए पर सड़क सुरक्षा के नियम निर्देश कहीं भी धरातल पर देखने को नहीं मिलते। गोष्ठियों और सेमिनार में तो वाहन चालकों को नियमों का पाठ-पढ़ाया जाता है लेकिन हाईवे पर ट्रक और कंटेनर चालकों को समझाने वाला कोई नहीं है।

## संगठित हिंदू समाज ही समर्थ भारत का निर्माता : हरेंद्र

**आयोजन**

**आरएसएस द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर हिंदू एकत्रीकरण कार्यक्रम संपन्न**

**ज्ञानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में हिंदू एकत्रीकरण कार्यक्रम के तहत रविवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर संगठित हिंदू समर्थ भारत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जगह जगह हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नगर क्षेत्र के बड़ा डीह स्थित चौरा माता मंदिर पुरानी बाजार, नागेश्वर मंदिर के पास स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्रांगण में तथा जीआईसी में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

पुरानी बाजार स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में अपने विचार व्यक्त करते हुए नगर प्रचारक हरेंद्र ने कहा कि संगठित हिंदू समाज ही समर्थ भारत का निर्माण कर सकता है, उन्होंने कहा कि आजादी के पहले से लेकर आजादी के बाद तक देश में हिंदुओं को लगातार विभाजित करने का कुचक्र रचा गया। उन्होंने कहा कि हमें सजग होकर आने वाली युवा पीढ़ी को हिंदू समाज के संस्कृति सभ्यता और संस्कार का ज्ञान देना है। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज को स्वामी विवेकानंद दयानंद सरस्वती वीर सावरकर व बाल गंगाधर तिलक तथा संघ संस्थापक परम पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के बताए हुए मार्ग पर चलें। कहा कि जब जब हिंदू समाज जागा है तो उसका परिणाम उसे सफलता दिलाया है और वर्तमान समय में भगवान श्रीराम का मंदिर जैसा सार्थक परिणाम दिखाई पड़ रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला व्यवस्था प्रमुख विनीत, नगर कार्यवाह सतीश, शारीरिक प्रमुख शिवाजी के अलावा वीरेंद्र बागी, अनुराग, दुर्गेश सहित अन्य स्वयंसेवक व उस क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान साहित्यकार तथा नगर के गणमान्य जन मौजूद रहे।

## 'आप' के नगर निकाय में आते ही भ्रष्ट्राचार की कराएंगे जांच

**बोले मनोज गुप्ता**

**भय मुक्त समाज और भ्रष्ट्राचार मुक्त नगर पालिका बनायेंगे : जिलाध्यक्ष**

**नगर पंचायत में व्यापक भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषियों को जेल में डालने का काम करेंगे**

जनसंदेश न्यूज




कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों को संबोधित करते आप जिला उपाध्यक्ष इजहार अहमद

**भदोही।** नगर निकाय के चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन जारी हैं। रविवार को नगर पालिका भदोही के कार्यकर्ता सम्मेलन की जनसभाओं में आप कार्यकताओं के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए।

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए निकाय चुनाव प्रभारी मनोज गुप्ता ने कहा कि निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी आते ही नगर पंचायत में व्यापक भ्रष्टाचार की जांच करा कर के दोषियों को जेल में डालने का काम करेंगे, जो लोग आपके हक का पैसा खा रहे हैं उनसे पूरी वसूली की जायेगी।

उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य नगर पंचायत में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त कर नगरीय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में अच्छी शिक्षा, बेहतर चिकित्सा व्यवस्था, बिजली, पानी, महिला सुरक्षा, स्वास्थ, यातायात व्यवस्था पर शानदार काम किया है और यहां पर भी करके दिखायेगे। आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष इजहार अहमद ने कहा कि जिस तरह नगर पालिका भदोही का अमन चैन और शांति इन नेताओं ने खराब कर रखा है एक दूसरे को जाति और धर्म के आधार पर लड़ा के रखा है आम आदमी पार्टी आते ही समाज को भय मुक्त बनाएंगे।

कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से सीमा खान, सुल्तान अहमद, सदीक अंसारी, रोशन अली, विनोद सेठ, राजेश जैसवाल, खालिक सहित कई लोग मौजूद रहे।

## वोट के साथ नोट व सपोर्ट मांग रहे नपा अध्यक्ष के भावी उम्मीदवार

जनसंदेश न्यूज

**नगर निकाय**

**पिछले चुनाव में रह चुके हैं कांग्रेस के प्रत्याशी**

**भदोही।** नगर निकाय के चुनाव की तिथियों की घोषणा अभी तक नहीं की गई है। वार्डों का आरक्षण स्पष्ट हो चुका है। अध्यक्ष पद के आरक्षण का ऐलान किसी भी वक्त किया जा सकता है। किंतु चुनाव घोषणा के पूर्व ही भावी उम्मीदवार दमखम से अपना चुनाव प्रचार करना प्रारंभ कर दिए हैं।

भदोही नगर पालिका के पालिका अध्यक्ष के भावी उम्मीदवार डॉ. निजामुद्दीन मंसूरी ने फेसबुक पर वोट, नोट व सपोर्ट मांग कर अपना ध्यान खींचा है। निजामुद्दीन मंसूरी भदोही नगर पालिका से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पद का चुनाव जीतने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। बाकी सभी भावी उम्मीदवार डोर टू डोर कैंपेन करने में जुट गए हैं। किंतु निजामुद्दीन मंसूरी का सोशल मीडिया पर किया गया फेसबुक पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि वोट, नोट, सपोर्ट देकर



डॉ. निजामुद्दीन

भारी मतों से डॉ. निजामुद्दीन को विजयी बनाये।

पिछले चुनाव में डॉ. निजामुद्दीन कांग्रेस के प्रत्याशी रह चुके हैं। उनकी वोट के साथ नोट व सपोर्ट मांगने की अपील की जगह जगह तरह तरह की चर्चा हो रही है।

## आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने यूनिक एकेडमी को 5 विकेट से हराया

**सुरियावां।** क्षेत्र के मेढ़ी मैदान पर आजाद स्पोर्ट्स क्लब व यूनिक क्रिकेट एकेडमी डीघ के बीच मैत्री मैच खेला गया। जिसमे आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने पाँच विकेट से यूनिक क्रिकेट एकेडमी को शिकस्त दिया।यूनिक क्रिकेट एके-डमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर के मैच में 9 विकेट पर 236 रन बनाए, जिसमें यूनिक क्रिकेट एकेडमी के कैप्टन धीरज यादव ने शानदार शतक लगाते हुए 122 रनों की पारी खेली, इसके अलावा अमन यादव के 38 रनों के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज कुछ खास नही कर सके। आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से गेंदबाजी में नीरज निगम, अजीत साहू, संदीप बिंद ने दो-दो विकेट तथा सचिन को एक विकेट मिले। जवाब में उतरे आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने 34वे ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से प्रीतम दुबे ने नाबाद शानदार 100 रन, करण भारतीय ने 75 रनों की पारी खेली इसके अलावा अजीत साहू ने 15 रनों का योगदान किया। यूनिक क्रिकेट एके-डमी की तरफ से गेंदबाजी में शिवम यादव, यश सरोज व विवेक को एक-एक सफलता मिली।

## मंडी समिति में चल रहे चार केंद्रों पर 22 कुंतल धान की हुई खरीदारी



मंडी समिति गोपीगंज में धान खरीद कराते विपणन अधिकारी गोपीगंज एवं केंद्र प्रभारी ज्ञानपुर प्रीतिका दुबे

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगज।** कोतवाली अंतर्गत ककराही स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति गोपीगंज मे धान खरीद के लिए इस बार चार केंद्र खोले गये हैं।

सुरेश सुरेश बहादुर सिंह केंद्र प्रभारी एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारी गोपीगंज एवं केंद्र प्रभारी ज्ञानपुर प्रितिका दुबे ने बताया कि इन केंद्रों पर शनिवार तक 6.622 कुतंल धान की खरीद की गई है। जिसमें सबसे पहले खुले केंद्र मे अब तक 2456 कुंतल 60 किलो ग्राम धान की खरीद कर मंडी समिति गोपीगंज पहले नंबर पर है।

गोपीगंज एक मे 1204 कुन्तल 80 किलोग्राम, गोपीगंज द्वितीय मे 936 कुन्तल गोपीगंज तीन मे 2025 कुंतल धान की खरीद की गई है। शासन द्वारा निर्धारित खरीद का लक्ष्य पूरा करने के लिए मंडी समिति गोपीगंज मे इस बार चार क्रय केंद्र खोले गये हैं। इन चारों केंद्रों पर शनिवार तक कुल छह हजार छह सौ बाइस कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है।

चारो केन्द्र पर अलग-अलग केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमे अकेले मंडी समिति वाले केंद्र पर 2456 कुंतल 60 किलो धान की खरीद की गई है।

# जरूरतमंदों में हुआ कंबल वितरण

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** क्षेत्र प्रमुख विद्या देवी के ऊंचगांव स्थित निज निवास पर रविवार को डा. रमेशचन्द्र तिवारी गुरूजी की स्मृति में 700 जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण हुआ। इस दौरान क्षेत्रीय संवाददाताओं को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र प्रमुख विद्या देवी ने नर सेवा ही नारायण सेवा है का वक्तव्य जारी करते हुए कहाकि प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वर का वास होता है। उसमें भी जरूरतमंदो की सेवा करना सबसे बडा धर्म है। प्रमुख प्रतिनिधि व ट्रस्ट निदेशक डा. उमेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि देवपुंज गुरूजी के आदर्शों पर चलते हुए जरूरतमंदों की सेवा करना ही हमारा परम ध्येय है। यह कार्यक्रम उन्हीं के दिशा निर्देशों के क्रम में कोविड काल को छोड़कर प्रत्येक वर्ष निजी सहयोग से आयोजित किया जाता है। इसमें अहम भूमिका निभाने में रामसमुझ एजुकेशनल, राजेन्द्र प्रसाद एजुकेशनल, डीआरसी एजुकेशनल व एसबीडी एजुकेशनल एण्ड चैरीटेबल सोसायटी की भूमिका प्रमुख है। कम्बल वितरण का शुभारम्भ ट्रस्ट के प्रबन्ध निदेशक राजेश चन्द्र तिवारी व क्षेत्र प्रमुख द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान राजेन्द्र प्रसाद तिवारी व संचालन राकेश चन्द्र तिवारी ने किया। जरूरतमंद पप्पू प्रजापति, शोभावती, सुनीता, पार्वती, रामप्यारे, रामू मौर्य समेत सभी ने कृतज्ञता जाहिर की।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।



# डीएम ने पार्क का किया उद्घाटन

**शुभारंभ**

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता पर दिया गया बल**

जनसंदेश न्यूज



बच्चों से बातचीत करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव 75 के थीम पर प्रतिबद्ध 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय अभियान के समापन कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को नगर पालिका परिषद द्वारा विलोपित किए गए संवेदनशील कूड़ा संग्रहण स्थल के स्थान पर उसको सुंदर पार्क में परिवर्तित किए स्थल का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा फीता कटकर शुभारंभ किया गया।

अधिशासी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्र के निर्देशन में पार्क में पौधे, बेंच तथा सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों से भी स्वच्छता पर बातचीत की। कलाकारों द्वारा स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी आम जनमानस को स्वच्छता बनाए रखने में नगर पालिक को सहयोग देने की अपील के साथ साथ नगर पालिका द्वारा इस अच्छे कार्य के लिए सराहना भी की। अधिशासी अधिकारी द्वारा लोगों को रोड व गलियों में कूड़ा न डालने, कचरा नगर पालिक द्वारा स्थापित कूड़ेदान में डालने की अपील के साथ-साथ निजी प्लॉट वालों को कचरा इकट्ठा होने, घर का ईंट पत्थर का मलबा रोड पर पाए जाने पर कड़ी करवाई किए जाने की बात कही। साथ ही नगर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में देश में अच्छे रैंक प्राप्त करने हेतु लोगों से फीडबैक दर्ज कराने की बात कही। इस अवसर पर डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन अमित यादव, अवर अभियंता दीपक शाह, डीसी खुशबू यादव, जितेन्द्र कुमार मिश्र, प्रभात कुमार सिंह वरिष्ठ लिपिक, अजय प्रताप सिंह, सावित्री सिंह, कुसुम सिंह, शिवानी सिंह, अन्नू सिंह, मंजू श्रीवास्तव, लल्लन तिवारी इत्यादि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उत्तर हो या दक्षिण, हम सब हैं एक समान- निर्मला सीतारमण

## काशी तमिल संगमम एकता के बंधन को कर रहा है मजबूत

## केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया संबोधन

**वाराणसी।** वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा है कि काशी तमिल संगम देशवासियों में एकता की भावना को और मजबूत कर रहा है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित किए जा रहे काशी तमिल संगमम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र की मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में वित्तमंत्री ने कहा कि चाहे वह उत्तर हो या दक्षिण, भारत के लोग एक हैं। ₹भले ही हम अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं, हमारे रीति रिवाज अलग-अलग हों, लेकिन सार एक ही है। हम एक हैं और एकजुट हैं। कहा कि दोनों ही ज्ञान की भूमि रही हैं और काशी तमिल संगमम इस साझा विरासत से सबको अवगत करा रहा है। कहा कि ₹एक भारत, श्रेष्ठ भारत₹ के उनके विचार के तहत, संगमम दो विविध और समृद्ध संस्कृतियों के मिलन बिंदु की भूमिका निभा रहा है।

जाने-माने पेंसिल स्केचिंग कलाकार और एनांगलिन संगमम के प्रबंध न्यासी, जे. प्रभाकर ने तमिलनाडु में मंदिर वास्तुकला में उपयोग किए गए स्तंभों का प्रदर्शन करते हुए एक लाइव स्केच बनाया। केन्द्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान में संगीत और रंगमंच के प्रोफेसर डॉ अरिमलम पद्मनाभम ने 'नाटक और संगीत में ज्ञान प्रकार' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रख्यात सांस्कृतिक भूगोलवेत्ता और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर, प्रो. राणा पी.बी. सिंह ने वाराणसी में शिव मंदिरों के 324 रूपों का एक ज्यामितीय और कार्टोग्राफिक विवरण दिया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के जीवविज्ञान विभाग के प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे ने डीनए आनुवांशिकी पर प्रेजेंटेशन दिया। कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का स्वागत किया। डॉ. ज्योति रोहिल्ला, एसोसिएट प्रोफेसर, कला संकाय, ने सत्र का संचालन किया। सामाजिक विज्ञान संकाय की प्रमुख व शैक्षणिक सत्रों की समन्वयक प्रोफेसर बिंदा प्रांजपे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया।



## सातवें दल ने हनुमान घाट पर किया गंगा स्नान

बीएचयू में आयोजित एकेडमी कार्यक्रम में हुए शामिल

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम में तमिलनाडु से आए सातवें दल ने रविवार की सुबह हनुमान घाट पर स्नान किया। उसके उपरांत हनुमान घाट स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन पूजन किया। हनुमान घाट स्थित सुब्रमण्यम भारती के घर पर उन्हें ले जाया गया । जहां पहुंच कर अतिथियों ने खुशी जाहिर की ।

उसके उपरांत बीएचयू में तमिल से आए हेरिटेज ग्रुप के लोगो ने एकेडमिक कार्यक्रम में शामिल हुए। तमिलनाडु से आए हेरिटेज ग्रुप को सारनाथ पर्यटक क्षेत्र में भ्रमण कराया जायेगा। जहां पर वह भगवान बुद्ध से जुड़े विभिन्न मंदिरों एवं धरोहरों का दर्शन किए उसके उपरांत सारनाथ में स्थित म्यूजियम को भी घुमाया गया जहां पर अशोक स्तंभ स्थापित है। शाम के समय तमिलनाडु से आए हेरिटेज ग्रुप को काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित कार्यक्रम स्थल पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुए।

# नये वर्ष में बाबा धाम का होगा नया स्वरूप



## श्रद्धालु बाबा का दर्शन कर खरीदारी भी करेंगे

## धाम के बचे भवनों के संचालन का प्रस्ताव भेजा गया

**वाराणसी।** नव वर्ष 2023 में काशी विश्वनाथ धाम का नया स्वरूप श्रद्धालुओं के सामने होगा। दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालु गंगा और बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के साथ ही यहां खरीदारी का लुत्फ उठा सकेंगे। यहां उन्हें बनारसी स्वाद भी चखने को मिलेगा। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद धाम के 33 भवनों में से अभी 14 भवनों का ही संचालन हो रहा है। मंदिर न्यास ने धाम के शेष बचे भवनों के संचालन का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। शासन से हरी झंडी मिलते ही सभी भवनों का संचालन शुरू हो जाएगा। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पांडेय के अनुसार जलपान केंद्र, वैदिक केंद्र, म्यूजियम और धार्मिक पुस्तकों की दुकानों के साथ ही पूजा और प्रसाद की दुकानें शुरू हो जाएंगी।

काशी विश्वनाथ धाम में नए साल में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, महाकालेश्वर भवन, अमृत भवन (जलपान केंद्र), मानसरोवर (कैफे बिल्डिंग), इम्पोरियम, रामेश्वर भवन (सिटी म्यूजियम), सोमनाथ भवन (वाराणसी गैलरी), घृष्णेश्वर भवन (स्पिरिचुअल बुक स्टोर), व्यास भवन (वैदिक केंद्र), भीमाशंकर अतिथि गृह (गेस्ट हाउस) त्र्यंबकेश्वर भवन (मल्टीपरपज हॉल ) कार्तिकेय वाटिका (गोयनका छात्रावास), अमरनाथ संकुल (ब्लॉक 2), महाकालेश्वर भवन (टीएफसी), पशुपति संकुल (वैदिक शॉप), कार्तिकेय संकुल (ब्लॉक 4) मल्लिकार्जुन भवन (यात्री सुविधा केंद्र), कैलाश संकुल शॉप-2 और अमरनाथ संकुल ब्लॉक-2 भवन शुरू हो जाएंगे।

दूसरे चरण में जलासेन घाट और ललिता घाट से रैंप का निर्माण, गंगा व्यूईंग गैलरी सहित घाट पर अन्य काम पूरा हो चुका है। जलासेन घाट और ललिता घाट को जोड़कर काशीपुराधिपति के प्रवेश द्वार से लेकर भक्तों की सुविधा के लिए दूसरे चरण के अन्य काम के लिए 60 करोड़ रुपये अतिरिक्त बजट भी खर्च किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 दिसंबर 2021 को 434 करोड़ रुपये की परियोजना के पहले चरण में बनकर तैयार धाम को महादेव के भक्तों को समर्पित किया था।

## वैवाहिक लग्न के लिए अब 2023 की प्रतीक्षा

### दिसंबर तक काफी कम है मुहूर्त

### मांगलिक कार्यो के लिए शुक्र का उदय होना जरूरी

**वाराणसी।** वैवाहिक लग्न के लिए अब लोगों को नये साल 2023 का इंतजार करना पड़ेगा। वजह दिसम्बर 2022 में अब वैवाहिक लग्न बहुत ही कम बचा है। 15 दिसम्बर के बाद से खरमास शुरू हो जायेगा जो कि 15 जनवरी 2023 तक रहेगा। कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य करने से पहले हिंदू धर्म में शुभ मुहूर्त देखा जाता है। मान्यता है कि शुभ मुहूर्त में काम करने से विघ्न-बाधाएं नहीं आती हैं। माना जाता है कि शुभ मुहूर्त में विवाह करने से व्यक्ति का जीवन हमेशा खुशियां रहता है। भारतीय सनातन धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, विवाह आदि शुभ कार्यों के लिए शुक्र का उदय होना जरूरी है। 20 नवंबर 2022 से शुक्र उदय हो गए हैं। जिसके बाद मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। लेकिन, इस बार दिसंबर तक काफी कम मुहूर्त हैं। जिसके चलते मांगलिक कार्य के लिए लोगों को अगले साल यानी 2023 का इंतजार करना पड़ेगा।

## कब-कब है वैवाहिक लग्न

इस बार दिसम्बर 2022 तक 8, 9 व 14 दिसम्बर को वैवाहिक लग्न है। जनवरी 2023 में 26, 27 व 31 तथा फरवरी में 6,8,9,10, 15, 16, 17, व 22 को तथा मार्च में 8 मार्च को वैवाहिक लग्न है। इसके बाद मई में 2, 3, 10, 20, 21, 26, 28,29, 30 तथा जून में 5,6, 7,11,12, 23,25, 27 व 28 तथा दिसम्बर में 6 व 15 दिसम्बर 2023 को लग्न है। ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक शादी के वैवाहिक मुहुर्त में शुक्र व गुरु व चन्द्रमा का बल देखा जाता है। इस बार 2023 में अधिक मास भी पड़ रहा है। यह 17 जुलाई से 16 अगस्त तक रहेगा। इस अधिकमास का नाम इस बार श्रावण मास के रूप में रहेगा। वैसे भी जुलाई में देवशयनी एकादशी व चातुर्मास्य प्रारंभ हो जाता है। जिसमें शुभकार्य वर्जित बताये गये हैं। चातुर्मास्य में विवाह आदि वर्जित हैं। 29 जून 2023 से 23 नवम्बर 2023 त वैवाहिक कार्य नहीं होंगे। हिन्दू विवाह में तारीख तय करते समय मुहूर्त एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हिंदू धर्म में ऐसा माना जाता है कि अशुभ मुहूर्त में किए गए विवाह का अक्सर जोड़े पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए शादी-विवाह को शुभ मुहूर्त में ही किया जाना जरूरी है। विवाह में गुण मिलान का जितना महत्व है, उससे कहीं अधिक महत्व मुहूर्त का भी होता है। विवाह से पहले वर वधु की कुंडलियों को देखा जाता है।



# जयतु-जयतु लंकेश का विमोचन

## रावण की वैचारिक अवधारणा को प्रस्तुत करती किताब

### डॉ अंबिका प्रसाद गौड़ की कृति

**वाराणसी।** सुपरिचित लेखक डॉ अंबिका प्रसाद गौड़ की औपन्यासिक कृति जयतु जयतु लंकेश के रविवार को पराड़कर स्मृति भवन में लोकार्पण पर विद्वानों ने कहा कि यह उपन्यास रावण को अनावश्यक रूप से महिमामंडित करने का प्रयास नहीं है अपितु उन गलतियों से सीख लेने का एक धरातल है जो व्यक्ति,समाज और राष्ट्र को पतित होने से रोकता है। संयम,धैर्य और संतुलित रहते हुए किस प्रकार वांछित परिणाम की प्राप्ति की जा सकती है तथा चारित्रिक दोष से मुक्त रह कर किस प्रकार आत्मिक गुण धर्म से सकारात्मक वृत्ति से अपेक्षित परिणाम पाये जा सकते हैं,यह ग्रंथ उसी प्रक्रिया का जीवंत रूप है।

साहित्यकार डॉ जितेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि डॉ अंबिका प्रसाद गौड़ ने इस उपन्यास द्वारा जिस प्रकार रावण को मुखर किया है, उससे अतीत के उस मौन को भंग कर दिया है, जिस पर अभी तक लोगों ने पूर्ण विराम लगा हुआ माना था। समीक्षक डॉ रामसुधार सिंह ने कहा कि लेखक ने वाल्मीकि रचित रामायण और तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस के अदृश्य तथा अबोले कथ्य को दृश्यमान कर दिया है। अबतक राम के दृष्टिकोण से कही जाती कथा के विपरीत रावण के पक्ष में बोलने का यह अनूठा प्रयास है। प्रोफेसर श्रद्धानंद ने कहा कि लंकेश की वैचारिक अवधारणा यह उपन्यास व्यक्त करता है।

रावण के उज्ज्वल पक्ष को उठाया गया है। यह मनोविश्लेषणात्मक उपन्यास है। कथा लेखिका डॉ मुक्ता ने कहा कि इस उपन्यास में कल्पना, इतिहास और मिथक का संगम है। राम के वैशिष्ट्य को बनाये रखते हुए रावण को प्रस्तुत किया गया है। उपन्यास के संबंध में मंतव्य रखते हुए डॉ गौड़ ने स्वागत, साहित्यकार डॉ अत्रि भारद्वाज ने संचालन और साहित्यकार डॉ देवेन्द्र कुमार सिंह ने आभार जताया।



## समाज सुधारकों पर आधारित प्रश्नोत्तरी

### काशी तमिल संगमम

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी में रविवार को स्वतंत्रता सेनानियों और समाज सुधारकों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के महिला महाविद्यालय से आई हुई छात्राओं और स्वामी विवेकानंद एकादमी मिर्जापुर से आए छात्र -छात्राओं को स्वतंत्रता सेनानियों,समाज सुधारकों, कवि, रचनाकार और देश के महापुरुषों के जीवन में उनके बलिदान और योगदान पर चर्चा की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कांजीवरम साड़ी, बनारसी सिल्क साड़ी,गिरिजा देवी, भारत छोड़ो आंदोलन, मुंशी प्रेम चंद, चंपारण सत्याग्रह, सुभाषचंद्र बोस आदि पर रोचक और ज्ञानवर्धक सवाल पूछे गए विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ सवालों का जवाब दिया। कार्यक्रम में महिला महाविद्यालय बीएचयू की श्रेया,कोमल,वैष्णवी, आयुषी, अंजली और स्वामी विवेकानंद एकादमी मिर्जापुर के शुभम, जान्हवी,रितिका, श्रेया सिंह और शुभम पटेल को तमिलनाडु के मदुरई से काशी तमिल संगमम में आए योग शिक्षक वी. राजारमन और बरेका वाराणसी प्रदर्शनी देखने आयीं श्रीमती कल्याणी ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी वाराणसी डॉ. लालजी और क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी आजमगढ़ तारिक अजीज ने किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक के साथ तमिलनाडु से अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# स्निग्धा सिन्हा ने भरतनाट्यम से मोहा

### संगीत संध्या : दीनदयाल हस्तकला संकुल बड़ालालपुर में आयोजन

**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, वाराणसी में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए- बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में बैंगलोर की कलाकार श्रीमति स्निग्धा सिन्हा ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति कर सभी को भावविभोर कर दिया। नृत्य का आरम्भ विष्णु वंदना से हुआ। इसके बाद श्रीराम चंद्र कृपालु भजन की प्रस्तुति सम्पन्न हुई। इसके अलावा मीरा भजन में द्रौपदी चीर हरण, प्रहलाद- हिरण्यकश्यप की झांकी देखने को मिली। समापन में बनारस के नाम ठुमरी पर भरतनाट्यम की प्रस्तुति की गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ दीन दयाल हस्तकला संकुल के संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कलाकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच संचालन श्रीमती ललिता शर्मा ने किया।




# अभी ऊ जजमान नाही आयल हव...




राधेश्याम कमल

शहर के प्रमुख चौराहे में से एक गोदौलिया चौराहे पर कुछ युवाओं की टोली जमा थी। सभी किसी पार्टी के लिए किसी को मुर्गा बनाने की फिराक में थे। तभी उनमें से एक के पास किसी का मोबाइल आया कि कहां हउवा। इस पर उसने तपाक से जवाब देते हुए कहा कि तू जहां हउवा वहीं रुकल रहा अभी ऊ जजमान नाही आयल हव। इस पर फोन पर सामने वाले ने कहा कि कइसन जजमान क बात करत हउवा। कइसन जजमान। तब जवाब में युवक ने कहा कि अरे यार आज जेकर जन्मदिन हव वही त जजमान हव। ओवे आवे के बाद आगे क रास्ता तय होई। इस बीच सभी प्रोग्राम के लिए सभी मित्र एकत्र तो हुए लेकिन वह मुर्गा (जजमान) नहीं आया। इस पर सभी ने तय किया कि आज त मुर्गा नाही फसल चला आपन पइसा मिला के रेस्टोरेंट में आनंद लेवल जाय।

## हम कोई के घरे भोजन पर नाही बुलाइला

शहर के एक संगीतकार ने अपने जन्मदिन के मौके पर कुछ लोगों को घर पर भोजन के लिए आमंत्रित किया। अब संगीतकार के घर पर सुबह से ही उनकी पत्नी व परिवार के अन्य लोग विशिष्ट प्रकार के व्यंजन तैयार करके दोपहर से ही आने वालों की प्रतीक्षा करने लगे। लेकिन संगीतकार ने जिन लोगों को आमंत्रित किया था वह समय से नहीं पहुंचे। अब संगीतकार और उनके परिवार के लोग काफी परेशान थे कि अभी तक कोई घर पर नहीं आया। संगीतकार आमंत्रित लोगों को फोन करके पूछते रहे कि-कहां हउवा अभी तक अइला नाही। देखा हम लोग अभी तक कुछ खइले नाही हई। यही लिए हम कोई के घरे पर भोजन के लिए नाही बुलाइला। देखा चूड़ा मटर, छोला भटूरा, दही बड़ा, दही बुंदिया सब ठंडा हो गयल।

## इ का पंचाइत चलत हव

दशाश्वमेधघाट पर पिछले दिनों नौका संचालन को लेकर नाविकों की महापंचायत चल रही थी। घाट के किनारे गंगा में छोटी-बड़ी नावों पर नाविकों की नाव संचालन को लेकर महापंचायत चल रही थी। घाट के किनारे पुलिसकर्मी मूकदर्शक बन कर खड़े रहे। घाट पर जो भी बाहर से तीर्थयात्री आ रहे थे उनके लिए यह थोड़ा बहुत कौतुहल का विषय था। लोग आपस में यह भी चर्चा कर रहे थे कि यहां क्या चल रहा है। घाट पर आने वाले लोगों में स्थानीय लोग भी तमाशबीन बने थे। झुंड में से किसी ने जोर से आवाज लगायी-इ का पंचाइत चलत हव। अरे इ पंचायत से कुछ होवे वाला नाही हव। पंचाइत खतम सब काम खतम। चला सब कोई आपन-आपन काम करा।